

कांग्रेस ने घुसपैठियों को सौंप दिया था काजीरंगा राजग ने बचाया : अमित शाह - 12



पेट्रोरसायन उत्पादों पर आयात शुल्क में छूट, 1800 करोड़ का पड़ेगा बोझ - 12



यशोदा और कृष्ण... राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 167.20 करोड़ रुपये में बिकी - 13



पंजाब किंग्स के खिलाफ लय हासिल करना चाहेगी सीएसके - 14


आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.58
सूर्यास्त 06.27

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 08:42 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 222, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# बंगाल में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाना सोचा-समझा कदम : सुप्रीम कोर्ट

## निष्क्रियता के लिए बंगाल सरकार को फटकारा, सीबीआई या एनआईए से जांच के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मालदा में सात न्यायिक अधिकारियों का घेराव कर उन्हें बंधक बनाने की गुरुवार को निंदा करते हुए निष्क्रियता को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही सीबीआई या एनआईए से मामले की स्वतंत्र जांच कराए जाने का आदेश दिया। कोर्ट ने तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह घटना राज्य प्रशासन की पूर्ण विफलता को भी उजागर करती है। उसने टिप्पणी की कि बंगाल सबसे अधिक ध्रुवीकरण वाला राज्य है।

कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह राज्य में पर्याप्त केंद्रीय बलों की मांग करे और उन्हें उन सभी स्थानों पर तैनात करे जहां मतदाता सूचियों की एसआईआर प्रक्रिया के तहत न्यायिक अधिकारी आपत्तियों का निपटारा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया जाता है कि वह घटना की जांच/पड़ताल किसी स्वतंत्र एजेंसी यानी सीबीआई या एनआईए को सौंपे। अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की जाए। जिस एजेंसी को जांच सौंपी जाएगी, वह सीधे इस न्यायालय में प्रारंभिक रिपोर्ट दाखिल करने के लिए बाध्य होगी। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने राज्य के मुख्य सचिव डीजीपी तथा मालदा के जिलाधिकारी और एसएसपी को कारण बताओ नोटिस जारी कर यह बताने को कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से प्राप्त पत्र की सामग्री के आलोक में उनके खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई क्यों न की जाए।



- राज्य के गृह सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों से मांगा जवाब
- बंगाल के शीर्ष अधिकारियों को 6 अप्रैल तक ऑनलाइन पेश होने का निर्देश
- सीजेआई ने कहा- बुधवार रात 2 बजे तक उन्हें खुद स्थिति पर नजर रखनी पड़ी
- मालदा के डीएम-एसपी मौके पर क्यों नहीं गए, ये अदालत को चुनौती जैसा

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र का भी संज्ञान लिया जिसमें उस भयावह रात का ब्योरा दिया गया है जब तीन महिलाओं और पांच साल के एक बच्चे समेत न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे से अधिक समय तक लोगों की भीड़ ने बंधक बनाकर रखा तथा इस दौरान उन्हें भोजन एवं पानी तक नहीं मिला। बंगाल के महाधिवक्ता ने दलील दी कि मामले में निर्वाचन आयोग को विरोधी पक्ष की तरह काम नहीं करना चाहिए। सीजेआई ने कहा, दुर्भाग्य से आपके राज्य में हर व्यक्ति राजनीतिक भाषा बोलता है। आप हमें टिप्पणियां करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। क्या आपको लगता है कि हमें यह नहीं पता कि उपद्रवी कौन हैं? मैं रात दो बजे तक हर चीज पर नजर रख रहा था। बहुत, बहुत दुर्भाग्यपूर्ण।

सीजेआई ने सभी शीर्ष अधिकारियों को उस समय छह अप्रैल को ऑनलाइन पेश होने का निर्देश दिया जब पीठ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से दायर याचिका समेत विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

### सीजेआई ने कई चौकाने वाले खुलासे किए

मामले की सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश ने चौंकाने वाले घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि अपराह्न साढ़े तीन बजे घेराव शुरू हुआ और उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल ने तत्काल राज्य प्राधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी। उन्होंने कहा कि इसके बाद बार-बार गुहार लगाए जाने के बावजूद रात साढ़े आठ बजे तक राज्य के अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आदेश में कहा गया, बाद में रजिस्ट्रार जनरल ने गृह सचिव और डीजीपी से संपर्क किया, शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। न्यायिक अधिकारियों को भोजन और पानी तक उपलब्ध नहीं कराया गया। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को खुद हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्होंने गृह सचिव एवं डीजीपी के साथ ग्रुप कॉल के जरिए बात की। गृह सचिव और डीजीपी मुख्य न्यायाधीश के आवास पर पहुंचे और बंधक बनाए गए न्यायिक अधिकारियों को आधी रात के बाद छुड़ाया गया।

### कोर्ट के प्राधिकार को भी चुनौती देने वाला कदम

कोर्ट ने कहा- बुधवार की घटना न केवल न्यायिक अधिकारियों को डराने-धमकाने की सरेआम की गई कोशिश है, बल्कि यह इस न्यायालय के प्राधिकार को भी चुनौती देने के बराबर है। यह कोई सामान्य घटना नहीं है। प्रथम दृष्टया यह न्यायिक अधिकारियों का मनोबल तोड़ने के लिए सुनियोजित तरीके से उठाया गया सोचा-समझा कदम है। पीठ ने यह सुनिश्चित करने के लिए भी कई निर्देश जारी किए कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान न्यायिक अधिकारियों के काम में कोई बाधा न आए और उन्हें यह भरोसा दिलाया जा सके कि उनके जीवन, स्वतंत्रता, संपत्ति और परिवार के सदस्यों की सुरक्षा की जाएगी।

### वाहनों पर पथराव व लाठियों-ईंटों से हुआ हमला

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों को बचाए जाने के बाद भी उनके वाहनों पर पथराव किया गया और उन पर लाठियों तथा ईंटों से हमला किया गया। यह देखकर हमें बेहद निराशा हुई कि मुख्य सचिव से संपर्क नहीं हो सका उन्हें कोई संदेश नहीं पहुंचाया जा सका। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, रात 11 बजे तक आपका जिलाधिकारी वहां नहीं था। मुझे रात में बहुत कड़े मौखिक निर्देश देने पड़े। कुछ वकीलों ने जब इस घटना को सामान्य विरोध प्रदर्शन करार देने की कोशिश की तो प्रधान न्यायाधीश ने कड़ी नाराजगी जताई।

# ट्रंप-जल्द काम खत्म करेगी अमेरिकी सेना ईरान-जमीनी हमला हुआ तो जिंदा नहीं छोड़ेंगे

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ईरान में जल्द ही काम खत्म कर देगी क्योंकि मुख्य रणनीतिक उद्देश्य पूरे होने वाले हैं। ट्रंप ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमले करने के करीब एक महीने बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में अपने इस कदम का बचाव किया। अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर 28 फरवरी, 2026 को पहली बार हमला किया था जिसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की और पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू हो गया।

वहीं, ईरान ने संभावित जमीनी अभियान को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सेना ने जमीनी हमला करने की कोशिश की तो कोई भी जीवित नहीं बचेगा। ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। ट्रंप ने ईरान के खिलाफ हमलों के संदर्भ में कहा, अगले दो से तीन सप्ताह में हम उन पर बेहद कड़ा प्रहार करेंगे। हम उन्हें पाषाण युग में भेज देंगे, जहां उन्हें वास्तव में होना चाहिए। ट्रंप ने लगभग 20 मिनट के इस संबोधन में हाल के हफ्तों में कही गई अपनी कई बातों को दोहराया। ईरान पर अमेरिका के कड़े हमले जारी रखने संबंधी ट्रंप की टिप्पणियों के बाद तेल की कीमतों में चार प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई और एशियाई शेयर बाजार गिर गए। ट्रंप ने कहा, प्रथम विश्व युद्ध एक साल, सात महीने और पांच दिन चला था। द्वितीय विश्व युद्ध तीन साल, आठ महीने और 25 दिन तक जारी रहा था। उन्होंने कहा कि तुलनात्मक रूप से ईरान में कार्रवाई 32 दिन तक चली है, और यह इतनी शक्तिशाली, इतनी शानदार रही है कि सबसे शक्तिशाली देशों में शामिल देश अब वास्तव में कोई खतरा नहीं है। ट्रंप ने कहा, पिछले सप्ताह सशस्त्र सैन्य बलों ने युद्धक्षेत्र में कई तेज, निर्णायक और जबरदस्त जीत हासिल की हैं। बी-2 बमवर्षक विमानों से जिन परमाणु ठिकानों को हमने ध्वस्त किया है।



- युद्ध के बीच अपने पहले संबोधन में बोले- मुख्य रणनीतिक लक्ष्य पूरे होने के करीब
- कहा- समझौता नहीं हुआ दो से तीन सप्ताह में बेहद कड़ा प्रहार करेंगे, पाषाण युग में भेज देंगे

### ईरान बोला- इजराइल अमेरिका पर हमारी नजर

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों के प्रमुख आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजराइल की गतिविधियों पर पल-पल नजर रखने के निर्देश दिए हैं। हतामी ने कहा कि यदि दुश्मन जमीनी कार्रवाई करता है तो एक भी व्यक्ति को जीवित नहीं बचेगा। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ तीन सप्ताह तक चलने वाले तीव्र सैन्य अभियान की घोषणा की है। वहीं विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका से संदेश मिलने के बावजूद बातचीत को लेकर भरोसा शून्य बना हुआ है।

### ईरान ने इजराइल व खाड़ी देशों पर किए मिसाइल हमले



**दुबई।** ईरान ने गुरवार को इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर और मिसाइलें दागकर यह संकेत दिया कि वह फिलहाल हमले नहीं रोकेगा जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान से खतरा लगभग खत्म हो चुका है और युद्ध जल्द खत्म हो जाएगा। पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों और होर्मुज पर उसके नियंत्रण से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है, जिसका असर पश्चिम एशिया के साथ-साथ दुनियाभर में देखा जा रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### रुपया 152 पैसे की तेजी के साथ 93.18 रुपये प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में गुरुवार को रुपया 152 पैसे की जबरदस्त तेजी के साथ 93 .18 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। मुद्रा बाजार में दो दिन के अवकाश के बाद गुरुवार को कारोबार शुरू हुआ। इन दो दिनों के वैश्विक कारकों का असर भारतीय मुद्रा पर साफ दिखा। इसकी शुरुआत की सात पैसे की बढ़त में 94 .63 रुपये प्रति डॉलर पर हुई, और खुलते ही यह 93 .50 रुपये प्रति डॉलर के करीब पहुंच गया। एक समय यह 92 .82 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ था। अंत में 93 .18 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 15 .25 पैसे की बढ़त में 94 .70 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, 10 सेल्फ-लोडिंग हथियार बरामद

**पटियाला।** पटियाला पुलिस ने गुरुवार को एक अंतर-राज्यीय अवैध हथियार आपूर्ति मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 अत्याधुनिक सेल्फ-लोडिंग हथियार बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में सौरभ कुमार निवासी गाँव जरंग डीह, मुजफ्फरपुर, बिहार मुख्य सरगना था।

# लोकसेवकों को 'नागरिक प्रथम' मंत्र अपनाने की जरूरत : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने के लिए तेजी से बदलते समय के साथ शासन व्यवस्था को लगातार अद्यतन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज देश के प्रशासन का मूल मंत्र 'नागरिक देवो भवः' है और सार्वजनिक सेवा को नागरिकों की जरूरतों के प्रति अधिक सक्षम और संवेदनशील बनाने के लिए पुनर्गठित किया जा रहा है। मोदी ने 'साधना सप्ताह' कार्यक्रम की शुरुआत पर एक वीडियो संदेश में कहा, शासन को अब सही मायने में नागरिक-केंद्रित बनाकर एक नई पहचान दी जा रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नागरिकों के जीवन की सुगमता और गुणवत्ता में सुधार के लिए शासन व्यवस्था ही मानदंड होनी चाहिए और उन्होंने लोक सेवकों से प्रतिदिन कुछ नया सीखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमारी शासन व्यवस्था यह सुनिश्चित करे कि नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में दिन-प्रतिदिन सुधार हो। यही हमारा सच्चा मानदंड है। प्रशासनिक संस्कृति में बुनियादी बदलाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पुरानी व्यवस्था में अधिकारी होने पर अत्यधिक जोर दिया जाता था, जबकि आज देश का ध्यान पूरी तरह कर्तव्य भावना पर केंद्रित है।

उन्होंने लोकसेवकों को संबोधित करते हुए कहा, हर निर्णय से पहले यदि आप यह सोचें कि आपका कर्तव्य क्या मांगता है, तो आपके निर्णयों का प्रभाव खुद कई गुना बढ़ जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और उसे अपनी शासन प्रणाली को लगातार अद्यतन करते रहना होगा।



- कहा-तेजी से बदलते समय के साथ शासन व्यवस्था को लगातार विचार करने की जरूरत
- 'साधना सप्ताह' कार्यक्रम की शुरुआत पर एक वीडियो संदेश में दी जानकारी

### बेहतर प्रशासक और लोकसेवक वही होगा जो तकनीक और डेटा की गहरी समझ रखता हो

मोदी ने कहा, एक बेहतर प्रशासक और बेहतर लोकसेवक वही होगा, जो तकनीक और डेटा की गहरी समझ रखता हो, यही निर्णय लेने की प्रक्रिया का आधार बनेगा। साधना (राष्ट्रीय उन्नति के लिए अनुकूल विकास और मानवीय योग्यता को मजबूत करना) सप्ताह का आयोजन क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) द्वारा दो से आठ अप्रैल तक किया जा रहा है। यह सप्ताह भारत के सिविल सेवा तंत्र में सबसे बड़े सहयोगी क्षमता निर्माण प्रयासों में से एक है। आयोग की स्थापना की पृष्ठभूमि पर विचार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से कई संस्थान अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे थे, लेकिन प्रत्येक सरकारी कर्मचारी की क्षमता बढ़ाने के लिए एक समर्पित संस्था की स्पष्ट आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी सोच ने क्षमता विकास आयोग को जन्म दिया, जो व्यवस्था में प्रत्येक 'कर्मयोगी' को सशक्त बनाने पर केंद्रित है।

# होर्मुज संकट पर 35 देश करेंगे बैठक, भारत होगा शामिल

- ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली समेत 35 देशों ने किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली/ लंदन, एजेंसी

ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमलों के बाद बंद किए गए महत्वपूर्ण जहाज मार्ग होर्मुज जलडमरुमध्य को खुलवाने के लिए कूटनीतिक व राजनीतिक दबाव बनाने को लेकर गुरुवार को 35 से अधिक देशों की बैठक करेंगे। ब्रिटेन ने भारत को बातचीत में शामिल का निमंत्रण भेजा है। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैठक में भारत शामिल होगा। इस बैठक में हिस्सा लेने वाले देशों में अमेरिका शामिल नहीं है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के यह स्पष्ट करने के बाद यह बैठक होगी कि जलमार्ग खुलवाना अमेरिका का काम नहीं है। ट्रंप ने अमेरिका के यूरोपीय सहयोगियों की भी आलोचना करते हुए कहा है कि उन्होंने युद्ध का समर्थन नहीं किया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कहा कि विदेश मंत्री यवेट कूपर की अध्यक्षता में डिजिटल माध्यम से आयोजित होने वाली इस बैठक में हम सभी संभव कूटनीतिक और राजनीतिक उपायों का मूल्यांकन करेंगे ताकि आवागमन की स्वतंत्रता बहाल हो सके, फंसे हुए जहाजों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और महत्वपूर्ण वस्तुओं के परिवहन को फिर से शुरू किया जा सके। इस बीच, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा, जापान और यूएई समेत कुल 35 देशों ने एक साझा बयान पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें उन्होंने ईरान से होर्मुज जलडमरुमध्य को अवरुद्ध करने के प्रयास बंद करने का अनुरोध किया है।



ब्रिटेन में होर्मुज खोलने के तरीकों पर करते अधिकारी।

### होर्मुज को फिर से खोलने का सैन्य विकल्प अवास्तविक : मैक्रों

**सियोल।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि उनका मानना है कि सैन्य अभियान के जरिए होर्मुज को फिर से खोलना अवास्तविक है। मैक्रों ने दक्षिण कोरिया में पत्रकारों से कहा, कुछ लोग सैन्य अभियान के जरिए बलपूर्वक होर्मुज को फिर से खोलने की वकालत करते हैं। अमेरिका ने कई बार यह रुख जाहिर किया है। सैन्य अभियान में बहुत समय लगेगा और हर एक को ईरानी खतरों का सामना करना पड़ेगा, जिनके पास बैलिस्टिक मिसाइलें और कई अन्य हथियार मौजूद हैं।

### एक्सप्रेस-वे के टोल दरों में बढ़ोतरी

**लखनऊ।** उप्र में 1 अप्रैल से एक्सप्रेस-वे पर सफर महंगा हो गया है। प्राधिकरण ने टोल दरों में बढ़ोतरी की जानकारी दी है। नई दरों के अनुसार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर दोपहिया, तीनपहिया और पंजीकृत ट्रैक्टर के टोल में 5 रुपये की वृद्धि की गई है। वहीं कार और जीप के लिए 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी भारी वाहनों पर हुई है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सात चक्के वाले बड़े वाहनों के टोल में 85 रुपये तक की वृद्धि की गई है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बस-ट्रक के टोल में 15 रुपये और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर पांच रुपये की बढ़ोतरी की गई है

### कोयला घोटाला : आई-पैक के अधिकारियों व विजय नायर के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

- आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी हैं विजय नायर

**नई दिल्ली।** ईडी ने बंगाल में कोयला घोटाला मामले में राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के एक अधिकारी, आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर गुरुवार को नए सिरे से छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि ये छापेमारी पीएमएलए के तहत बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु में आई-पैक के सह-संस्थापक और निदेशक ऋषि राज सिंह का परिसर और मुंबई में नायर का परिसर भी इसके दायरे में आते हैं। संघीय जांच एजेंसी ने जनवरी में इस मामले में आई-पैक कार्यालय और इसके संस्थापक एवं निदेशकों में से एक प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास पर छापेमारी की थी।

# प्रदेश में छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों को दूसरा मौका, फिर खुलेगा पोर्टल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2025-26 सत्र के छूटे छात्रों को दोबारा आवेदन का अवसर
- सामान्य, एससी-एसटी व ट्रांसजेंडर छात्रों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने छात्र-छात्राओं के हित में बड़ा फैसला लेते हुए छात्रवृत्ति से वंचित रह गए विद्यार्थियों को दूसरा मौका देने का निर्णय लिया है। योगी के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग जल्द ही शैक्षिक सत्र 2025-26 की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के लिए पोर्टल दोबारा खोलेगा।

इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र छात्र तकनीकी या अन्य कारणों से योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। योजना का लाभ सामान्य वर्ग, एससी, एसटी के साथ-साथ ट्रांसजेंडर समुदाय के विद्यार्थियों को भी मिलेगा। समाज कल्याण विभाग के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी पोर्टल दोबारा खोला गया था। इस दौरान 53,041 छात्रों को 81.12 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान की गई। इनमें 25,395 एससी छात्रों को 30.65 करोड़ रुपये और 27,646 सामान्य वर्ग के छात्रों को 50.47 करोड़ रुपये की सहायता दी गई थी।

### हर छात्र तक पहुंचे लाभ, सरकार का लक्ष्य

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र को आर्थिक कारणों से पढ़ाई बीच में न छोड़नी पड़े, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह पहल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी विकास को बढ़ावा देगी, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी मददगार साबित होगी। इससे हजारों छात्रों को अपनी पढ़ाई जारी रखने का नया अवसर मिलेगा।

जनता दर्शन

मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में लोगों की सुनीं समस्याएं, संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

# जरूरतमंद को आवास व बीमार के इलाज की होगी व्यवस्था : योगी

- समस्या के समयबद्ध व संतुष्टिपरक निस्तारण के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को आवास और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया।

जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से सीधे संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने उनके प्रार्थना पत्र लिए और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस से जुड़े मामलों में सख्त और त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। एक महिला द्वारा आवास की समस्या रखने पर मुख्यमंत्री ने उसे सरकारी योजना के तहत आवास दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं इलाज के लिए सहायता मांगने वालों से कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंदों के इलाज का इस्टीमेट शीघ्र तैयार कर सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट देकर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित भी किया।



गोरखनाथ मंदिर में लोगों से मुलाकात कर समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### सिंगापुर के उच्चायुक्त ने योगी से की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ।** सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश और सिंगापुर के मध्य निवेश, कौशल विकास, आधारभूत संरचना तथा सांस्कृतिक सहयोग को और सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई। वोंग ने फरवरी में मुख्यमंत्री की सिंगापुर यात्रा को सफल बताते हुए कहा कि उनकी यात्रा ने सकारात्मक संदेश दिया है।

न्यूज ब्रीफ

## वाराणसी में 'सम्राट विक्रमादित्य' महानाट्य का मंचन आज से

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार से दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे, जहां वे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ 'सम्राट विक्रमादित्य' महानाट्य का शुभारंभ करेंगे। बीएलडब्ल्यू मैदान में 3 से 5 अप्रैल तक आयोजित इस महानाट्य का उद्देश्य भारत के गौरवशाली इतिहास, विक्रम संवत की वैज्ञानिकता और प्राचीन परंपराओं से जनमानस को जोड़ना है। करीब 1 घंटे 45 मिनट की प्रस्तुति में 175 से अधिक कलाकार भाग लेंगे। इस अवसर पर बाबा विश्वनाथ को वैदिक घड़ी समर्पित की जाएगी, जो भारतीय काल गणना की परंपरा को आधुनिक स्वरूप में प्रस्तुत करेगी। आयोजन स्थल पर ज्ञानवर्धक प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार शाम कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह आयोजन उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है।

## जगजीवन राम की जयंती 'समता दिवस' के रूप में मनाएगी कांग्रेस



प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस पार्टी पूर्व केंद्रीय नेता बाबू जगजीवन राम की जयंती (5 अप्रैल) को 'समता दिवस' के रूप में मनाएगी। इसके तहत 4 अप्रैल को लखनऊ स्थित कांग्रेस कार्यालय में संगोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मीरा कुमार शामिल होंगी। कार्यक्रम की जानकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिसके लिए बाबू जगजीवन राम का योगदान देश के इतिहास में महत्वपूर्ण रहा है। इस दौरान अजय राय ने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है और सरकार वास्तविक स्थिति को छुपा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आने वाले समय में हालात और गंभीर हो सकते हैं। आईएएस रिंकू सिंह राही के इस्तीफे के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जो अधिकारी गलत कार्य नहीं करना चाहते, वे पद छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। साथ ही स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इसे नहीं रोका गया तो कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन और घेराव करेगी।

# मदरसों में मिड-डे-मील में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच के निर्देश

- मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण की निदेशक ने सभी जिलाधिकारियों को भेजा पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार से अनुदानित मदरसों में संचालित मिड-डे मील योजना में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कराई जाएगी।

इस संबंध में मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण की निदेशक मोनिका रानी ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर समग्र जांच कराने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई अखिल भारतीय पसमांदा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर मो. तलहा अंसारी की शिकायत के आधार पर की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रदेश के 558 अनुदानित मदरसों में मिड-डे मील योजना के संचालन में व्यापक स्तर पर अनियमितताएं हो रही हैं।

निदेशक ने जिलाधिकारियों से कहा है कि शिकायत में उल्लिखित बिंदुओं की गंभीरता से जांच कर तथ्यों के आधार पर विस्तृत आख्या शासन को भेजी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी हो, ताकि योजना का लाभ पात्र छात्रों तक सही तरीके से पहुंच सके। निर्देश के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि जांच के दौरान मदरसों के संचालन, खाद्यान्न वितरण, उपस्थिति रजिस्टर और वित्तीय लेनदेन की गहन पड़ताल की जाएगी।

# बांग्लादेश से आए 331 हिंदू परिवारों को मिला ठिकाना

- लखीमपुर की तीन तहसीलों के चार गांवों में बसाए गए परिवार खेती के लिए दी गई जमीन
- पीएम आवास, किसान सम्मान निधि समेत कई योजनाओं का मिल रहा लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बांग्लादेश से विस्थापित होकर आए 331 हिंदू परिवारों को लखीमपुर खीरी जिले की विभिन्न तहसीलों में बसाकर उन्हें स्थायी जीवन का आधार दिया गया है। इन परिवारों का पुनर्वास धौरहरा, मोहम्मदी और गोला तहसील के चार गांवों में किया गया है, जहां वे अब स्थायी रूप से निवास कर रहे हैं।

प्रशासन के अनुसार, धौरहरा तहसील के सुजानपुर गांव में 97 परिवार, मोहम्मदी तहसील के मोहनपुर ग्रन्ट में 41 और मियांपुर में 156 परिवारों को बसाया गया है, जबकि गोला तहसील के ग्रन्ट नंबर-3 में 37 परिवारों को आवास उपलब्ध कराया गया है। इन परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि भूमि भी आवंटित की गई है। गोला तहसील में प्रति परिवार लगभग 3 एकड़ जमीन दी गई, जबकि सुजानपुर में परिवारों को औसतन 0.607 से 1.620 हेक्टेयर भूमि मिली। मोहम्मदी तहसील में परिवारों को 3 से 7 एकड़ तक जमीन का पट्टा दिया गया है। वहीं मियांपुर में प्रत्येक परिवार को औसतन 4.75 एकड़ भूमि दी गई है, जिससे वे खेती कर आजीविका चला रहे हैं।

इन परिवारों को केवल जमीन ही नहीं, बल्कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से भी जोड़ा गया है। पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, पेंशन योजनाएं और सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ मिल रहा है। इसके अलावा गांवों में राशन वितरण, टीकाकरण, मनरेगा, मिड-डे मील, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि सभी 331 परिवारों को व्यवस्थित रूप से बसाया गया है और उन्हें कृषि भूमि के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर जीवन जी सकें।

# कांग्रेस ने 'वंदे मातरम' का किया था विरोध

### स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री बोले- आकाशवाणी बना जनजागरण का मजबूत माध्यम, आज भी जनविश्वास का प्रतीक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आकाशवाणी ने आजादी की लड़ाई और जनजागरण का अहम भूमिका निभाई। उन्होंने वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई के इस मंत्र को लेकर 1924 में कांग्रेस के अधिवेशन में मो. अली जौहर ने विरोध किया। 13 साल बाद कांग्रेस ने वंदे मातरम के पहले दो छंद गाए जाने का निर्णय लिया। आकाशवाणी लखनऊ में 'वंदे मातरम' का 1938 से नियमित प्रसारण हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को आईजीपी में आकाशवाणी लखनऊ के 89वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पद्म पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों और आकाशवाणी के वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को सम्मानित भी किया। योगी ने कहा कि आकाशवाणी ने हमेशा निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा के साथ देश को दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जहां आज मीडिया पर कई तरह के सवाल उठते हैं, वहीं आकाशवाणी ने कभी पीत पत्रकारिता का सहारा नहीं लिया और "जो जैसा है, वैसा" प्रस्तुत करने का साहस दिखाया। योगी ने अपने बचपन को याद करते हुए कहा कि उस समय स्मार्टफोन या टीवी नहीं थे और देश-दुनिया की जानकारी का सबसे भरोसेमंद माध्यम आकाशवाणी ही था। उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी भाषा को शुद्ध करने के लिए आकाशवाणी सुनने की सलाह दी जाती थी, क्योंकि इसके उद्घोषकों की भाषा और प्रस्तुति आदर्श मानी जाती थी।

उन्होंने कहा कि आकाशवाणी ने हिंदी के साथ-साथ भोजपुरी, अवधी, गढ़वाली और कुमाऊंनी जैसी बोलियों के माध्यम से समाज को जोड़ने का काम किया। यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और लोककलाओं के संरक्षण का सशक्त मंच रहा है। सीएम ने कहा कि आकाशवाणी देश के अनेक ऐतिहासिक पड़ावों, स्वतंत्रता आंदोलन, आपातकाल और सांस्कृतिक आंदोलनों का साक्षी रहा है।

आज भी प्रधानमंत्री के 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए यह समाज को प्रेरित करने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि बदलते समय के साथ आकाशवाणी नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेगा और युवाओं, किसानों, कलाकारों व साहित्यकारों के लिए मजबूत मंच बना रहेगा।

कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन, कार्यक्रम प्रमुख सुमोना पांडेय आदि की मौजूदगी रही। संचालन आत्म प्रकाश मिश्र ने किया।




आकाशवाणी लखनऊ के 89वें स्थापना दिवस पर पद्म पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों और वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

## मुख्यमंत्री ने पद्म विभूतियों और वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को किया सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकाशवाणी लखनऊ के 89वें स्थापना दिवस पर पद्म पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों और वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ये सम्मान केवल व्यक्तियों का नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति उनके योगदान का है। उन्होंने वरिष्ठ प्रसारकों को "नींव के पत्थर" बताते हुए कहा कि इन्हीं के प्रयासों से आकाशवाणी जैसी संस्थाएं मजबूत बनी हैं। मेरा सौभाग्य है कि 88 वर्ष की शानदार यात्रा के समारोह में पद्म पुरस्कार से सम्मानित होने वाली यूपी की विभूतियों और आकाशवाणी के कार्यक्रमों में प्रस्तुतियां या संवर्धन देने वाले विभूतियों को सम्मानित करने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम में साहित्यकार विद्या बिंदु सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पं. हृदय नारायण दीक्षित (सम्मान उनके परिजनों ने ग्रहण किया), प्रो. सोनिया नित्यानंद, लोकगायिका मालिनी अवस्थी, पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा, रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी, प्रगतिशील किसान रामशरण वर्मा, चिकित्सक डॉ. सुनील प्रधान सहित कई विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. केके ठकराल, प्रो. नवजीवन रस्तोगी, प्रो. शादाब मोहम्मद, एथलीट सुधा सिंह और एसएस सरकार को भी सम्मान मिला।

मुख्यमंत्री ने आकाशवाणी के वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों सुशील रॉबर्ट बनर्जी, सतीश कुमार ग्रोवर, यज्ञदेव पंडित, विजय कुमार बनर्जी, रज्जन लाल, नवनीत मिश्र, भोलानाथ और केवल कुमार को भी सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आकाशवाणी ने दशकों तक समाज को जोड़ने, जागरूक करने और भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। ऐसे में इससे जुड़े कर्मयोगियों का सम्मान समाज के प्रति सम्मान व्यक्त करने जैसा है।

# रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म से यूपी बना निवेश का केंद्र

- सिंगापुर के उच्चायुक्त ने योगी से की मुलाकात, निवेश पर सहमति
- सिंगापुर का औद्योगिक प्रतिनिधिमंडल जल्द करेगा यूपी का दौरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच निवेश, कौशल विकास, आधारभूत संरचना और सांस्कृतिक सहयोग को और मजबूत बनाने पर सहमति बनीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के मंत्र के साथ तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर और लॉजिस्टिक्स हब निवेशकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

उच्चायुक्त वोंग ने मुख्यमंत्री की हालिया सिंगापुर यात्रा को सफल बताते हुए कहा कि सिंगापुर सहित आसपास के देशों का औद्योगिक जगत अब यूपी को निवेश के नए अवसरों के केंद्र के रूप में देख रहा है। उन्होंने प्रदेश में बीते वर्षों में कानून-व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास में हुए सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि सिंगापुर की कंपनियां यहां निवेश बढ़ाने की दिशा में सक्रिय हैं। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि सिंगापुर का एक बड़ा औद्योगिक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही उत्तर प्रदेश का दौरा करेगा और निवेश संभावनाओं का आकलन करेगा।

### पर्यटन और औद्योगिक क्षेत्रों में सहयोग पर जोर

दोनों पक्षों ने कुशीनगर और सारनाथ जैसे बौद्ध पर्यटन स्थलों की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए पर्यटन क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने पर भी सहमति जताई। साथ ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा, झांसी और वाराणसी समेत विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को आगे बढ़ाने की बात कही गई।



मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करते सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वांग।

# सोलर इंस्टॉलेशन में यूपी की बड़ी छलांग

- मार्च में रिकॉर्ड 52,729 इंस्टॉलेशन, क्षमता 1161 मेगावाट के पार
- अंतिम तिमाही में तेज रफ्तार 3.47 लाख रूफटॉप संयंत्र स्थापित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः प्रदेश ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 3,47,729 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए हैं। इस दौरान कुल स्थापित क्षमता 1161.756 मेगावाट तक पहुंच गई, जो प्रदेश की ग्रीन एनर्जी की दिशा में तेज प्रगति को दर्शाता है।



माहवार आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 में 15,836 इंस्टॉलेशन से शुरुआत हुई, जो मई में 18,509 और जून में 18,494 तक पहुंच गई। जुलाई में 29,850 इंस्टॉलेशन के साथ बड़ी छलांग दर्ज हुई और इसके बाद अगस्त-सितंबर में भी रफ्तार बनी रही। अक्टूबर में हल्की गिरावट के बाद नवंबर (30,894) और दिसंबर (31,164) में फिर तेजी देखने को मिली।

**अंतिम तिमाही में रिकॉर्ड उछालः** जनवरी 2026 में 33,314, फरवरी में 35,804 और मार्च में रिकॉर्ड 52,729 संयंत्र स्थापित किए गए। केवल मार्च में ही 173.84 मेगावाट क्षमता जुड़ी, जो किसी एक माह में अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है। यूपीनेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि अंतिम तिमाही में आई यह तेजी सरकार की नीतियों, सब्सिडी और प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। इससे उपभोक्ताओं को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध हो रही है।

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में यूपी अव्वल :** प्रदेश अब पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में देश का अग्रणी राज्य बन गया है। कुल मिलाकर प्रदेश में अब तक 4,48,233 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं, जिनसे प्रतिदिन 1524 मेगावाट से अधिक बिजली उत्पादन हो रहा है।

# बिजली से जुड़ी उपभोक्ता सेवाएं 16 घंटे रहेंगी बंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। पावर कॉर्पोरेशन की आईटी सेल की ओर से जारी सर्कुलर के अनुसार, राज्य में तीन अप्रैल रात 10 बजे से चार अप्रैल दोपहर दो बजे तक कुल 16 घंटे के लिए बिजली से जुड़ी सभी उपभोक्ता सेवाएं बंद रहेंगी। इस दौरान न तो ऑनलाइन और न ही ऑफलाइन माध्यम से बिजली बिल जमा किया जा सकेगा। साथ ही, प्रीपेड मीटर उपभोक्ता भी अपना मीटर रिचार्ज नहीं कर पाएंगे।

आईटी सेल के अधीक्षण अभियंता अरविंद सिंह ने यह सर्कुलर पूर्वांचल (वाराणसी), मध्यांचल (लखनऊ), पश्चिमांचल (मेरठ), दक्षिणांचल (आगरा) और केस्को (कानपुर) डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को भेजा है। सर्कुलर में बताया गया है कि इस अवधि में आरएमएस बिलिंग प्रणाली का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। जिसके चलते उपभोक्ता पोर्टल और यूपीपीसीएल कंज्यूमर ऐप पूरी तरह से बंद रहेंगे। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं के प्रीपेड मीटर में बैलेंस कम है, उन्हें सलाह दी गई है कि वे शुक्रवार से पहले ही रिचार्ज कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

# चुनाव आयोग की भूमिका संदिग्ध

- सपा प्रमुख ने यूपी उपचुनाव में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई न होने का लगाया आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि आयोग भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल और असम में चल रहे चुनावों में आयोग की भूमिका संदेह के घेरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी उपचुनाव में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ शिकायतों पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है।



सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

सपा मुख्यालय में गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि बंगाल में डीजीपी सहित कई बड़े अधिकारियों को हटाया गया, जबकि उत्तर प्रदेश में 2022 के चुनाव के दौरान ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी के उपचुनाव में जिन अधिकारियों ने गड़बड़ी की थी, उनके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अखिलेश यादव ने कहा कि बंगाल और असम के चुनाव समाप्त होने के बाद भाजपा के नेता उत्तर प्रदेश आएंगे, लेकिन इस बार प्रदेश में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अच्छे दिन का वादा किया था, लेकिन जनता को उसका लाभ नहीं मिला। आईएएस रिंकू सिंह राही के इस्तीफे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और ऐसे हालात में सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सिलेंडर संकट के पीछे भी भाजपा से जुड़े लोग हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा भी पूरा नहीं हुआ और किसान अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

बढ़ते कदम | बीते वित्तीय वर्ष में लखनऊ रेल मंडल ने दर्ज की कई उपलब्धियां

# ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग से यात्री सुविधाओं तक तेज विकास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने रेल संचालन में आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए 51.02 रूट किमी पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग (एबीएस) सफलतापूर्वक स्थापित की है।



बताया कि यह प्रणाली ट्रैक को छोटे-छोटे ब्लॉकों में विभाजित कर ट्रेनों की स्थिति का स्वतः पता लगाती है। जैसे ही कोई ट्रेन किसी ब्लॉक में प्रवेश करती है, पीछे का सिग्नल स्वतः लाल हो जाता है और ट्रेन के आगे बढ़ने पर क्रमशः पीला और हरा हो जाता है। इससे ट्रेनों के बीच सुरक्षित दूरी बनी रहती है और दुर्घटनाओं, विशेषकर रियर-एंड टक्कर की संभावना कम होती है। इस प्रणाली के कारण एक ही ट्रैक पर अधिक ट्रेनों का संचालन संभव हुआ है, जिससे लाइन क्षमता बढ़ी है और रेल यातायात अधिक सुगम बना है। इसके साथ ही गोरखपुर से लखनऊ मार्ग पर अगले वर्ष तक एबीएस प्रणाली पूरी हो जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि बादशाहनगर, ऐशबाग और गोण्डा जैसे प्रमुख केंद्रों का नवीनीकरण किया गया है। ऐशबाग स्टेडियम में हाई मास्ट लाइटिंग लगाई गई, जिससे अब दिन-रात खेल गतिविधियां संभव हैं। लखनऊ जंक्शन और कैबवे का सौंदर्यीकरण तथा आधुनिकीकरण भी किया गया है।

डिजिटल सुविधाओं को बढ़ावा देते हुए 34 स्टेशनों पर 80 एटीवीएम लगाए गए हैं। रेलवन ऐप के माध्यम से टिकट बुकिंग, पीएनआर स्टेटस, भोजन ऑर्डर जैसी सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। अनारक्षित टिकट पर 3 प्रतिशत छूट जैसी सुविधाएं यात्रियों को आकर्षित कर रही हैं।

### अमृत भारत स्टेशन योजना में तेजी

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कई स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की ओर से मण्डल के स्टेशनों (सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, स्वामी नारायण छपिया, रामघाट हाल्ट, गोला गोकरननाथ, मैलानी जं.) का लोकार्पण किया गया। साथ ही 4 स्टेशनों (लखीमपुर, तुलसीपुर, खलीलाबाद, लखनऊ सिटी) का लोकार्पण जल्द प्रस्तावित है। कुल 21 स्टेशन स्वीकृत है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास के लिए चयनित : सिद्धार्थनगर, बढ़नी, तुलसीपुर, बलरामपुर, स्वामी नारायण छपिया, रामघाट हाल्ट, डालीगंज, लखनऊ सिटी, ऐशबाग, बादशाहनगर, मगहर, बस्ती, खलीलाबाद, सीतापुर, लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, आनन्दनगर, गोण्डा जं., गोरखपुर जं., गोमतीनगर, मैलानी जं. है।

### नई ट्रेनों का संचालन और विस्तार

मंडल ने कई नई ट्रेनों का संचालन शुरू किया है, जिनमें वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनें शामिल हैं। साथ ही कई ट्रेनों का विस्तार कर यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान की गई है। त्योहारों के दौरान 5427 विशेष ट्रेनों का संचालन भी किया गया।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और विद्युतीकरण में प्रगति

लखनऊ मंडल ने 40.47 ट्रैक किमी का विद्युतीकरण पूरा किया है। इसके अलावा नई और अतिरिक्त रेल लाइनों का निर्माण तेजी से चल रहा है। गोरखपुर-बाराबंकी खंड पर सुरक्षा फेंसिंग पूरी हो चुकी है। गोंडा डिपो में 1964 वैगनों की ओवरहॉलिंग कर नया रिकॉर्ड बनाया गया, जो मंडल की तकनीकी दक्षता को दर्शाता है।

# महाविद्यालयों में शोध और नामांकन बढ़ाएं : राज्यपाल

- लखनऊ विवि से संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों संग की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अमृत विचारः राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए शोध, प्रकाशन और नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को पुस्तक लेखन के लिए प्रोत्साहित किया जाए और संस्थानों में शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाया जाए।

वे गुरुवार को जन भवन स्थित गांधी सभागार में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध शासकीय एवं वित्त पोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रही थीं। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्यमंत्री रजनी तिवारी भी मौजूद रहीं। बैठक में 17 शासकीय और 33 वित्त पोषित महाविद्यालयों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें फैकल्टी, शोध, एमओयू, खेल गतिविधियां, नामांकन, प्लेसमेंट, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं और छात्रवृत्ति जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# जिले भर में धूमधाम से मनाया पवनपुत्र का जन्मोत्सव, उल्लास

संवाददाता छिबरामऊ/ कन्नौज

- हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड पाठ, हवन पूजन के साथ हुआ भंडारा





सुंदरकांड का पाठ करते भानू चौहान। तिर्वा क्रासिंग स्थित बालाजी मंदिर में मौजूद भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हनुमान जी का जन्मोत्सव जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह हवन पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया।

कन्नौज में श्री बाला जी मंदिर, तिर्वा क्रासिंग में सुबह से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। हनुमान जी को चोला चढ़ाकर पूजन कर श्रृंगार किया गया। श्री बाला जी महाराज आर्दश सेवा सामिति के विष्णु कुमार शुक्ला ने आरती की। प्रवन्धक हिमाशु शुक्ला,पवन दुवे,आशीष दुवे, प्रिंस श्रीवास्तव, कमलेश दुवे, महेश चतुर्वेदी, राम सर्वेश तिवारी, लखन दिक्षित समेत तामाम भक्त मौजूद रहे। आचार्य प्रदीप कुमार दीक्षित ने पूजन कराया। शाम को सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया।

छिबरामऊ में ग्राम पृथ्वीपुर स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ निर्जन बाबा आश्रम में संगीतमय सरस सुंदरकांड पाठ भानु प्रताप सिंह चौहान ने किया। मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदसरथ अजर बिहारी संपुट के साथ भक्तों ने पाठ किया। इस दौरान नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी अमित गुप्ता, देवेश दिक्षित, अतुल गुप्ता, सीटू दीक्षित, मनीष शर्मा, हिमांशु दुबे, नानू दुबे, विवेक दुबे, सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। अजय बाबा ने प्रसाद वितरित कराया। तत्पश्चात विशाल भंडारा हुआ।

सौरिख रोड पर बाबा की बगिया स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर को फूलों से सजाया गया। बृहस्पतिवार को मंदिर परिसर में श्री रामचरित मानस का अखंड पाठ प्रारंभ हुआ। यज्ञ के बाद कन्या भोज के साथ विशाल भंडारा शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। प्राचीन मंदिर में हनुमान जी के लिए छप्पन भोग लगाए गए। भक्तों की भारी भीड़ देखते हुए पुलिस ने सौरिख रोड एवं बहवलपुर रोड पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की। शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में स्थित दक्षिणामुखी हनुमान जी के दरबार में विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इसके पश्चात भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। स्थानीय श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में एकत्रित होकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया।



गुरसहायगंज में भंडारे में प्रसाद वितरण करते लोग। अमृत विचार

## गुरसहायगंज में भी उत्सव, सुंदरकांड, भंडारा

- **गुरसहायगंज,कन्नौज।** हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर कस्बा में सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। प्रमुख श्री राम मंदिर में भक्तों ने केक काटकर और सुंदरकांड का पाठ कर जन्मोत्सव मनाया। महंत पंडित राकेश चंद्र द्विवेदी ने हनुमान जी का भव्य शृंगार किया। इस दौरान संतोष गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, राजू ठाकुर आदि मौजूद थे। तिर्वा रोड सती माता मंदिर के निकट भक्तों ने पूजा की और भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर राज सिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर, हिमांशु गुप्ता, श्यामू गुप्ता, रानू राठौर, शिवजी गुप्ता आदि मौजूद थे।

## जिला अस्पताल में बढ़े उल्टी दस्त के मरीज

**कन्नौज।** मौसम बदला तो जिला अस्पताल में उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। खानपान का असर सीधे शरीर पर पड रहा है।

मौसम में आ रहे लगातार बदलाव और सही खानपान न होने से लोग उल्टी दस्त के शिकार हो रहे हैं। गुरुवार को जिला अस्पताल में उल्टी दस्त के करीब 20 मरीज पहुंचे। सभी रात में खाना खाकर लेटे थे। रात में ही उल्टी दस्त शुरू हो गये। स्थानीय डाक्टरों से उपचार लिया पर लाभ नहीं मिला। फिर जिला अस्पताल में भर्ती हो गये। इमरजेंसी के डाक्टर हरिमाधौ ने बताया कि लोगों को चाहिये कि इस मौसम में खानपान में सावधानी बरतें। गरिष्ठ भोजन करने से बचें। ताजे फल व शिकंजी का अधिक से अधिक सेवन करना चाहिये। नल के आसपास गंदगी एवं जलभराव न होने दें। बासी एवं खुला भोजन न करें। कटे फल, खुली मिठाइयों का सेवन न करें

## न्यूज ब्रीफ

### नामित सभासदों का शपथ ग्रहण हुआ

**सौरिख, कन्नौज।** टाउन एरिया परिसर सौरिख में शासन द्वारा नामित तीन सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को हुआ। एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने नामित सभासदों—दिनेश त्रिवेदी (इंदिरा नगर), रामवीर शाक्य (संजय नगर) और पंकज राजपूत (आजाद नगर) को शपथ दिलाई। इसके बाद तीनों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर विधायक कैलाश राजपूत ने नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता को सौरिख में कराए जा रहे उत्कृष्ट विकास कार्यों के लिए बधाई दी। नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए टीम भावना से कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन दीपू त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी सुनील सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता आदेश दुबे मंडल अध्यक्ष मंजेश पाल, जिला पंचायत सदस्य पंकज राजपूत सभासद संतोष प्रजापति, जीवन मिश्रा, छोटे राठौर, हिमांशु चतुर्वेदी, हिमांशु पाठक, ट्विंकल यादव, अभिजीत सैनी, बिट्टू त्रिवेदी, रोमी त्रिवेदी उपस्थित रहे।

### पीएसएम कॉलेज में आज से होगा प्रशिक्षण

**कन्नौज।** पंडित दीन दयाल प्रशिक्षण अभियान प्रदेश के हर जिले और मंडल स्तर तक हो रहा है। इस क्रम में सदर विधानसभा के कन्नौज देहात मंडल, मानीमऊ मंडल, ठठिया और जलालाबाद मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम पी. एस. एम. कॉलेज मे शुक्रवार और शनिवार को होगा। प्रशिक्षण लेने वाले कार्यकर्ताओ से 100 रुपये शुल्क भी ऑनलाइन जमा कराया जाएगा।

### 12 ग्राम सभाओं में खुलेगी ई-लाइब्रेरी

**तिर्वा।** प्रदेश सरकार ने सभी ग्राम सभाओं में आधुनिक सभी सुविधाओं से सुसज्जित ई लाइब्रेरी खोलने का निर्देश दिया है। खंड विकास अधिकारी श्रीमती सोनिया श्रीवास्तव ने बताया कि फिलहाल उमर्दा ब्लॉक की ग्राम सभा खानपुर, वस्ता, कुढ़ना, मुगरा,कनौली, सुरसी,त्रिमुखा, जैन पुर, करीम नगर, साडा,पट्टी ग्राम सभा में ई लाईबेरी खोली जाएगी। इसके लिए आवश्यक संसाधन संबंधित ग्राम पंचायत में भेजा गया है।

# 5 जिलास्तरीय अधिकारी, 29 कर्मी कार्यालयों से मिले गायब

## कृषि अधिकारी, एआर कोआपरेटिव, सीवीओ, डीएचओ व एक्सईएन आरईडी से मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन स्थित दफ्तरों का किया औचक निरीक्षण
- समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने लेटलतीफी को लेकर खोल रखा मोर्चा

**अमृत विचार।** जबसे समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने लेटलतीफी को लेकर मोर्चा खोला है तबसे सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों व कर्मचारियों के समय पर आने को लेकर सख्ती हो गई है। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने गुरुवार को विकास भवन स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया जिसमें जिला कृषि अधिकारी, एआर कोआपरेटिव, सीवीओ, डीएचओ व एक्सईएन आरईडी अपने कक्षों में अनुपस्थित मिले। 29 कर्मचारियों को भी गैरहाजिर माना गया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने जारी किए पत्र में कहा है कि सुबह 10.11 बजे निरीक्षण में जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्त अपने कक्ष से अनुपस्थित मिले। साथ ही वरिष्ठ सहायक महेश चंद्र वर्मा, आशुतोष कुमार, कनिष्ठ सहायक कुलदीप कुमार व मंजू गौतम गैरहाजिर थीं। सुबह 10.05 बजे जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में प्रधान सहायक कन्हैयालाल त्रिपाठी, कनिष्ठ सहायक लारेंस कुमार, छात्रावास अधीक्षक जितेंद्र कुमार व नरेंद्र सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर नितिन यादव व खेमकरन अनपुस्थित मिले। एआर कोआपरेटिव राजीव लोचन शर्मा भी 10.07 बजे अनुपस्थित मिले। वरिष्ठ सहायक लल्लन बाबू दो दिन से नहीं आए। 10.06 बजे डीएचओ चंद्र प्रकाश अवस्थी भी कार्यालय कक्ष से अनुपस्थित थे। इसके अलावा सहायक उद्यान निरीक्षक शशांक पांडेय गैरहाजिर थे। 10.08 बजे सीवीओ डॉ. सरदुल सिंह कक्ष में अनुपस्थित थे। वरिष्ठ सहायक गजेंद्र सिंह, कनिष्ठ सहायक राजकुमार व विवेक शर्मा भी नहीं मिले। भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय में 10.09 बजे मानचित्रक जितेंद्र शर्मा नहीं थे।

### प्रोबेशन में भी कर्मी गायब मिले

- जिला बाल संरक्षण इकाई प्रोबेशन कार्यालय में सामाजिक कार्यकर्ता रूबी पाल, आंकड़ा विश्लेषक सचिन, कंप्यूटर ऑपरेटर अखिलेश कुमार व धीरू पाल अनुपस्थित थे। सीडीओ ने सभी से अनुपस्थित रहने का स्पष्टीकरण तत्काल तलब किया है। संतोषजनक न होने पर 02 अप्रैल का वेतन रोक दिया जाएगा। दूसरी ओर जो कर्मी नहीं मिले उनके संबंधित अधिकारियों से कहा गया है स्पष्टीकरण लेकर आख्या बनाकर भेजी जाए।

### कर्मचारियों का भी सुनिए दर्द

- **कन्नौज।** दूसरी ओर कुछ कर्मचारियों का कहना है कि 31 मार्च को वित्तीय वर्ष के समापन की वजह से वह रात तक काम करते रहे। दो- तीन दिन निर्धारित समय से अधिक कार्य किया। दफ्तर में आने का समय तो निर्धारित है लेकिन जाने का नहीं। कई बार देर शाम तक रुकना पड़ता है इसका भी संज्ञान लिया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया कि निर्धारित समय से 15 मिनट अधिक होने तक अधिकारी या कर्मी के ऑफिस में आने का इंतजार किया जाए, अगर 10 .16 बजे तक न आएं तो कार्रवाई की जाए।

### एक्सईएन, एई व कर्मी भी नदारद

- 10 .10 बजे आरईडी एक्सईएन आलोक श्रीवास्तव भी कक्ष से अनुपस्थित थे। वरिष्ठ सहायक नवीन पांडेय व ध्रुव सिंह भी गायब थे। एई अभिषेक कुमार कार्यालय में नहीं थे और न ही उपस्थित पंजिका में नाम चढ़ा था। न ही भ्रमण पंजिका बनाई गई। निर्देश दिया गया कि अपना नाम उपस्थित पंजिका में अंकित कराएं। मत्स्य विभाग में 10 .12 बजे मत्स्य निरीक्षक हिमांशू यादव अनुपस्थित थे। जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय में 10 .13 बजे वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप बी ओमदत्त सिंह, वरिष्ठ सहायक अरविंद कुमार व अजीत सिंह, कनिष्ठ सहायक ईशा व मोहम्मद इरफान अहमद अनुपस्थित थे।

## फंदे से लटका मिला युवक, हत्या की आशंका

**सौरिख, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुकापुर में गुरुवार सुबह एक युवक का शव पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही गांव में भीड़ एकत्र हो गई और परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका जताई है।



शिवम।

शिवम (24) पुत्र छविराम निवासी ग्राम कुकापुर बुधवार रात करीब 9:30 बजे घर पर ही था। गुरुवार सुबह वह घर पर नहीं मिला तो उसकी तलाश की गई। कुछ देर बाद गांव के बाहर बंसीलाल के खेत में अर्जुन के पेड़ पर उसका शव रस्सी के फंदे से लटका मिला। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। परिजन इसे हत्या बता रहे हैं और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सुबह उन्होंने फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड के पहुंचने के बाद ही शव उतरने दिया। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पति पर लगाए आरोप से मुकरी महिला पर चलेगा मुकदमा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश ने दिखाई सख्ती, सौतेली बेटी से दुष्कर्म की लिखाई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** पति पर महिला ने पहले पति से हुई बेटी के साथ लगातार दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले के विचारण के दौरान आरोपों से मुकर गई। इस बात को गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने उस पर मुकदमा चलाने के निर्देश दिए हैं।

सहायक शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि सोनू रैदास निवासी ग्राम बरेवा थाना ठठिया की पत्नी ने 09 जून 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि उसके पगले पति की 13 साल पहले सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इस दौरान उसके एक बेटी थी। इसके बाद उसने सोनू पुत्र रामप्रसाद से शादी कर ली। दूसरे पति ने एक अन्य महिला लक्ष्मी से भी शादी की है। आरोप लगाया था कि पति बड़ी पुत्री (13) के साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा है। तीन माह पहले सभी को गुजरात ले गया।वहां भी पति पुत्री के साथ गलत काम करता था। वह लोग किसी तरीके से भागकर करीब 15 दिन पहले गांव आ गए। वह फिर से पुत्री के साथ गलत काम करने का प्रयास कर रहा था। वह लोग विरोध कर भागकर थाने आए हैं। मामले में पुलिस ने विवेचना शुरू कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान किशोरी की मां अपने बयानों से मुकर गई जिससे सोनू रैदास को दोषमुक्त कर दिया गया ।कोर्ट ने गलत मामला पंजीकृत कराने को लेकर वादी महिला के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया।

### छेड़छाड़ की गलत रिपोर्ट दर्ज कराने पर तीन दिन की सजा

- **कन्नौज।** किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में महिला ने मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें एससीएसटी एक्ट भी लगा था। विवेचना के दौरान महिला अपने बयान से मुकर गई थी। विवेचक ने मुकदमा में अंतिम सूचना रिपोर्ट लगाकर न्यायालय में दाखिल कर दिया था जिस पर महिला को न्यायालय से नोटिस जारी हुआ था। वह गुरुवार को न्यायालय आई थी। उसे विशेष न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट हरेंद्र नाथ ने झूठा मुकदमा दर्ज कराने पर हिरासत में लेकर 3 दिन की सजा व 1000 रुपये जुर्माना किया। महिला को तुरंत न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जिला कारागार अनोगी भेज दिया गया।

## मांगों को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता गुरसहायगंज



बीडीओ को ज्ञापन देते किसान यूनियन के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में तमाम किसानों ने ग्राम तेराजाकेट स्थित ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर पंचायती राज विभाग के कैबिनेट मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा।

समस्या का निदान न होने पर ब्लॉक कार्यालय में तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर जिला उपाध्यक्ष प्रसून यादव तहसील प्रमुख महासचिव राजेश यादव मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार ब्लॉक सचिव अनिरुद्ध राजपूत चंद्र मोहन राजपूत आयुष राठौर सहित तमाम लोगों के साथ ब्लॉक कार्यालय ग्राम तेराजाकेट पहुंचे और बीडीओ उमाशंकर साहू को ज्ञापन सौंपा है। इसमें ग्राम जरामऊ आलमपुर में कुछ समय पहले बनी अन्नपूर्णा मॉडल शाप का निर्माण मानक विहीन बताया।

आरोप लगाया कि इसकी शिकायत की गई और जांच में भी गड़बड़ी पाई गई लेकिन संबंधित व्यक्ति अधिकारियों से मिली भगत कर इसका भुगतान कराने का प्रयास कर रहा है।

## दो दिवसीय बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता 10 से

**कन्नौज।** कन्नौज वॉलीबाल संघ की ओर से वार्षिक प्रतियोगिता (बालिका) का आयोजन कानपुर पब्लिक स्कूल में 10 व 11 अप्रैल को किया जाएगा। इसके लिए विद्यालयों से टीमें आमंत्रित की गई हैं। यह जानकारी देते हुए संघ के सह सचिव नितीष चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय अपनी टीम की सूची 5 अप्रैल तक उनके व्हाट्सएप नंबर 983823894 पर भेज सकते हैं। टीम की सदस्य संख्या 6+1 रहेगी और सभी कक्षा 9-12 के होने चाहिए। प्रतियोगिता पूरी तरह से निशुल्क रहेगी।

## मंत्री के पैतृक गांव तक होगा मार्ग का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 14.34 करोड़ रुपये के 18 कार्यों को मंजूरी, जारी हुए 6.87 करोड़

**अमृत विचार।** त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 14 करोड़ 33 लाख 98 हजार रुपये से 18 कार्य कराए जाएंगे। इसमें 06 करोड़ 87 लाख रुपये की पहली किस्त जारी हो गई है। इन कार्यों में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के पैतृक गांव तक मार्ग निर्माण व तिर्वा स्थित बाबा दौलेश्वर मंदिर परिसर में सामुदायिक केंद्र भी शामिल है।

उत्तर प्रदेश शासन के संयुक्त सचिव राजेंद्र प्रसाद ने प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिलने का पत्र डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को भेजा है। यह कार्य लोक निर्माण विभाग व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से कराए जाएंगे। बताया गया है कि जिले के तीनों विधायकों की संस्तुति पर शासन की महत्वाकांक्षी त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत कन्नौज में विकास कार्यों को मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दी है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 4.50 करोड़ से अधिक की धनराशि वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त होने से पहले कार्यदायी संस्थाओं को निर्गत कर दी गई है। सूची के मुताबिक टिक्कापुर्वा गांव में रामरतन के घर से रामप्रकाश के खेत तक मार्ग का निर्माण, खैरनगर चौराहा से मंत्री के गांव गौरनपुर्वा पुलिया के पास बारात घर तक मार्ग पर सीसी का निर्माण होगा। फगुहा भट्टा- लोहामढ़-मतौली मार्ग से अलीनगर, रूधापुर्वा होते हुए ब्राह्मणपुर्वा संपर्क मार्ग, तिर्वा नगर पंचायत में बाबा दौलेश्वर मंदिर परिसर में सामुदायिक केंद्र का निर्माण, नगर पंचायत तिर्वा के मोहल्ला अंबेडकरनगर में रानी लक्ष्मी बाई बाल उद्यान पार्क में सामुदायिक केंद्र का निर्माण होगा। हसेरन में मनरेगा पार्क के निकट सामुदायिक केंद्र, राजपुर- किशई जगदीशपुर मार्ग पर बंबा की पिलस से गांव जलालपुर के प्राइमरी स्कूल तक संपर्क मार्ग, नादेमऊ- हसेरन रोड पर खरगपुर से उदयपुर तक संपर्क मार्ग का निर्माण, उमर्दा के धारानगर से देवपुर्वा गांव तक संपर्क मार्ग, बरुआहार गांव तिराहा बंबा पटरी से पट्टी गांव तक संपर्क मार्ग, लघुसिया- वघुसिया मैन रोड से गांव दुर्गेशपुर मडैया तक संपर्क मार्ग, विशुनगढ़- रामनगर मार्ग से विशुनगढ़ ऊंचा मार्ग तक निर्माण, तेराजाकेट- मलिकपुर मार्ग से जाकट बाबा तक निर्माण कार्य, अमोलर मार्ग से छीतापुर्वा संपर्क मार्ग, रौरा डामर रोड से कछपुर्वा संपर्क मार्ग, तालग्राम-कुडरा- कलकत्तापुर्वा संपर्क मार्ग, परीक्षतपुर- बिबिया जलालपुर संपर्क मार्ग व शहजहांपुर-खजुरियन नगला गढ़ी मार्ग से नौली गांव के खेरे मंदिर तक निर्माण कार्य होंगे।

निर्देश

कक्षा 09 से 12 तक की कक्षाओं के लिए तीन संस्थाएं किताबों की आपूर्ति करेंगी

# एनसीईआरटी की अधिकृत पुस्तकें कीं मान्य, दूसरी पढ़ाईं तो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शासन का पत्र आने के बाद डीआईओएस ने सभी प्रधानाचार्यों को भेजी चिट्ठी

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद के नियंत्रण में चल रहे विद्यालयों में वही किताबें व शिक्षण सामग्री प्रयोग की जाएंगी जिनका प्रकाशन अधिकृत है। एनसीईआरटी नई दिल्ली की पुस्तकों के नाम व रेट लिस्ट जारी कर दी गई है। कहा गया है कि कुल तीन मुद्रकों की ओर से कक्षा 09 से 12 तक की पाठ्यपुस्तकों की आपूर्ति की जाएगी अर्थात् मान्य होंगी।

परिषद के सचिव भगवती सिंह ने शैक्षिक सत्र 2026-27 को लेकर डीआईओएस को पत्र भेज दिया है। उसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने भी जिलेभर के सभी राजकीय, सहायता प्राप्त व मान्यता प्राप्त वित्तविहीन विद्यालयों को पत्र जारी कर दिया है। कहा है कि कक्षा 09 व 10 की अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और इंटरमीडिएट स्तर की अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, समाज शास्त्र, अर्थशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, लेखाशास्त्र, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान कुल 36 विषयों के लिए अंगीकृत एनसीईआरटी नई दिल्ली की 90 किताबें संचालित होंगी। कक्षा 09 से 12 तक की हिंदी, संस्कृत व उर्दू विषयों की चयनित 12 पाठ्य पुस्तकें सभी राजकीय, सहायता प्राप्त व स्ववित्त पोषित संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अध्ययनार्थ सस्ते दर पर प्रचलन में लाई गई हैं। कक्षा 09 व 12 के लिए पायनियर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स बिहाइंड महालक्ष्मी धर्मकांटा, सिकंदरा आगरा, कक्षा 11 में सिंघल एजेंसी, पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर, बीएन वर्मा रोड लखनऊ व कक्षा 10 में पीतांबरा बुक्स प्रा. लि. औद्योगिक क्षेत्र बिजौली झांसी अधिकृत है। सचिव ने कहा है कि पुस्तकों का कॉपीराइट या डुप्लीकेसी नहीं होने दी जाएगी। निर्धारित किताबों को न पढ़ाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले माध्यमिक स्कूलों पर कार्रवाई होगी।

### पहचान के लिए सात अंकों का सीरियल नंबर

- अगर कोई दुकानदार नकली किताब बेचते हैं तो पुलिस, प्रशासन, वाणिज्यकर व आयकर अधिकारी मिलकर कार्रवाई करेंगे। इस वर्ष मुद्रित पाठ्य पुस्तकों की असली-नकली पहचान के लिए किताब के आवरण पेज पर 07 अंकों का अल्ट्रावॉयलेट फ्लोरसेंट लाल रंग में सीरियल नंबर मुद्रित कराया गया है। जिनमें यह सीरियल नंबर नहीं होगा वह पुस्तकें अनधिकृत मानी जाएंगी। कहा गया है कि सभी विद्यालयों में पहली से 10 अप्रैल व 01 से 15 जुलाई तक अभियान चलाकर सस्ती दरों वाली अधिकृत पुस्तकों की उपलब्धता देखी जाएगी, ताकि अभिभावकों व विद्यार्थियों पर अनावश्यक बोझ न पड़े। जो नियमों का पालन नहीं करेगा उन संस्थाओं पर कठोर कार्रवाई करने को कहा गया है।

# एक्सप्रेसवे पर पुलिस की जीप दुर्घटनाग्रस्त, दो सिपाही घायल

संवाददाता सौरिख





घायल सिपाही दिलीप। क्षतिग्रस्त हुई पुलिस की जीप। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पुलिस जीप में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जीप के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार दो सिपाही घायल हो गए।

गुरुवार रात थाना सौरिख के कांस्टेबल रविंद्र कुमार एवं कांस्टेबल दिलीप कुमार एक्सप्रेसवे पर गश्त करते हुए पीली पट्टी पर खड़े ट्रकों को हटवा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी जीप में जोरदार टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख भिजवाया गया। सिपाही दिलीप की हालत गंभीर होने पर उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

क्षतिग्रस्त जीप को क्रेन की मदद से टोल प्लाजा तक हटाया गया। टक्कर मारने वाला अज्ञात वाहन चालक लखनऊ की ओर भागा बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# पुलिस मुठभेड़ में दूसरा आरोपी घायल होने के बाद गिरफ्तार

## आरोपियों की तलाश में लगी थी पुलिस, गोली लगने से एक सिपाही भी घायल हुआ

**ओमवीर हत्याकांड**

संवाददाता अमृतपुर/राजपुर

**अमृत विचार।** अमृतपुर थाना पुलिस ने हत्या में वांछित दूसरे अभियुक्त को बुधवार रात्रि मुठभेड़ में गोली से घायल करने के बाद गिरफ्तार कर किया है। गोली लगने से एक सिपाही भी घायल हुआ है।

अमृतपुर थाना पुलिस को ओमवीर राठौर की हत्या में वांछित अपराधियों की तलाश थी। बुधवार रात्रि पुलिस को पता चला की हत्या अभियुक्त ग्राम गुजरपुर पमारान निवासी सुरजीत यादव गांव की पुलिया के नीचे छिपा है। थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह की टीम ने सुरजीत को पकड़ने के लिए घेराबंदी की। घिर जाने पर सुरजीत ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, मजबूरन पुलिस को भी जवाबी गोली चलानी पड़ी।

अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से सुरजीत उर्फ ननकू घायल हो गया। उसके पास से 315 बोर का तमंचा 3 कारतूस व खोखे बरामद हुए हैं। इसी दौरान सुरजीत की फायरिंग में सिपाही वसीम भी घायल हुआ है। अमृतपुर थाना पुलिस ने घायल आरोपी सुरजीत उर्फ ननकू पुत्र अजय पाल यादव व घायल सिपाही वसीम को तुरंत राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने आरोपी सुरजीत को जिला लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। बताते चलें कि बुधवार को ही थाना पुलिस ने रामू यादव के खेत से गांव के ओमवीर राठौर का कंकाल बरामद किया था। ओमवीर के लापता होने के मामले में उसकी पत्नी धर्मशिला ने रामू यादव उसके भाई सुरजीत यादव आदि के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



घायल आरोपी को अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### तत्कालीन एसओ व विवेचक निलंबित

**फर्रुखाबाद।** ओमवीर हत्याकांड में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्कालीन अमृतपुर थाना प्रभारी मोनू शाक्या और विवेचक रवि सोलंकी को पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने निलंबित कर दिया है। इस मामले में एसपी ने बताया कि इनके द्वारा मामला लंबे समय तक लंबित रहने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे थे, जिसके बाद यह सख्त कदम उठाया गया।

# राजेपुर क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से युवक घायल, हालत गंभीर

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** थाना राजेपुर क्षेत्र में बुधवार रात्रि एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव विरसिंहपुर निवासी शिवम सिंह अपनी बाइक से खेत की ओर जा रहे थे। उन्होंने गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास हकीम छोटे के मकान के सामने अपनी बाइक खड़ी की थी। इसी दौरान ग्राम दौलतपुर चकई निवासी तौले उर्फ लईक का एक ट्रैक्टर, जिसे मोहन पुत्र मून्न सिंह चला रहा था, तेज गति और लापरवाही से आया। ट्रैक्टर ने शिवम को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे में शिवम सिंह के शरीर पर कई गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक चालक ट्रैक्टर लेकर भाग चुका था। पीड़ित पक्ष ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। इस संबंध में थाना राजेपुर में ब्रजकिशोर सिंह ने तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अमित कुमार को सौंपी गई है।राजेपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि चालक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठने लगी है।



घायल युवक। अमृत विचार

### बच्चे से मारपीट शिकायत करने पर मां को भी पीटा

**अमृतपुर।** राजेपुर थाना क्षेत्र में एक महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोसी के घर जाने पर बच्चे से मारपीट की गई, और जब मां शिकायत करने पहुंची तो उसे भी पीटा गया।ग्राम कड़क्कां निवासी सोनपाल का बेटा पड़ोसी के घर चला गया था। इसी बात को लेकर पड़ोसी ग्रामीण ने बच्चे के साथ मारपीट की। जब बच्चे की मां (सोनपाल की पत्नी) शिकायत करने पड़ोसी के घर पहुंची, तो उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की गई। इस घटना में मां और बेटा दोनों घायल हो गए, जिसमें बेटे को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता ने राजेपुर थाने में तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### टीएसआई ने दो टेंपो किए सीज, 15 वाहनों का काटा चालान

**कायमगंज।** कायमगंज में पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार यातायात व्यवस्था सुधारने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गुरुवार को टीएसआई (यातायात उपनिरीक्षक) सतेंद्र कुमार ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस कार्रवाई से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान पुलिस ने दो अनफिट टेंपो सीज किए और सरिया लदे लोडरों सहित कुल 15 वाहनों के चालान काटे। टीएसआई सतेंद्र कुमार ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर घेराबंदी कर वाहनों की जांच की। इस दौरान मानक पूरे न करने वाले और यातायात के लिए खतरा बने दो टेंपो को मौके पर ही सीज कर दिया गया। साथ ही, सड़क पर असुरक्षित तरीके से सरिया लादकर चल रहे दो लोडरों और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 छोटे-बड़े वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इस टीम में उनके साथ कांस्टेबल सर्वेश यादव, मोहित और आरिफ मुख्य रूप से मौजूद रहे। टीएसआई ने बताया कि क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता किया जा रहा है। कायमगंज क्षेत्र के अपराध प्रभावित और संवेदनशील स्थानों को चिह्नित किया गया है। इन स्थानों पर जल्द ही सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना या अपराध को अंजाम देने वाले बदमाशों की पहचान कर उन्हें तत्काल पकड़ा जा सके। चेकिंग अभियान के बाद टीएसआई ने कोतवाली परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं के साथ एक संवाद सत्र आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को जागरूक करते हुए हेलमेट और सीटबेल्ट की अनिवार्यता, ओवरस्पीडिंग के खतरे से बचने और सड़क पर चलते समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीके और अनजान लिंक पर क्लिक न करने की सलाह भी दी।

### क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर पदोन्नत

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार ने दो मार्च को पुलिस कार्यालय के क्राइम ब्रांच शाखा में तैनात निरीक्षक अनिल मणि त्रिपाठी को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त होने पर स्टार लगाकर अलंकृत किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक व एएसपी अजय कुमार ने उनकी उत्कृष्ट सेवाओं एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अस्पताल जा रही प्रसूता ने ई-रिक्शा पर दिया बच्चे को जन्म

**फर्रुखाबाद।** शहर में एक गर्भवती महिला ने रोडवेज बस स्टैंड के पास ई-रिक्शा में बच्चे को जन्म दिया। पड़ोस की दो महिलाएं उसे प्रसव पीड़ा के बाद लोहिया अस्पताल ले जा रही थीं, तभी रास्ते में यह घटना हुई। शहर की काशीराम कॉलोनी निवासी हिम्मत सिंह की पत्नी आशिया को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। उनके पति हिम्मत सिंह उस समय मैनपुरी गए हुए थे। ऐसे में पड़ोस की सुनीता और एक अन्य महिला उन्हें ई-रिक्शा से लोहिया अस्पताल ले जाने लगीं। अस्पताल जाते समय रोडवेज बस स्टैंड के पास प्रसव पीड़ा बढ़ गई और महिला ने ई-रिक्शा में ही बच्चे को जन्म दे दिया। इसके बाद महिलाएं प्रसूता और नवजात को लेकर लोहिया महिला अस्पताल पहुंचीं।

### नवाबगंज थाने का औचक निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** पुलिस प्रशासन में चुस्ती-दुरुस्ती बनाए रखने और कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने नवाबगंज थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया तथा फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।एएसपी अरुण कुमार अचानक थाने पहुंचते ही सीधे कार्यालय में पहुंचे, जहां उन्होंने लगभग 30 मिनट तक गहनता से अभिलेखों की जांच की। निरीक्षण के दौरान आगंतुक रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, लंबित प्रकरणों से संबंधित फाइलों तथा अन्य सरकारी दस्तावेजों के रख-रखाव की स्थिति को परखा गया। उन्होंने दस्तावेजों को अद्यतन रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभी को हर समय सतर्क रहने को कहा गया।

# कायमगंज में दीवार तोड़कर लाखों का माल ले गए चोर

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** नगर में चोरों ने एक परचून की दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। यह चार दिन के भीतर चोरी की दूसरी बड़ी वारदात है।

बुधवार रात पितौरा-अचरा मार्ग स्थित 'जमजम किराना स्टोर' में चोरों ने पीछे से नकब लगाकर प्रवेश किया। दुकान मालिक के अनुसार, चोरों ने दुकान से लगभग 40 हजार रुपये की सिगरेट, करीब 60 हजार रुपये मूल्य के ब्रांडेड पान मसाले (रजनीगंधा, कमला पसंद, सिग्नेचर), बड़ी मात्रा में कोल्ड ड्रिंक और गोलक में रखे 1700 रुपये नकद चुरा लिए। घटना की सूचना मिलने पर 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद लौट गई। व्यापारियों का आरोप है कि पुलिस चोरी की घटनाओं को गंभीरता से नहीं ले रही है।

गौरतलब है कि महज चार दिन पहले सोमवार को पृथ्वी दरवाजा निवासी ऋषि अग्रवाल की परचून दुकान में भी चोरी हुई थी। व्यापारियों का यह भी आरोप है कि उस मामले में भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बजाय पीड़ित को टरका दिया था। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र के दुकानदार भयभीत हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस ने गश्त नहीं बढ़ाई और पुरानी घटनाओं का खुलासा नहीं किया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। कस्बा चौकी इंचार्ज ने बताया कि वर्तमान घटना की जांच की जा रही है और ऋषि अग्रवाल की दुकान में हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज हो गई है।

# हनुमान जन्मोत्सव : मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के शुभ अवसर पर माता अंजनी के लाल पवन पुत्र श्री हनुमान जी महाराज का नगर में जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।

प्राचीन बाबा नीम करोली धाम, श्री बड़े बूढ़े हनुमान जी अढ़तियान, श्री महाकाल मंदिर अंगूरी बाग, हनुमानगढ़ी गंगा तट, बड़े हनुमान जी भोलेपुर, गुरु राधा कृष्ण अखाड़ा खडियाई, श्री बालाजी मंदिर रेलवे रोड, चिंतामणि बालाजी मठिया देवी बालाजी मंदिर बैठे हुए हनुमानजी खतराना, बालाजी मंदिर बालाजी पुरम सहित नगर के अनेकों हनुमान मंदिरों में प्रातः कालभक्तों ने बाबा को चोला चढ़ाया। भगवान का दिव्य एवं भव्य श्रृंगार किया गया उसके बाद सुंदरकांड का हनुमान चालीसा का पाठ हवन यज्ञ वेद मंत्रों के साथ किया गया। महा आरती के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। महाकाल मंदिर की प्रमुख महंत अर्चना दीक्षित ने हनुमान जी का अभिषेक कर छप्पन भोग लगाकर उत्सव मनाया।

बड़े बूढ़े हनुमान जी मंदिर के बड़े पुजारी चंद्र प्रकाश औदिच्य ने भगवान का भव्य एवं दिव्य दरबार सजाया। प्रातः काल श्रृंगार छप्पन भोग सुंदर कांड का पाठ महाआरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया। इस अवसर पर यज्ञ चन्द्र प्रकाश औदिच्य, पंडित अरुण पंडित, दीपक पंडित, हिमांशु ने वैदिक रीति से यज्ञ किया। भंडारे की व्यवस्था विलेश मिश्रा, आशीष अग्रवाल, विजय अग्रवाल, शरद दुबे भानु सिंह आदि भक्तों ने व्यवस्था संभाली

नगर का प्राचीन मल्ल युद्ध का अखाड़ा, गुरु राधा कृष्ण खडयाई में श्री हनुमान अपार शक्ति के दाता का पूजन अर्चन के साथ उत्सव संपन्न किया। इस अवसर पर भजन कीर्तन एवं महाप्रसाद का वितरण किया गया। बैठे हुए हनुमान जी खतराना में भक्तों ने संगीत मय सुंदरकांड का पाठ किया जिसमें नवीन मिश्रा नब्बू, गौरव मिश्रा वटी, सुरेन्द्र पान्डेय, राजू टंडन आलोक त्रिवेदी आदि भक्तों ने सुंदरकांड का पाठ किया एवं भंडारे का आयोजन किया गया। बालाजी मंदिर रेलवे रोड पर पंडित अनिल त्रिवेदी ने प्रातःकाल भगवान का चोला चढक़र भव्य श्रृंगार किया। भक्तों ने सुंदरकांड का पाठ एवं यज्ञ किया, जिसमें महेंद्र सिंह भदौरिया नितेश वर्मा, पारस पांडे, अंश मिश्रा, आशीष वर्मा, रवि दीक्षित, कल्लू दीक्षित, सागर वर्मा आदि भक्तों ने प्रसाद वितरण किया।



शहर के बड़े-बूढ़े हनुमान मंदिर में पूजन करते पुजारी। अमृत विचार

### 600 वर्ष पुराने हनुमत स्थान पर भक्तों ने माथा टेक मांगी मनौती

**राजपुर।** थाना अमृतपुर की ग्राम पंचायत पिथनापुर के मजरा झंडी मड़ैया में सिद्ध हनुमत स्थान पर प्रतिवर्ष भादों के अंतिम मंगलवार माह के अंतिम मंगलवार को मेला लगता है। इस मेले की शुरुआत आज से 600 वर्ष पूर्व पुजारी लात्तू सिंह द्वारा की गई थी। उनकी मृत्यु के बाद इस परिवार के छठी पीढ़ी के युवा सुपुत्र पवन सिंह वर्तमान में पूजा का कार्य देख रहे हैं। इस हनुमत स्थान पर हनुमान जयंती के अवसर पर हरदोई शाहजहांपुर बदायूं इटावा मैनपुरी फर्रुखाबाद के भक्तों ने मनौती मांग कर माथा टेकर प्रसाद चढ़ाया। इस कार्य को सफल बनाने के लिए मेला समिति के सदस्यों द्वारा भक्तों की सुविधा को देखते हुए लाइन लगवा कर नियमानुसार दर्शन करवाए। बड़ीसंख्या में भक्त मौजूद रहे।

## चौकीदार को ग्रामीणों ने पीटा

**अमृतपुर।** राजेपुर थाना क्षेत्र के तूशोर गांव में चार ग्रामीणों ने एक चौकीदार को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना में चौकीदार गंभीर रूप से घायल हो गया।

यह घटना उस समय हुई जब निविया गांव निवासी चौकीदार धनसुख किसी काम से अपने घर जा रहा था। तूशोर गांव के निकट निविया गांव के चार व्यक्तियों ने शराब के नशे में उसे गालियां देना शुरू कर दिया। जब चौकीदार धनसुख ने इसका विरोध किया, तो चारों आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। इस हमले में धनसुख गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चौकीदार को पहले राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित चौकीदार ने राजेपुर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने कहा माम मले की जांच की जा रही है।

# प्रेमी युगल ने विवाद के बाद जहर खाकर दी जान

संवाददाता तिर्वा

- महिला ने कन्नौज तो युवक ने बेला में दी जान, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** विवाहित महिला ने शादीशुदा प्रेमी से विवाद होने के बाद जहर खा कर जान दे दी। जानकारी पर वियोग में प्रेमी ने भी जहर खाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।

परिजनों के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गहलौतन पुरवा मौजा अलीनगर निवासी रिंकी (40) पत्नी रामनिवास का तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम सकरानी गढ़िया निवासी सुग्रीव सिंह (28) के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बात को लेकर परिवार में कलह होती रहती थी। रिंकी की तीन पुत्री व एक पुत्र है। इसमें एक पुत्री की शादी भी हो चुकी है। बुधवार की रात इसी कलह के चलते दोनों के बीच विवाद हो गया। रिंकी ने गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

उधर, सूचना मिलते ही सुग्रीव ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। उसका शव कन्नौज-बेला बार्डर पांडु नदी के पास औरैया जनपद के बेला थाना क्षेत्र में पड़ा मिला। सूचना पर मृतक की पत्नी कौशल्या ने बेला थाने पहुंच कर पहचान की। उसने बताया कि पति का रिंकी नाम की महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के बीच विवाद होने पर रिंकी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे उसकी मौत के बाद प्रेम में पागल पति ने भी जहर खा लिया। इससे इसकी भी मौत हो गई। तिर्वा कोतवाली पुलिस ने रिंकी के शव व बेला थाने की पुलिस ने सुग्रीव के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## आराध्या को मिले 97.55 फीसदी अंक



आराध्या का हो रहा सम्मान।

**कन्नौज।** जिला एवं सत्र न्यायालय की अधिवक्ता रुचि तिवारी की बेटी आराध्या ने कक्षा 06 में 97.55 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। आराध्या शहर के मकरंदनगर में संचालित कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा हैं। उनकी मां ने बताया कि कुल पूर्णांक 2000 में 1951 अंक आए हैं। प्रधानाचार्यने 100 फीसदी उपस्थिति, श्रेणी प्रथम व आचरण प्रथम आया है। कंप्यूटर विज्ञान और योग एवं शारीरिक शिक्षा परीक्षा में 200- 200 अंक मिले हैं। विद्यालय में आशुतोष मिश्र मधुकर ने छात्रा को सम्मानित किया।

# जनसमुदाय, अभिभावकों के बीच संवाद कर करें जागरूक : बीईओ

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** न्याय पंचायत स्तरीय आम जनमानस व अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें बीईओ ने संवाद कर जागरूक किया। निपुण हुए प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को बीईओ व डायट मेंटर ने सम्मानित किया।

गुरुवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय जलालाबाद में आयोजित कार्यक्रम में बीईओ शिवेंद्र कुमार वर्मा ने अभिभावकों व आम जनमानस की सक्रिय सहभागिता के उद्देश्यों से विद्यालय प्रबंध समिति सदस्यों को अवगत तकराया। डायट मेंटर राजेश वर्मा ने विद्यालय में उपलब्ध कराई गई शिक्षण सामग्री, संदर्शी का प्रिंट, रिच सामग्री, गणित किट, आईसीटी लैब के प्रयोग पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। शैक्षिक सत्र 2025-26 में निपुण प्राथमिक विद्यालय तिलपई डिगसरा की प्रधानाध्यापक वंदना सक्सेना, ताहिर अली, शिखा सोनकर को बीईओ व डायट मेंटर सम्मानित किया। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील यादव, नोडल संकुल जावेद अहमद, अवध नारायण, एआरपी राकेश कुमार, रंजना पाठक, रमाकांत पाल, महेंद्र सिंह, प्रदीप गौतम, रिजमा बानो, शशिकांत तिवारी, फैसल बानो, अमित कुमार, मीरा कमल, नवनीत, अक्षय कुमार, दीपक कश्यप, मो. तसलीम आदि मौजूद रहे।



शिक्षिका को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित करते बीईओ। अमृत विचार

**जांच** एसओजी-सर्विलांस व गुरसहायगंज पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, डुडवा बुजुर्ग गांव में हुई थी घटना, बोरे में बंद मिली थी

# गलत इरादे से किया था बच्ची का अपहरण, गोली मारकर दबोचा

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के डुडवा बुजुर्ग में खेलते समय बच्ची का अपहरण कर कालेज के पीछे बोरे में बंद कर फेंके जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। एसओजी / सर्विलांस व थाना गुरसहायगंज पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। आरोपी से तमंचा बरामद किया।

डुडवा बुजुर्ग निवासी 03 वर्षीय बच्ची 31 मार्च की शाम घर के बाहर खेल रही थी। तभी लापता हो गई। इस संबंध में कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले को एसपी विनोद कुमार ने गंभीरता से लेते हुए एसओजी / सर्विलांस व थाना गुरसहायगंज पुलिस को लगाकर कई सीसीटीवी कैमरे खंगलवाए। इसके बाद अगले दिन गांव के बाहर एचएम डिग्री कॉलेज के पास बच्ची एक बोरे में बंद मिली थी जिसके चेहरे, आंख व हाथ पर चोटों के निशान थे। जांच में उसके साथ किसी तरह की लैंगिक अनहोनी नहीं पाई गई। बच्ची को बेहतर उपचार को जिला अस्पताल भेजा गया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की पहचान अकील पुत्र शरीफ निवासी ग्राम डुंडवा बुजुर्ग थाना कोतवाली गुरसहायगंज के रुप में की जिसकी तलाश की जा रही थी। एसपी ने बताया कि पुलिस ने गुरुवार की सुबह डुंडवा बाईपास पर आरोपी अकील की घेराबंदी की। इस दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की थी।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसके पैर में गोली मार कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी के अनुसार आरोपी ने घटना को स्वीकार करते हुए बताया है कि बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी जिसे वह गलत नीयत से गोद में उठाकर घर ले गया था। उसे टॉफी- बिस्केट आदि खिलाया था। जब पुलिस सभी जगह तलाश कर रही थी तो वह डर गया था तो उसने बच्ची को बोरे छिपाकर कॉलेज के पीछे डाल दिया था। आरोपी का मोबाइल चेक किया गया तो पाया गया कि उसने यू ट्यूब पर पॉर्न वीडियो सर्च किया था।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः** सर्विलांस/एसओजी प्रभारी निरीक्षक प्रदीप यादव मय टीम, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी, दरोगा विनोद कुमार कश्यप, दरोगा दीपक कुमार, हेड सिपाही अशोक कुमार, सुरेन्द्र आदि रहे।



आरोपी से पूछताछ करते कोतवाल अजय कुमार अवस्थी। अमृत विचार

# यूरिया बेचने में दो विक्रेताओं को नोटिस, छह की होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में कई उर्वरक विक्रेता मनमाने तरीके से कृषकों को यूरिया बिक्री कर रहे हैं। ऐसे दो दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही 06 दुकानदारों के यहां जांच की जाएगी।

जिला कृषि अधिकारी संत लाल गुप्ता ने बताया कि 01 अप्रैल को खाद के पोर्टल पर यूरिया बिक्री की समीक्षा की। इसमें मैसर्स खाद भंडार तेराजाकेट, तालग्राम और फौजी खाद भंडार, सौरिख ने किसान को मानक से अधिक यूरिया बिक्री की। तालग्राम और सौरिख विकास खंड क्षेत्र के एडीओ कृषि से जांच कराई गई जिसमें दोनों दुकानदारों के अभिलेख अधूरे पाए गए। 02 अप्रैल की समीक्षा में रोशनी एग्रीजंक्शन, आशीष खाद भंडार, सुपर ट्रेडर्स, पूर्वी खाद भंडार, सोनू खाद भंडार और गुप्ता ट्रेडर्स के दुकानदारों ने अधिक खाद को किसान को दे दिया। इनकी जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि गर्मी की मक्का का समय शुरू हो गया है। इसको लेकर फिर से सख्ती शुरू की गई है।

मार्च में 30 मीट्रिक टन यूरिया और 20 मीट्रिक टन से अधिक डीएपी बिक्री करने वाले प्रतिष्ठानों की सूची बनाई जा रही है। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने ऐसे दुकानदारों की जांच कर कार्रवाई करने को कहा है। गुरुवार को जिला कृषि अधिकारी ने कुछ खाद दुकानों का निरीक्षण किया।

न्यूज ब्रीफ

## गैंगेस्टर के मामले में एक को चार साल की सजा

इटावा। विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट मधु गुप्ता ने पांच साल पुराने गैंगेस्टर एक्ट के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया और उसे चार साल की सजा व पांच हजार रुपया के अर्थदंड सं दंडित किया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि इकदिल थाना पुलिस ने वर्ष 2021 में समाज विरोधी क्रिया कलापों में संलिप्त रहने और लोगों ने आतंक के बल पर लोगों से अवैध रूप से धन की उगाही करने वाले शिवम कश्यप , कपिल यादव, अभिषेक व रघु उर्फ रघुनंदन के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की थी। पुलिस ने उनके खिलाफ आरोप पत्रकोर्ट में पेश कर दिए थे। सुनवाई के दौरान रघु उर्फ रघुनंदन की पत्रावली अलग कर दी गई थी। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर कोर्ट में हुई अपर जिला शासकीय संजीव चतुर्वेदी के द्वारा पेश किए गये साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने रघु को दोषी पाया और उसे चार साल की सजा व पांच हजार रुपया के से दंडित किया।

## पुलिस के हत्थे चढ़े आठ जुआरी

इटावा। थाना बसरेहर पुलिस ने चेकिंग के दौरान आठ जुआरियों को सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेलते गिरफ्तार किया। थाना बसरेहर में तैनात उपनिरीक्षक महेश कुमार ने पुलिस बल के साथ आशीष शर्मा , अनूप कुमार , अंशुल उर्फ जगीरा , राहुल उर्फ बन्टी राजपूत पुत्र श्याम सुन्दर निवासी नगला बाबा बसरेहर, प्रहलाद पुत्र रामचन्द्र राजपूत निवासी नगला बाबा बसरेहर, युनूस पुत्र इशाक निवासी ग्राम अकबरपुर बसरेहर, अभिषेक पुत्र शिव कुमार गुप्ता निवासी ग्राम अकबरपुर बसरेहर, राहुल कुमार पुत्र पंछीलाल निवासी ग्राम अकबरपुर बसरेहर को गिरफ्तार किया और जुआरियों के पास से 28,860 रुपये नगद, ताश के पत्ते तथा जामातलाशी में 5140 रुपये तथा 6 मोबाइल फोन व 4 बाइकें बरामद कीं।

## सामूहिक विवाह का आयोजन 27 अप्रैल को

इटावा। सहायक श्रमायुक्त कुलदीप सिंह ने बताया कि उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिकों की पुत्री के सामूहिक विवाह का आयोजन 27 अप्रैल को होगा। जिस पंजीकृत श्रमिक की पुत्री 18 वर्ष की हो चुकी हो वह सामूहिक विवाह के अन्तर्गत आवेदन पत्र कार्यालय सहायक श्रमायुक्त इटावा में 10 अप्रैल तक निम्न अभिलेखों सहित कार्यालय में आकर व्यक्तिगत रूप से जमा करें। यह आयोजन आईटीआई ग्राउण्ड, पाण्डू नगर कानपुर में होगा।

## दमकल टीम ने कुएं में गिरी भैंस को निकाला

भरथना। थाना क्षेत्र के एक गाँव में एक भैंस सुबह के समय कुएं में गिर गयी. भैंस को कुएं में गिरा देख ग्रामीणों में हडकम्प मच गया. जिसके बाद सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद भैंस को कुएं से सुरक्षित बाहर निकाला तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। क्षेत्र के गाँव नगला दयाली निवासी किसान छोटे लाल पुत्र सोने लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे मैं अपनी भैंस को नहला रहा था तभी मेरी भैंस अचानक घर के समीप बने कुएं में जा गिरी जिससे भैंस कुएं में फस गयी काफी मशक्कत के बाद भी भैंस को निकालने में सफलता नही मिल सकी जिस पर दमकल टीम को घटना की सूचना दी गयी. सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद भैंस को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया।

# हाईवे पर वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

## ढाबे के पास हाईवे पार करते समय हुआ हादसा, परिवार में मचा कोहराम, चालक गाड़ी समेत फरार

कार्यालय संवाददाता इटावा



बकेवर में रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर बुधवार की देर रात पिलखर नहर के समीप स्थित ढाबे के सामने हाईवे पार कर रहे मजदूर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ग्राम देसरामऊ निवासी शौकीराम (50) बुधवार देर रात घर से पैदल ही ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने के लिए निकले थे। रात में एक ढाबे के पास इटावा से इकदिल की ओर जाने वाली सड़क को पार कर रहे थे, तभी अनियंत्रित वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भागने में कामयाब रहा। हादसे के बाद सड़क पर लहूलुहान पड़े शौकीराम

● कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया

को देख मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव उसकी मौत हो गई। मृतक शौकीराम तीन भाइयों में मझला था और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार की गाड़ी खींच रहे थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया। पत्नी सुमन देवी तीनों पुत्रों जितेंद्र विकास शनि और दोनों पुत्रियों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थानाध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि हाईवे के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### खड्ड में गिरने से बाइक सवार का सिर पेड़ से टकराया, मौत

■ बकेवर। महेवा अछल्दा मार्ग पर ग्राम मुकुटपुरा के पास बुधवार रात खड्ड में गिरे बाइक सवार युवक का सिर पेड़ से टकरा गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। युवक कानपुर देहात के अकबर पुर से काम करके वापस अपने घर इकघरा बकेवर आ रहा था। जब सुबह लोगों ने खड्ड के शव पड़ा देखा तो इसकी जानकारी अहेरीपुर पुलिस चौकी पर दी। चौकी इंचार्ज ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव में माता पिता सहित अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। ग्राम इकघरा निवासी रामरनरेश ने बताया कि उनका बेटा रवि जो कि अकबरपुर कानपुर देहात में लोहे की गाड़ी उतारने का काम करके बुधवार की रात को मोटरसाइकिल से अपने घर इकघरा लौट रहा था कि तभी बकेवर थाना क्षेत्र के महेवा अछल्दा मार्ग स्थित ग्राम मुकुटपुरा के पास वह मोटरसाइकिल समेत रात के समयखड्ड में जा गिरा, जिससे उसकी मोटरसाइकिल एक पेड़ से टकराई और उसका मुंह व सिर पेड़ में जा लगा, जिससे उसकी मौत हो गयी। उसका शव खड्ड में पड़ा रहा। सुबह होने पर इसको ग्रामीणों ने जब देखा तो इसकी जानकारी बकेवर थाना पुलिस को दी, जिस पर अहेरीपुर चौकी इंचार्ज भगवान सिंह मय पुलिस फोर्स के सुबह करीब 6 बजे पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि मृतक रवि तीन भाई था जिसमे,बड़ा भाई सर्वेश कुमार व छोटा भाई विपिन खुर्जा अलीगढ़ में कप प्लेट बनाने का काम करते हैं। मृतक दूसरे नम्बर का पुत्र था मृतक के दो बहनें साधना व वंदना जिनकी शादी हो गयी अपनी ससुराल में हैं। मृतक अविवाहित था। घटना की सुबह सूचना मिलते ही पिता रामनरेश व माता रामकान्ती सहित छोटे भाई विपिन व अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। पिता रामनरेश गांव में खेती का काम देखते थे।

# बाइक की टक्कर से महिला की गई जान

संवाददताता ताखा इटावा

**अमृत विचार ।** क्षेत्र के ग्राम किरतपुर में बुधवार रात को सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब गांव में चल रहे एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी।

थाना क्षेत्र के गांव किरतपुर निवासी रामवीर के यहां उनके पुत्र की शादी का कार्यक्रम आयोजित था। इसी दौरान गांव की मलेशा (55) शादी में भोजन के लिए जा रही थीं। जैसे ही वह सड़क पार कर रही थीं, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इससे वहगंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन और ग्रामीण घायल महिला को सीएचसी सरसई नावर ले गए, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर ऊसराहार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष बलराज सिंह भाटी ने बताया कि मौके से पकड़े गए बाइक सवारों को ग्रामीणों ने पुलिस को सुपुर्द कर दिया है कार्यवाही की जा रही है।

### सड़क हादसे में घायल की छह दिन बाद इलाज के दौरान हुई मौत

■ बकेवर। थाना बकेवर क्षेत्र के कस्बा अहेरीपुर के पास ट्रैक्टर की टक्कर से घायल ससुर की सैफई आयुर्विज्ञान विवि में छह दिन बाद मौत हो गई। अनुज निवासी निवाड़ी खुर्द, ससुर चंद्रकेश सक्सेना के साथ बाइक से महेवा से गांव जा रहे थे। अहेरीपुर कस्बा के पास रामताल के पास सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दामाद-ससुर घायल हो गए। हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में उन्हें सैफई रेफर किया गया। गुरुवार को सैफई में इलाज के दौरान चंद्रकेश सक्सेना की मौत हो गई जबकि दामाद अनुज का इलाज जारी है।

# डेयरी संचालक का शव संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला

कार्यालय संवाददाता इटावा



शैलेंद्र सिंह।

● डेयरी के अंदर पुलिस को टूटी चूड़ियां और एक संदिग्ध मोबाइल मिला

**अमृत विचार ।** शहर कोतवाली क्षेत्र के हरवंश नगर मोहल्ले में डेयरी संचालक का शव संदिग्ध हालात में टीन शेड के सहारे बंधी रस्सी से फंदे पर लटके मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस व फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। कैमरे में महिला समेत तीन पुरुषों को डेयरी से निकलकर जाते देखे जाने और घटनास्थल से टूटी चूड़ियां और एक मोबाइल मिलने पर पुलिस हत्या व आत्महत्या पर जांच कर रही है। वहीं, परिजनों ने हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया है।

जसवंतनगर के जनकपुर गांव निवासी शैलेंद्र सिंह अपने बड़े भाई सतेंद्र के साथ कोतवाली क्षेत्र के हरवंश नगर मोहल्ले में डेयरी चलाते थे। आठ वर्षो से दोनों भाइयों ने डेयरी के काम करके मोहल्ले में डेयरी से कुछ दूरी पर मकान भी बनवा लिया था। बड़े भाई सतेंद्र ने बताया कि बुधवार की सुबह वह पैरालाइसिस की बीमारी से जूझ रहे पिता को देखने के लिए गांव जनकपुर गया था। डेयरी पर शैलेंद्र था। दोपहर तीन बजे जब वह गांव से लौटकर डेयरी पर पहुंचे तो डेयरी का गेट अंदर से बंद था। दीवार फांदकर जब डेयरी के अंदर पहुंचे तो कमरे में शैलेंद्र का शव टीन शेड के सहारे रस्सी से फंदे पर लटका हुआ था। मौके पर टूटी चूड़ियां, व एक मोबाइल पड़ा हुआ था। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम बुलवाकर चूड़ियों और मोबाइल को कब्जे में लेकर अन्य साक्ष्य एकत्र किये। साथ ही पड़ोस के सीसीटीवी कैमरे चेक किए जिसमें एक महिला और तीन पुरुष डेयरी के अंदर प्रवेश करते हुए व बाहर निकलते हुए कैमरे में दिखे। सतेंद्र ने बताया कि वह तीन भाई हैं। उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है लेकिन उसका भाई आत्महत्या भी नहीं कर सकता है। सीसीटीवी व घटनास्थल पर पड़ी मिली चूड़ियां और मोबाइल के आधार पर उसने भाई की हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि शैलेंद्र की शादी हो चुकी थी। उसकी पत्नी सरिता अपने पिता की बीमारी के चलते उधन्नपुरा, थाना जैतपुरा आगरा स्थित मायके में रहती है। उसकी दो बेटी भी हैं। सीओ सिटी अभय नारायण राय ने बताया कि सीसीटीवी व घटनास्थल से मिले साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

## प्रधानों ने खोला बसरेहर फीडर के जेई के खिलाफ मोर्चा

**सैफई।** सैफई ब्लॉक की ग्राम पंचायत भदेई काशीपुर के प्रधान बलराम सिंह, बसरेहर ब्लॉक की प्रधान ज्ञान देवी, ग्राम पंचायत खड़ौली की प्रधान शशि प्रभा, ग्राम पंचायत खरदुली के प्रधान ईश्वरी दया और ग्राम पंचायत खुड़ीसर के प्रधान रामनरेश ने संयुक्त रूप से आरोप लगाया है कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति अव्यवस्थित हो चुकी है ।

ग्रामीणों का कहना है कि कुछ स्थानों पर अवैध रूप से संचालित छोटे-छोटे कारखानों को लाभ पहुंचाने के लिए रात के समय गांवों की लाइन से ही बिजली आपूर्ति कराई जाती है। इसके चलते घरेलू उपभोक्ताओं के हिस्से की बिजली काट दी जाती है । प्रधानों और ग्रामीणों ने डीएम से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, अवैध कनेक्शनों को तत्काल बंद कराने और संबंधित जेई का अन्य जनपद में स्थानांतरण करने की मांग की है।

# एनडीपीएस में दो को दस साल की सजा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट सुनीता शर्मा ने तीन साल पुरान एनडीपीएस एक्ट के एक मामले की सुनवाई करते हुए दो आरोपियों को साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाया । दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उन्हें दस दस साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर एक एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें तीन माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता योगेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि एसओ बसरेहर 10 मई 2023 को अपनी टीम के साथ गस्त पर थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक कंटेनर आ रहा है उसमें कुछ संदिग्ध चीज है। इस पर पुलिस ने वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। तभी सामने से आ रहे एक कंटेनर को रोककर उन्होंने तलाशी ली तो कंटेनर में बोरियों में भरा गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने चालक व हेल्पर को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने अपने नाम मलखान सिंह उर्फ बॉबी पुत्र हरनाम सिंह यादव निवासी विलावा थाना अजीतमल औरैया व दूसरे ने अपना नाम श्याम सिंह पुत्र शिवनाथ निवासी झोपड पट्टी नहर पटरी नौबस्ता कानपुर बताया। उन्होंने बताया कि वह गांजा को उड़ीसा व छत्तीसगढ़ से सस्ते दामों पर लाकर यहां बेचते हैं। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया। छानबीन के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट की कोर्ट में हुई अपर जिला शासकीय अधिवक्ता योगेंद्र सिंह परिहार के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने मलखान उर्फ बॉबी व श्याम सिंह को दोषी पाया और उन्हें दस दस साल की सजा व एक एक लाख के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें तीन माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

### जानलेवा हमले के मामले में एक को 5 साल की कैद

■ इटावा। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं एक अखिलेश कुमार ने आठ साल पुराने जान लेवा हमले के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया और उसे पांच साल की सजा व दस हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया । बकेवर थाना क्षेत्र के गांव निवाडी खुर्द निवासी पुष्पा देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसके पति 6 फरवरी 2017 को अपने घर पर थे तभी गांव के ही राहुल कुमार पुत्र ब्रहम दत्त ने जान से मारने की नियत से उनके पेट में चाकू मार दिया और फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छानवीन के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर राहुल को दोषी पाया और पांच साल की सजा व दस हजार रुपया के अर्थदंड सं दंडित किया।

# तीन लोगों ने फांसी लगाकर दी जान, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर तीन लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत सिलायता गांव में युवक का शव गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। सिलायता गांव निवासी 32 वर्षीय अजीत बुधवार शाम घर से निकला था लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। गुरुवार सुबह गांव के कुछ लोग खेतों की ओर गए तभी उन्होंने पेड़ पर एक युवक का शव लटका देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक अजीत मोपेड से सब्जी बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता था।

थाना पछायगांव क्षेत्र के अंतर्गत जैतपुरा निवासी इंद्रजीत 30 वर्ष पुत्र रामदीन ने किसी विवाद के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा तो कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर थाना पछायगांव पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया और मुख्यालय लाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। थाना लवेदी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जैतपुरा में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुमकुम तिवारी 21 वर्ष पुत्री गोविंद कुमार निवासी जैतपुरा लवेदी ने किसी बात से नाराज होकर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से मृतका के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर थाना लवेदी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मुख्यलय लाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

# फिनलैंड आधारित शिक्षा प्रणाली के साथ पढ़ेंगे छात्र

संवादाता जसवंतनगर इटावा



फिनलैंड की टीम के साथ एमडी अनुज यादव मोंटी व अन्य। अमृत विचार

● चौ. सुघर सिंह वर्ल्ड स्कूल में आधुनिक शिक्षण पद्धति को लागू किया जाएगा

**अमृत विचार ।** चौ. सुघर सिंह वर्ल्ड स्कूल ने फिनलैंड आधारित शिक्षा प्रणाली के साथ अपनी अकादमिक साझेदारी की घोषणा की। इस पहल के अंतर्गत विद्यालय में सत्र 2026-27 से प्री-प्राइमरी कक्षाओं प्री-नर्सरी, नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी में आधुनिक शिक्षण पद्धति लागू की जाएगी।

विद्यालय में इस साझेदारी के तहत बच्चों को खेल-आधारित, गतिविधि-आधारित एवं अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान की जाएगी, जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके और वे प्रारंभिक स्तर से ही रचनात्मक एवं आत्मविश्वासी बन सकें। प्रवेश हेतु आयु सीमा प्री-नर्सरी: 2 से 3 वर्ष, नर्सरी: 3 से 4 वर्ष, एलकेजी: 4 से 5 वर्ष तथा यूकेजी: 5 से 6 वर्ष निर्धारित की गई है। संस्था के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने बताया कि इस अकादमिक साझेदारी का उद्देश्य बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण एवं तनावमुक्त शिक्षा प्रदान करना है, जिससे उनमें तार्किक सोच, रचनात्मकता तथा सामाजिक एवं व्यवहारिक कौशल का विकास हो सके। विद्यालय में योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की टीम, स्मार्ट एवं वातानुकूलित कक्षाएं, सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण, सीसीटीवी युक्त परिसर तथा सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर स्वधा हॉस्पिटल की निदेशक डॉ. अंजलि यादव, समूह के निदेशक डॉ. संदीप पांडेय, प्रधानाचार्या मनराज कौर नामधारी तथा मनीष चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रेलवे क्रॉसिंग के पास फंसा ट्रैक्टर, लगा जाम

संवाददताता भरथना इटावा



रेलवे क्रॉसिंग के समीप फंसा ट्रैक्टर।

**अमृत विचार ।** गुरुवार को रेलवे क्रॉसिंग के पास भूसे से लदा ओवरलोड ट्रैक्टर फंसने से करीब एक घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया जा सका। इस कारण से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बताया गया कि ट्रैक्टर पर अधिक भूसा लदा होने के कारण वह रेलवे क्रॉसिंग के पास बीच रास्ते में ही अटक गया। देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। इसी बीच स्थानीय लोगों ने सूझबूझ और सहयोग का परिचय देते हुए ट्रैक्टर को किसी तरह निकलवाने में मदद की। काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को रास्ते से हटाया गया जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका। लोगों का कहना है कि कस्बे में ओवरलोड वाहनों का संचालन लगातार बढ़ रहा है, जिससे आए दिन जाम और हादसे की स्थिति बनती रहती है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे वाहनों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की परेशानी से बचा जा सके।

भक्ति-भावना

## हनुमान मंदिरों को सजाया गया ,जगह-जगह हुआ सुंदर कांड पाठ व भंडारे का आयोजन

# धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

कार्यालय संवाददाता इटावा



हवन पर बैठे डीबीए अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार



हनुमान जी का रूप धरे बालक।

**अमृत विचार ।** श्रीराम भक्त व माता अंजनी के लाल हनुमान जी का जन्मोत्सव गुरुवार को श्रद्धाभाव के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। मंदिरों में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा के पाठ आयोजित हुए वहीं फूल बंगले सजाकर भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया और छप्पन भोग भी लगाए गए।

सिद्ध पीठ पिलुआ हनुमान मंदिर पर हनुमान सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालीसा का पाठ भक्तों ने किया। सुबह मंदिर के महंत हरभजन दास महाराज ने हनुमान जी का आकर्षक श्रंगार किया और भोग लगाया। मंदिर को फूलों व गुब्बारों से सजाया गया था। जिले में सबसे ज्यादा श्रद्धालु पिलुआ हनुमान मंदिर पर पूजन अर्चन के लिए पहुंचे।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सभागार में हनुमान जयंती के अवसर पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ वरिष्ठ नागरिक सुंदरकांड समिति के सदस्यों ने प्रार्थना के साथ गा कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीबीए अध्यक्ष एडवोकेट राजेश कुमार त्रिपाठी व महामंत्री एडवोकेट नितिन तिवारी ने पूजा अर्चना कर संकल्प के साथ किया। पाठ में आचार्य बने एडवोकेट गोविंद माधव शुक्ल ने पूजन करवाया।

सुदंरकांड पाठ दोपहर 2 बजे से शुरु होकर शाम 5 बजे तक चला। इस मौके पर कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्रिपाठी, डीबीए पदाधिकारियों में प्रमोद तिवारी, रीना यादव, योगेश यादव, अनूप शर्मा, कृष्ण गोपाल अवस्थी, हिमांशु यादव, राजुल शुक्ला, राना यादव, मीडिया प्रभारी अमित तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता शांति स्वरूप पाठक, कृपानंद बाजपेई, देवेंद्र पाण्डेय, विमल तिवारी, रमाकांत चौधरी, अजय द्विवेदी, प्रभाकर तिवारी, आदित्य मोहन शर्मा मौजूद रहे।

# पूर्णिमा पर कालिका देवी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

संवाददाता बकेवर इटावा



कालिका मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़।

**अमृत विचार ।** पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर लखना स्थित ऐतिहासिक कालिका देवी मंदिर में सुदूर क्षेत्रों से आए देवी भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना की। रात से ही मंदिर परिसर में झंडा चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो गया, जो पूरे दिन अनवरत जारी रहा।

नगर के ऐतिहासिक कालिका देवी मंदिर पर कानपुर, कानपुर देहात, मैनपुरी, औरैया तथा इटावा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रात से ही पहुंचने लगे थे। सुबह होते ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और दिनभर पूजा-अर्चना एवं झंडा चढ़ाने का क्रम चलता रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर परिसर में भारी पुलिस बल, पीएसी तथा महिला आरक्षियों की तैनाती की गई थी। वहीं इस अवसर पर लखना बाईपास तिराहे पर श्रद्धालुओं की सेवा हेतु पूरे दिन भंडारे का आयोजन किया गया, जहां हरिश्चंद्र ओमर (मुनुआ), रोहताश्व ओमर, गुड्डू, विनोद यादव, सुबोध यादव, राजू, श्रीकृष्ण, प्रमोद, बीटू यादव, ओम, अंशू, प्रिंस, अमित जैन और मानसिंह यादव द्वारा पूजा-अर्चना करने आए देवी भक्तों को पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया।

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बकेवर थानाध्यक्ष विपिन मलिक, लखना चौकी इंचार्ज अंकित पटेल के अलावा प्रभारी निरीक्षक बिठौली, थानाध्यक्ष भरेह सहित पीएसी और महिला आरक्षी मौके पर मौजूद रहे और व्यवस्था को सुचारु रूप से संभाला। पुलिस की सतर्कता के चलते सबकुछ व्यवस्थित रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### हनुमान मंदिरों पर लगा तांता, पहुंचे श्रद्धालु

**बिधूना, औरैया।** गुरुवार को नगर एवं क्षेत्र के गांवों में हनुमान मंदिरों पर हनुमान जन्मोत्सव बड़ी ही श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कुछ जगह मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हनुमान भक्तों ने बड़े श्रद्धा भाव से हवन-पूजन और पूजा-पाठ करते हुए देश में अमन चैन सुख समृद्धि की कामना की। नकेडी पुलिया स्थिति हनुमान मंदिर पर भक्त अपनी मन्नतें लेकर आते हैं और श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना करते हैं।

### जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**अयाना, औरैया।** खेत में बकरी जाने को लेकर पाकर का पुरवा व फरिहा गांव के लोगों के बीच मारपीट हो गई थी। इसमें दोनों पक्षों के करीब 15 लोग घायल हो गए थे। थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि एसआई राजानाती ने बुधवार रात को मुखबिर की सूचना पर पाकर का पुरवा में दबिश देकर अंकित पाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। वहां से उसे जेल भेजा गया है। इससे पहले फरिहा निवासी निहाल सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया था। उसे भी कोर्ट से जेल भेजा गया था। मामले में फरार चल रहे आरोपियों की तलाश में टीमें दबिश दे रहीं हैं। जल्द ही शेष आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### मेमू ट्रेन से टकराया पत्थर, रोकी ट्रेन

**भरथना/अछल्दा।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर गुरुवार शाम एक मेमू ट्रेन के इंजन से पत्थर टकराने की तेज आवाज सुनाई देने पर लोको पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत ट्रेन रोक दी। जानकारी के अनुसार, शाम करीब 6:15 बजे इटावा से कानपुर जाने वाली मेमू ट्रेन संख्या 64604 भरथना-साम्हो के बीच किलोमीटर संख्या 1130/18 के पास पहुंची थी। इसी दौरान इंजन में पत्थर टकराने की जोरदार आवाज आई। आवाज सुनते ही लोको पायलट ने तत्काल ट्रेन रोक दी और करीब पांच मिनट तक इंजन की जांच की। जांच में कोई गंभीर समस्या न मिलने पर ट्रेन को पुनः कानपुर के लिए रवाना कर दिया गया। घटना के बाद यात्रियों में कुछ देर के लिए हलचल रही, हालांकि स्थिति सामान्य होने पर सभी ने राहत की सांस ली।

# पाइप लाइन बिछाने के बाद अपने हाल पर छोड़ दीं सड़कें

## खुदी सड़कों से राहगीर परेशान, हादसों का बढ़ा खतरा

संवाददाता, फफूंद, औरैया



जगह-जगह खुदी पड़ी सड़क। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर में जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य तो तेजी से कराया जा रहा है, लेकिन इसके बाद सड़कों की मरम्मत न होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर सड़कें खोदकर ऐसे ही छोड़ दी गई हैं, जिससे राहगीर आए दिन ठोकर खाकर गिर रहे हैं और छोटे-बड़े हादसों की आशंका बनी हुई है।

नगर के मोहल्ला बर्की टोला स्थित श्री राधा बल्लभ इंटर कॉलेज के पास करीब दो महीने पहले पानी की पाइप लाइन बिछाई गई थी। कार्य पूरा होने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे मार्ग पूरी तरह उखड़ा पड़ा है। यह रास्ता बाजार और थाना जाने का मुख्य मार्ग होने के कारण यहां से दिनभर वाहनों और लोगों का आवागमन रहता है, लेकिन जर्जर सड़क के चलते वाहन चालकों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। वार्ड सभासद शब्बीर कुरैशी ने बताया कि जल निगम के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। मोहल्ले के इफ्तिखार हुसैन, एहतिशाम, सोनू राठौर, सत्यम अवस्थी, वली अजमत सहित अन्य लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि खुदी पड़ी सड़कों की जल्द मरम्मत कराई जाए।

## नवीन सत्र का हवन-पूजन के साथ शुभारंभ

**औरैया।** शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल, औरैया में सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर भव्य हवन-पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर देवेंद्र गुप्ता, टीपी सिंह, प्रिंसिपल अंजनी कुमार सिंह, वाइस प्रिंसिपल आदित्य कुमार चौधरी, कोऑर्डिनेटर दीप्ति सेठी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

विद्यार्थियों को तिलक लगाकर हवन में सम्मिलित कराया गया तथा उन्हें इस अनुष्ठान के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के बारे में भी बताया गया। हवन की पूर्णाहुति के पश्चात विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया तथा उन्हें पेंसिल भेंट की गई, ताकि वे नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत उत्साह, सकारात्मकता एवं दृढ़ संकल्प के साथ कर सकें। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मकता, अनुशासन एवं ज्ञान के प्रति समर्पण की भावना को सुदृढ़ करना है। यह समारोह सभी के लिए प्रेरणादायक एवं ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

# खेत में किया जानलेवा हमला, तीन हुए घायल

संवाददाता रुरुगंज, औरैया

**अमृत विचार।** बिधूना कोतवाली क्षेत्र की रुरुगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव चन्दैया में खेत की रखवाली कर रहे लोगों पर दबंगों द्वारा लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला करने का मामला सामने आया है। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका उपचार कराया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रुरुगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव चन्दैया में बीते दिन शनिवार को शाम करीब 8 बजे की है। ग्राम चन्दैया निवासी रामसनेही के अनुसार, उनका भतीजा शिवकुमार, उसकी पत्नी पूनम और उनका एक साथी शिवम खेत पर रखवाली कर रहे थे। यह खेत बटाई पर लिया गया था, जिसकी सुरक्षा के लिए वे रात में खेत पर मौजूद थे। इसी दौरान ग्राम चन्दैया निवासी अतुल, धीरेन्द्र और वीपी पुत्र राजेन्द्र, तथा ग्राम रुरुखुर्द निवासी अजय और चन्दैया निवासी सुनील पुत्र बच्चीलाल मौके पर पहुंचे। आरोप है कि इन लोगों ने बिना किसी उकसावे के शिवकुमार, उसकी पत्नी पूनम और उनके साथी शिवम पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में तीनों को गंभीर चोटें आईं, जिनमें सिर पर गहरी चोट लगने से खून बहने लगा।

पीड़ितों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। आरोप है कि यदि ग्रामीण समय पर नहीं पहुंचते तो हमलावर जानलेवा वारदात को अंजाम दे सकते थे। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना के बाद घायलों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र बिधूना ले जाया गया। प्रार्थी रामसनेही ने बिधूना कोतवाली में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## मारपीट मामले में दो आरोपी दबोचे

**अछल्दा (औरैया)।** थाना क्षेत्र में 9 मार्च की रात जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे के बड़े भाई एक शादी समारोह से कार द्वारा घर लौट रहे थे। इसी दौरान कस्बा के हरीगंज-फफूंद मार्ग स्थित नगरिया चौराहे पर एक अन्य कार ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर सामने लगा दिया। विरोध करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

इस मामले में जिपं अध्यक्ष के भाई सर्वेंद सिंह के चालक सतेंद्र दोहरे निवासी मंडोक मीठ (थाना सहार) ने दो नामजद समेत तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ नकदी लूट और एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी (सीओ) पुनीत मिश्रा द्वारा की जा रही है। थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने बताया कि फरार चल रहे आरोपी मनिकपुर निवासी शीपू यादव और प्रवीन यादव को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। मजिस्ट्रेट ने प्रवीन यादव को जमानत दे दी, जबकि शीपू यादव को न्यायिक हिरासत में इटावा जेल भेज दिया गया।



गौशाला का निरीक्षण करते सदस्य। अमृत विचार

## गौशाला निरीक्षण में मिली खामियां

संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** सदस्य गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा आवास विकास स्थित पानी की टंकी तथा कस्बा खानपुर स्थित अस्थाई गौआश्रय स्थलों का निरीक्षण किया गया।

नगर पालिका द्वारा संचालित आवास विकास स्थित गौआश्रय स्थल में भ्रमण के दौरान उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. प्रहलाद सिंह निरंजन उपस्थित थे। सदस्य को वहां कीचड़, व गौशाला परिसर में गोबर एकत्र मिला। तथा उनके द्वारा अधिशाषी अधिकारी औरैया को वहां की साफ - सफाई तथा चूने से गौशाला की चरही की पुताई, परिसर में चूने के खिड़काव हेतु निर्देशित किया गया। कस्बा खानपुर स्थित अस्थाई गौआश्रय स्थल में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विशन सिंहं विकल उपस्थित मिले। वहां 197 गौवंश तथा पर्याप्त मात्रा में भूसा, 185 कुंटल हरा चारा, तथा 5 कुंटल पशु आहार उपलब्ध , गौशाला में साफ-सफाई व गौशाला में प्रबंधन उत्तम श्रेणी का पाया गया।

# बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर बच्चों को किया गया सम्मानित

संवाददाता बिधूना, औरैया



बच्चों को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार को संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल के बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। अपने बच्चों की परीक्षा परिणाम शीट देखकर अविभावक फूले नहीं समाए। इस अवसर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। उधर नये संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल के नये कैंपस की कक्षाओं के लिए ज़ोर शोर के साथ एडमीशन शुरू हो गये हैं। एडमीशन के लिए संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल में काउंटर खोले गए हैं। नये एडमीशन पर विद्यालय प्रशासन द्वारा विशेष सुविधाओं का भी प्रावधान किया गया है। विद्यालय के संस्थापक एवं डायरेक्टर रमेश चंद्र अग्निहोत्री, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अजय अग्निहोत्री ने कहा कि नये सत्र की कक्षाएं नये कैंपस में शुरू कर दी जाएंगी। जबकि पुरानी संस्था में भी कक्षाएं चलाईं जायेंगी। उन्होंने कहा नयी शिक्षण संस्था में खेल-कूद मैदान प्रयोगशाला, आधुनिक शौचालय आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। जबकि पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं कैंपस को हरा भरा रखने के लिए भारी संख्या में पेड़ पौधों का रोपण किया गया है। नयी शिक्षण संस्था में प्रवेश पाने के लिए क्षेत्र के अविभावकों एवं छात्र छात्राओं में खासा उत्साह का माहौल है। ज्ञातव्य हो कि अम्बेडकर नगर में संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल के नये भवन का युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य चल रहा है।

# सड़क किनारे मिला युवक का शव, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता बेला (औरैया)



जांच पड़ताल करती पुलिस।

**अमृत विचार।** गुरुवार को सुबह लगभग 8:30 बजे थाना बेला क्षेत्र में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

बताया गया कि एक व्यक्ति पांडु नदी पुल पर स्थित हनुमान मंदिर के पास शराब के नशे में बैठा हुआ देखा गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार वह व्यक्ति पिछले दिन शाम से ही मंदिर के आसपास घूम रहा था। बीती रात उसकी सड़क किनारे ही संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही थाना बेला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए औरैया भेज दिया। प्रारंभ में मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी, जिसके चलते पुलिस द्वारा उसकी फोटो सोशल मीडिया पर प्रचारित कराई गई। बाद में मृतक की पहचान सुग्रीव सिंह (32) पुत्र रामशरण, निवासी शकरानी गड़िया थाना तालग्राम, जनपद कन्नौज के रूप में हुई। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।



सुर्गीव सिंह।



जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

## सीमेंट लदा ट्रक खड्ड में पलटा

**बेला, औरैया।** थाना क्षेत्र के बेला-दिबियापुर मार्ग स्थित गांव नीमहार मोड़ के पास बुधवार रात एक सीमेंट लदा ट्रक अनयंत्रित होकर खड्ड में पलट गया। हालांकि हादसे से कोई जनहानि नहीं हई है। सुबह राहगीरों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने जांच पड़ताल की। सूचना मिलते ही ट्रक मालिक मौके पर पहुंचा और दूसरे ट्रक में सीमेंट लदवाकर गंतव्य को रवाना कराई। खड्ड से ट्रक को निकलवाकर ले जाया जायेगा। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया है की ट्रक मालिक सीमेंट व ट्रक उठवाकर रहा है।

# सुशील अध्यक्ष व दीपक श्रीवास्तव बने सचिव

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद छत्रसाल शाखा का वार्षिक चुनाव मोहल्ला गणेशजी में राजीव माहेश्वरी के आवास पर संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से सुशील बाजपेई को अध्यक्ष पद पर चुना गया।

निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. वेदप्रकाश शर्मा ने कहा कि भारत विकास परिषद एक सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना से कार्य करने वाला संगठन है, जो समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है। परिषद द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। इसके बाद सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सुशील बाजपेई को अध्यक्ष, दीपक श्रीवास्तव को सचिव और अशोक कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया। डॉ. रंजना दुबे को महिला संयोजिका की जिम्मेदारी सौंपी गई। अरुण मिश्रा और आलोक श्रीवास्तव को सह सचिव, विष्णु गुप्ता को सह कोषाध्यक्ष एवं युव बजाज (यश) को मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुशील बाजपेई ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। आगामी कार्यक्रमों में स्वास्थ्य शिविर, पौधरोपण, छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षिक सहयोग जैसे कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी।

## महिला ने पुल से लगाई छलांग, शव मिला

**कालपी जालौन।** गुरुवार दोपहर अज्ञात महिला ने पुल से छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई।

यमुना पुल से मौत की छलांग लगाने का सिलसिला बन्द नहीं हो रहा है। गुरुवार को फिर एक अज्ञात महिला ने पुल पर चप्पलें छोड़ कर छलांग लगा दी। यमुना किनारे मौजूद मछुआरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी थी आनन फानन मौके पर पहुंची पुलिस ने उसकी खोजबीन शुरू की थी लेकिन कुछ देर बाद उसका शव नये यमुना पुल के पास कानपुर देहात सीमा में उतराता हुआ दिखाई दिया। स्थानीय पुलिस ने मामले की सूचना भोगनीपुर पुलिस को दी है। लोगों की माने तो महिला पुल पर पैदल घूम रही थी, । फिलहाल महिला की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# प्रवक्ता को दी गई भावभीनी विदाई

संवाददाता अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित श्री देहाती इंटर कॉलेज, नेविलगंज के प्रवक्ता अवधेश कुमार गुप्ता लंबी और शानदार सेवा के बाद 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए। गुरुवार को कॉलेज परिसर में आयोजित विदाई समारोह में शिक्षक, छात्र-छात्राएं भावुक हो उठे।

अपने सरल और मिलनसार स्वभाव के कारण उन्होंने कॉलेज के छात्रों, छात्राओं और अभिभावकों के बीच विशेष स्थान बनाया। करीब दो दशकों की सेवा के दौरान उन्होंने शिक्षण कार्य के साथ-साथ संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सहकर्मियों और वरिष्ठों ने उनके मार्गदर्शन और मेहनत की सराहना की। सेवानिवृत्ति पर अवधेश कुमार गुप्ता ने अपने कार्यकाल की पुरानी यादें साझा करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यदि कॉलेज को उनकी आवश्यकता होगी तो वे सदैव सहयोग के लिए तैयार रहेंगे। इस अवसर पर प्रबंधक शार्दूल सिंह यादव (एडवोकेट), प्रधानाचार्य रामनरेश, वरिष्ठ लिपिक यदुवेन्द्र सिंह सेंगर, लिपिक संजय सिंह, शिववीर सिंह, अजय सिंह यादव, सुलखान सिंह, रामप्रताप सिंह, गोविंद राजपूत, गिरेन्द्र सिंह, उमा राजपूत, आनंद बहादुर, आदेश कुमार, मनोज कुमार, संतोष कुमार, धर्मेंद्र कुमार, विनीत कुमार, कमलेश सहित अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया।



विदाई समारोह के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

- **विदाई समारोह में शिक्षक व छात्र-छात्राएं हुए भावुक**

आयोजन | स्कूल चलो अभियान को उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया

# टीका लगाकर बच्चों का हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददाता जालौन



बच्ची को रिजल्ट देते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हरकौती में स्कूल चलो अभियान को उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाकर सजाया गया और बच्चों का फूल-माला, टीका और चंदन लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मध्यान्ह भोजन में बच्चों के लिए विशेष प्रकार का भोजन तैयार कराया गया, जिससे बच्चों में उत्साह देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रधान अनीस एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लालजी तिवारी समेत ग्रामीणों और अभिभवकों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के बाद विद्यालय द्वारा स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली भी निकाली गई। जिसमें अभिभावकों को विद्यालय में बच्चों के प्रवेश के लिए जागरूक किया गया।

अंत में बच्चों को रिजल्ट भी वितरित किए गए। जिसमें कक्षा पांच में गुंजन कुशवाहा, रागिनी व रहनुमा कक्षा चार में कार्तिक, दिव्यांशी व कृष्णा, कक्षा तीन में नमन द्विवेदी, अरजीत व काव्या, कक्षा दो में नायरा, शिव तिवारी व रजत एवं कक्षा एक में सिद्धि पांडेय, सृष्टि व तमन्ना ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी मेधावियों को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अंजनी कुमार पचौरी, यादवेंद्र पाल, अभिषेक याज्ञिक, राजेश्वरी विमला देवी, कमलेश देवी आदि मौजूद रहे।

# हवन-पूजन कर मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** रामभक्त हनुमानजी के जन्मोत्सव पर नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मेला, जागरण, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, अखंड रामायण हवन-यज्ञ और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

चैत्र मास की पूर्णिमा पर रामभक्त हनुमानजी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी स्थानों पर आकर्षक ढंग से हनुमान मंदिरों को सजाया गया था और मूर्तियों का भव्य श्रृंगार किया गया। नगर के पेट्रोल पंप स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर, 21 फुटा हनुमान मदिर, फाटक वाले हनुमान मंदिर, दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर, बिरिया खेड़ा हनुमान मंदिर, बालाजी मंदिर उरई मार्ग पर विधि विधान से हवन पूजन किया गया। बिरिया खेड़ा हनुमानजी के मंदिर में भजन संध्या, श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया। फाटक वाले मंदिर में संगीतमय सुदंरकांड पाठ का आयोजन किया गया। लहचूरा में भक्तों द्वारा शोभा यात्रा निकाल कर हनुमान मंदिर पर पताका चढ़ाई गई। पंडित देवेंद्र दीक्षित ने भक्तों को सत्य के मार्ग पर चलने और भगवत भजन कर ईश्वर की प्राप्ति का सुगम मार्ग बताया। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों पर रात्रि जागरण, हनुमान चालीसा का पाठ, रामायण पाठ, भंडारे का आयोजन किया गया।

- **हनुमान जन्मोत्सव पर सजाया गया बिरिया खेड़ा हनुमान मंदिर**

## प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण

**कालपी-जालौन।** एन एच ए आई ने हाईवे किनारे अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया है।

वैसे तो वर्ष 2003 में फोरलेन परियोजना की शुरुआत हुई थी और वर्ष 2010 तक नगर सीमा को छोड़कर हाईवे का चारलेन का काम पूरा हो गया था लेकिन विवाद के चलते नगर सीमा में वर्ष 2018 में अधूरी फोरलेन परियोजना पूरी हुई थी, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण ने उस समय ही सिक्स लेन की जमीन अधिग्रहित की थी, जिसके तहत मध्य सड़क से साढ़े बाइस मीटर हाईवे की जमीन है लेकिन समय के साथ उसपर फिर से अतिक्रमण हो गया है लेकिन शासन ने अब सिक्स लेन परियोजना को मंजूरी दी है, नायब तहसीलदार चन्द्र मोहन शुक्ल तथा भारी पुलिस बल की मौजूदगी में चले अभियान में पहले दिन कई लोगों के स्थाई तथा अस्थाई अतिक्रमण ढहाए गये। इस मौके पर कई अधिकारी मौजूद रहे।



प्लाटिंग को कब्जा मुक्त करते अधिकारी। अमृत विचार

# अवैध प्लाटिंग को जिला प्रशासन ने कराया कब्जा मुक्त

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर अजय आनन्द वर्मा के नेतृत्व में औरैया सदर तहसील के औरैया- दिबियापुर रोड स्थित ग्राम- सेहुद की गाटा संख्या-2409 पर की गई अवैध प्लाटिंग को दिबियापुर पुलिस की उपस्थिति में ध्वस्त करा दिया गया।

टीम में उपजिलाधिकारी, सदर के साथ जिला पंचायत औरैया के अपर मुख्य अधिकारी सहित अन्य सहयोगी स्टाफ व जेसीबी के साथ मौजूद थे। अतिक्रमण हटाते समय काफी विरोध हुआ जिसे उप जिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस द्वारा नियंत्रित किया गया। करीब पांच एकड़ पर यह प्लाटिंग थी। ध्वस्त कराने से पूर्व प्लाटिंग करने वालों को नियमानुसार नोटिस भी दी गयी थी परन्तु उनके द्वारा कोई भी जवाब नहीं दिया गया और प्लाटिंग को वैध कराने के लिए कोई भी कार्यवाही नहीं की गयी।

न्यूज ब्रीफ

### शराबी पति पर प्रताड़ित करने की थाने में दी तहरीर

**बिवांर(हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के खड़ेहीजार गांव निवासी रजनी की शादी 10 साल पहले थाना कुरारा के झलोखर गांव के आनंद कुमार के साथ हुई थी। उसके दो पुत्रियां हैं। पति शराब पीने का आदी है। आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करता चला आ रहा है। एक महीना पहले उसका पति दिल्ली में मजदूरी करने के लिए अपने साथ ले गया था। शराब के नशे में दिल्ली में मारपीट करता रहा। महिला मारपीट को सहन कर मजदूरी करती रही। पति दिल्ली में मारपीट कर उसको कमरे के अंदर बंद कर बिना बताए घर भाग आया। महिला कमरा के दरवाजे को खुलवा कर दूसरों से किराया के लिए रुपये लेकर अपनी पुत्री के साथ किसी तरह से मायका आई। अपने भाई के साथ आई महिला ने पति खिलाफ थाना में तहरीर दी है। एसआई मोहम्मद सुल्तान ने बताया कि महिला की तहरीर मिली है, मामले की जांच कर पति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### जेठ पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की तहरीर दी

**बिवांर(हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के महेरा गांव की पूजा देवी पत्नी दयाशंकर तिवारी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि पति की मौत के हो जाने पर जेठ हरिशंकर परेशान करता चला आ रहा है। जेठ की बात को न मानने पर रंजिश मान रहा है। शराब के नशे में आकर रात को महिला के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी है। शोरगुल को सुनकर पड़ोसियों ने आकर बीच बचाव किया। उसको जान से मार देने की धमकी देते हुए जेठ चला गया। महिला ने यूपी 112 नंबर में फोन किए जाने से जेठ के फरार हो जाने पर पुलिस को नहीं मिल पाया। पड़ोसियों के साथ रात में आई महिला ने जेठ के खिलाफ थाना में तहरीर दी है। एसआई जगत नारायण ने बताया कि महिला की तहरीर मिली है जांच का कार्यकर कार्रवाई की जाएगी।

### वृद्ध को कीड़े के काटने से हालत गंभीर

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के कसौड़ा मुहल्ले में गुरुवार को एक वृद्ध को अज्ञात कीड़े के काटने से अफरा-तफरी मच गई। परिजनों द्वारा आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद हालत में सुधार बताया जा रहा है। कसौड़ा मोहल्ला निवासी 62 वर्षीय गोविंद पुत्र जगदेव अपने घर के बाहर रखी लकड़ी निकाल रहे थे। इसी दौरान अचानक उनके हाथ में किसी अज्ञात कीड़े ने काट लिया। कुछ ही देर में उनके हाथ में तेज सूजन आ गई, जिससे परिजन घबरा गए। परिजनों ने बिना देर किए उन्हें कस्बे के सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया।

### शराब पीने के लिए रुपये न देने पर भाई ने की मारपीट

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के भरखरी गांव में शराब के लिए रुपये न देने पर भाई के साथ मारपीट की। भरखरी निवासी बृजेश कुमार पुत्र रोशन यादव ने थाना में तहरीर देते हुए बताया कि भाई प्रकाश नारायण शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करने लगा। उसके रुपये देने से इनकार करने पर अभद्रता करने लगा। विरोध करने मारपीट की। जिससे वह अचेत होकर गिर गया। उसको अचेत हालत में पड़े देखकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। परिजनों ने उसे कस्बे के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि उसकी मिली तहरीर पर उसके भाई की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

### ई-रिक्शा पलटा, दो लोग घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिलौली निवासी उमंग (16) पुत्र बब्लू धुरिया गुरुवार सुबह अपने साथी अमन (16) पुत्र भवानीदीन के साथ ई-रिक्शा से सिलौली से कम्हरिया जा रहा था। कम्हरिया के पास पहुंचते ही अचानक ई-रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। हादसे में उमंग गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि ई-रिक्शा चालक अमन को भी चोटें आईं। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत दोनों को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उमंग की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल बांदा रेफर कर दिया।

# हर्षोल्लास से मना हनुमान जन्मोत्सव, हुए भंडारे

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)


हनुमान मंदिर में आरती करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरुवार को राठ स्टेट हाइवे कीरतपुर बैठका धाम हनुमान मंदिर प्रांगण में हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। अखंड पाठ समापन के बाद कन्या भोज का आयोजन किया गया।

पौथिया के भोलाशंकर पालीवाल ने बताया करीब 110 वर्ष पूर्व स्व. मन्नुलाल पालीवाल ने चित्रकूट से हनुमान जी की मूर्ति मंगवा कर प्राण प्रतिष्ठा कराई थी। यहां पहले से बंजारों ने एक कुआं व बरामदा बना कर छोड़ गए थे। मूर्ति स्थापना के बाद दिन प्रतिदिन उनकी अनुकम्पा से लोग पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगते रहे और उनकी मन्नतें पूर्ण होती रही। इसी बीच समाजसेवी बब्लू मिश्रा पूर्व एमएलसी रमेश मिश्रा ने विशाल मंदिर का निर्माण कराया। साथ ही हनुमान जी की कृपा से शासन व जनप्रतिनिधियों द्वारा अमृत सरोवर तालाब, बाउंड्री वॉल, स्ट्रीट लाइटें, खेल मैदान, पार्क, रंग बिरंगी लाइटों से मंदिर परिसर जगमगाने लगा। मंगलवार शनिवार कीर्तन भजन व प्रति दिन सुबह-शाम आरती पूजा अर्चना होती है। जन्मदिन के अवसर पर कीरतपुर गांव के श्रद्धालुओं ने लाल रंगों के पताके के साथ डीजे के धुन में नाचते गाते जय श्री जय हनुमान के नारे लगाते हुए मंदिर परिसर पहुंच कर केट काट कर बड़े धूमधाम से बर्थडे मनाया गया और झूम कर नाचे। इस मौके पर संत फलाहारी बाबा हरिदास, मानस बाबा, शिवदास बाबा, संतोष महाराज सहित पवन यादव, राजनरायन सविता, लल्लू, महाराज, दीपू पालीवाल, रामबाबू तिवारी, महाराज यादव, बाबू यादव, अशोक यादव, आशाराम यादव रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में हुए विविध आयोजन

**मौदहा (हमीरपुर)।** हनुमान जन्मोत्सव नगर के हनुमान, मंदिर कपसा रोड स्थित हनुमान मंदिर, सिजवाही, टिकरी, नायक पुरवा स्थित झरिया रे बाबा मंदिर मे सुबह से शुभ मुहूर्त में भक्तों ने प्रभु हनुमान जी की पूजा अर्चना की। भक्तों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए हनुमानजी की मूर्ति पर गुलाब की माला, चोला और सिंदूर लगाकर मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना कर मंदिरों में लोगों ने किया पूजा। भक्तों द्वारा पीपल के पत्तों पर श्रीराम लिखकर भी प्रभु को अर्पित किया जा रहा था। इस दौरान दिनभर मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामायण पाठ तथा भजन कीर्तन का आयोजन चलता रहा। मंदिर के पुजारी राजकुमार ने बताया कि जन्मोत्सव पर बड़े उत्साह से मनाया गया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में भक्ति व भंडारे का आयोजन

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर कस्बे के फैक्टरी एरिया स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातः काल से ही भक्तों का मंदिर में आगमन प्रारंभ हो गया, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ एवं सुंदरकांड का आयोजन किया गया। पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा की मधुर ध्वनि गूंजती रही। पूजन उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों ने सेवा भाव से भंडारे में सहयोग करते हुए धर्म और मानवता का संदेश दिया। मंदिर परिसर में पूरे दिन आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान से सुख-शांति, समृद्धि और संकटों से मुक्ति की कामना की। यह आयोजन सामाजिक एकता और भक्ति भावना का सुंदर उदाहरण बनकर सामने आया।


भंडारे में प्रसाद लेते लोग। अमृत विचार

# पत्नी की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास, 10 हजार रुपये अर्थदंड

## छह साल पहले ससुराल में पति ने पत्नी की फावड़े से काटकर की थी हत्या

फैसला

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



**अमृत विचार।** थाना ललपुरा के डांडीपुर मजरा टीकापुर में छह साल पहले ससुराल आए पति ने पत्नी की ईंट और फावड़े से बेरहमी से हत्या करने के मामले की सुनवाई न्यायालय विशेष न्यायाधीश (दप्रक्षे)/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार की अदालत में हुई। अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दस हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

एडीजीसी मणिकर्ण शुक्ल ने बताया कि जनपद कानपुर देहात के थाना मूसानगर के ग्राम भरतौली निवासी अभियुक्त नारेन्द्र निषाद पुत्र इन्द्रबाबू की ससुराल जाना ललपुरा के डांडीपुर मजरा टीकापुर में है। उसकी बहन ललिता (32) की शादी करीब 12 साल पूर्व नारेन्द्र निषाद पुत्र विन्द बाबू ग्राम भरतौली थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात के साथ हुई थी, जो करीब 4-5 साल से बहन गांव में रहती है। कभी-कभी बहनोई नारेन्द्र यहां आता था। 26 जून को छोटे भाई की शादी में आया था और बहन ललिता को शादी के दूसरे दिन मारा पीटा और मोबाइल छीनकर चला गया। बताया कि दो जुलाई 2020 को रात करीब 10 बजे आया था और बहन ललिता को घर के अंदर ईंटा व फावड़े से सिर में चोट पहुंचाकर मार डाला। इस घटना को उसके भांजे अंकुश (7) ने देखा कि बहनोई रात में ही भाग गया। सुबह जब उसके पिता आए तो देखा कि वह मरी पड़ी थी। शव हाते के अंदर चारपाई पर पड़ा है। वादी मृतका के भाई चरण सिंह की तहरीर पर घटना के अगले दिन थाना ललपुरा में हत्या का मामला दर्ज किया गया। इस मामले में न्यायालय विशेष न्यायाधीश (दप्रक्षे)/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने अभियुक्त नारेंद्र निषाद को आजीवन कारावास और दस हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

### किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की कैद

**हमीरपुर।** घर में घुसकर नाबालिग से छेड़खानी करने वाले अभियुक्त को अदालत ने तीन वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। एडीजीसी अवध नरेश चंदेल ने बताया कि थाना सिसोलर के एक गांव में जितेंद्र यादव पुत्र देवीदीन उर्फ देवीचरन ने किशोरी को उसी के घर में दबोच लिया और छेड़छाड़ की। इस मामले में पीड़िता के पिता ने धारा 452, 354 क आईपीसी एवं 8 पॉक्सो एक्ट के तहत नौ सितंबर 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोग में अभियोजन विभाग से समन्वय कर साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी की गई। न्यायालय विशेष पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने अभियुक्त जितेंद्र यादव को दोष सिद्ध करते हुए तीन वर्ष का कठोर कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

### चूल्हे पर खाना बना रही महिला झुलसी

**राठ (हमीरपुर)।** चूल्हे पर खाना बनाने के दौरान आग में डीजल डालने के दौरान आग भड़क उठी। आग की चपेट में आने से खाना बना रही महिला गंभीर रूप से झुलस गई। घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। नाजुक हालत होने पर महिला को मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार मझगवां थाने के झिन्नावीरा गांव निवासी संपत (49) पत्नी भानसिंह अपने घर में चूल्हे पर खाना बना रही थीं। खाना बनाते समय उसने चूल्हे में जल रही लकड़ियों पर डीजल छिड़क दिया। डीजल डालते ही आग अचानक तेजी से भड़क गई और संपत उसकी चपेट में आ गईं। परिजनों ने तत्काल इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला का प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि महिला करीब 40 फीसदी तक जल गई है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# हादसे में घायल किसान की इलाज के दौरान गई जान

**राठ।** मुस्करा के गल्ला मंडी में हुई सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान किसान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के अनुसार मुस्करा थाने के अलरा गांव निवासी लल्लू सिंह (59) पुत्र शिवराम सिंह 31 मार्च को अपना अनाज बेचने के लिए गल्ला मंडी परिसर आए थे। इसी दौरान एक ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी थी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल लल्लू सिंह को पहले मुस्करा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें उरई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां से भी चिकित्सकों ने उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार को उनकी मौत हो गई। लल्लू सिंह अपने पीछे पत्नी जानकी और पुत्र शिवकुमार सहित अन्य परिजनों को छोड़ गए हैं। मुस्करा थानाध्यक्ष ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### ऑटो और ट्रक की टक्कर में चालक गंभीर घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के एक पेट्रोल पंप के पास गुरुवार को ऑटो और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो जाने से ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। गुरुवार को रश्मि पेट्रोल पंप के पास ऑटो और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। दुर्घटना में ऑटो चालक अज्जू (25) पुत्र शिव नारायण निवासी मुस्करा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**हमीरपुर।** ग्राम सभा की आबादी वाली जमीन पर दबंगों द्वारा किए गए कब्जा को मुक्त कराकर डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती मनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष रामबाबू वर्मा के नेतृत्व में मौदहा विकासखंड के ग्राम पंचायत गढ़ा के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सभा आबादी के गाटा 795 में लगभग 30 वर्ष से डॉ. भीमराव आम्बेडकर का जन्म दिवस मंच लगाकर मनाया जाता रहा है। इस वर्ष गांव के दबंगों द्वारा उस ग्राम सभा की आबादी जमीन पर कब्जा कर अपने जानवर बांधने के साथ गिट्टी व मौरंग ईंट जमा किए है। उन्होंने प्रशासन से 10 से 14 अप्रैल तक उस जमीन को कब्जा मुक्त कराकर अपने बोधिसत्व डॉ.भीमराव अम्बेडकर का जन्म दिवस मनाने व प्रभात फेरी लगाने की अनुमति मांगी है। इस मौके पर रामकरन वर्मा, गणेशा वर्मा, सुबोध, चुनूवाद वर्मा, कुलदीप निषाद, देवनारायण वर्मा आदि मौजूद रहें।


एसडीएम को ज्ञापन देने जाते गढ़ा के ग्रामीण। अमृत विचार

### कोल्ड ड्रिंक्स के दुकानदार को 26 करोड़ का जीएसटी नोटिस

**कानपुर देहात।** जीएसटी की नोटिस ने गांव नुनारी के आलोक कुमार की रातों की नींद और दिन का चैन छीन लिया है। गांव में कोल्ड ड्रिंक की दुकान खोले आलोक कुमार को राज्य कर विभाग ने तकरीबन 26 करोड़ की कर अदायगी का नोटिस भेजा है। नोटिस मिलने के बाद से आलोक परेशान हैं। रास्ता नहीं सूझ रहा। उन्हें बताया गया कि नोटिस को लेकर अपील में जाते हैं तो आरोपित टैक्स का दस फीसदी यानी करीब ढाई करोड़ रुपये एडवांस में जमा कराने होंगे। अधिवक्ता के जरिए उन्होंने अपना पक्ष विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखा है। आलोक कुमार को इस साल 7 फरवरी को नोटिस मिला है। इसमें कहा गया कि वर्ष 2022-2023 के दौरान हुए कारोबार का 25 करोड़ 73 लाख 87 हजार 118 रुपये का जीएसटी देय है। 1 माह के भीतर नोटिस का जवाब मांगा गया। इतनी बड़ी अदायगी को लेकर आलोक कुमार हैरत में पड़ गए।

# स्कूल चलो अभियान : निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का किया वितरण

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)


स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते ब्लॉक प्रमुख।

- जागरूकता अभियान को ब्लॉक प्रमुख ने दिखाई हरी झंडी

**अमृत विचार।** स्कूल चलो अभियान एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण सत्र 2026-27 कार्यक्रम ब्लॉक संसाधन केंद्र में हर्षोल्लास मनाया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल की उपस्थित में कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा में पुष्प गुच्छ अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल ने स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत रैली को हरी झंडी दिखायी। मुख्य अतिथि द्वारा प्राविं कुरारा में नवप्रवेशित कक्षा-1 के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित की गई। ब्लाक प्रमुख ने अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने का अनुरोध किया। जहां विद्यालयों पर न केवल किताबें पढ़ने को मिलेगी बल्कि अच्छे संस्कार, खेलकूद, स्मार्ट क्लॉस और मध्यान्ह भोजन के माध्यम से पौष्टिक आहार भी मिलेगा। शिक्षकों से अधिक से अधिक बच्चों को नामांकन करने की बात कही जिससे कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह पाए। खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर ने कहा कि सरकार की पहल है कि हमारे सभी परिषदीय विद्यालयों में न केवल बच्चों का नामांकन हो बल्कि वे हर दिन स्कूल आएं। इस अवसर पर उप्र प्राशिसं के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह चन्देल, अनुराग सिंह सअ प्रावि बरौली अमित सिंह सिद्ध बाबा का डेरा की सरोज, मीनाक्षी, प्रीति सिंह, भागवती, राजीव गुप्ता, नाहीद हाशमी, व अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं और बच्चे उपस्थिति रहे।

### ट्रैफिक इंचार्ज का गाली-गलौज करते वीडियो वायरल

**हमीरपुर।** ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु न कर पाने से लाल पीले हुए ट्रैफिक इंचार्ज का बीच सड़क पर वाहन चालकों को गाली गलौज करने का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की अखबार पुष्टि नहीं करता है।

वायरल वीडियो मौदहा कोतवाली क्षेत्र के बड़े चौराहा का बताया जा रहा है। जिसमें यातायात प्रभारी हरवेंद्र यादव रात के समय बीच सड़क पर अपनी गाड़ी के बाहर खड़े होकर लगे जाम को खुलवाने में नाकाम हो जाने के बाद झल्ला उठे। सामने से आ रहें वाहन की वजह से जाम लग गया। जिस पर वह वाहन चालक को भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है। वहीं ट्रैफिक इंचार्ज ने बताया कि वायरल वीडियो लगाए गए आरोप निराधार है। उन्होंने वाहनों को साइड से लगाने के लिए चालकों को कड़ाई से कहा था।

आस्था | गांव सहित अन्य जनपदों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

# कालका माता मंदिर में निकाले गए जवारा, उमड़ी आस्था

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)



जवारा जुलूस में शामिल मां कालका की पालकी। जवारा जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के जल्ला गांव स्थित प्रसिद्ध कालका माता मंदिर में आस्था और श्रद्धा के साथ जवारा निकाले गए। इस धार्मिक आयोजन में आसपास के दर्जनों गांवों के साथ-साथ अन्य जनपदों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जवारा यात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं पूजा कर स्वागत किया।

जवारा यात्रा को लेकर गुरुवार की सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लग गया। श्रद्धालुओं ने मां कालका के दरबार में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और मत्था टेककर परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। जवारा निकलने के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहा और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। लोगों ने श्रद्धाभाव से जवारा में भाग लिया।

साथ ही मंदिर परिसर में लगे मेले में भी लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने मेले का आनंद लिया। दुकानों पर खिलौने, श्रृंगार सामग्री, मिठाइयां और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की जमकर खरीदारी हुई। मेले में सुरक्षा और व्यवस्था के लिए स्थानीय लोगों का सहयोग भी सराहनीय रहा। मेले के दौरान ग्रामीणों यहां सजी दुकानों पर सारा दिन भीड़ उमड़ी। लोगों ने मेले में पहुंचकर जमकर खरीदारी की।

ग्रामीणों के अनुसार यह आयोजन हर वर्ष पारंपरिक रूप से आयोजित किया जाता है। जिसमें क्षेत्र ही नहीं बल्कि दूर-दराज से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

# पिता ने ट्रैक्टर चढ़ाकर पुत्र को मारने का आरोप लगाया

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)




**अमृत विचार।** बुधवार को क्षेत्र के ग्राम बांकी में ट्रैक्टर को बैक करते समय ट्राली की चपेट में आकर मरे युवक के प्रकरण में गुरुवार को नया मोड़ आ गया। मृतक के पिता ने चालक पर ट्रैक्टर चढ़ा कर मारने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर सौंपी है। उधर पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव गांव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शाम को युवक का गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

बुधवार को दोपहर करीब 2 बजे बांकी गांव निवासी गगन साहू (21) ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सदर अस्पताल ले जाते समय इसकी रास्ते में मौत हो गई थी। मृतक के पिता राजकिशोर साहू ने गांव निवासी रामू सिंह के खिलाफ लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए चढ़ाकर मारने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर सौंपी है। उधर गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव गांव लाया गया। शव के गांव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शाम को गांव में ही युवक का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान जीवन श्रीवास सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। थानाध्यक्ष अनूप सिंह में बताया कि पिता ने ट्रैक्टर चालक पर आरोप लगाकर तहरीर सौंपी है। मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है, जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### रैली निकालकर सदाचारी का दिया संदेश

**कुलपहाड़।** जय गुरुदेव आश्रम मथुरा के उत्तराधिकारी पंकज महाराज के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे शाकाहारी सदाचारी अभियान के तहत गुरुवार को सतारी और चुरारी ग्रामीण क्षेत्र से जय गुरुदेव संगत के पूर्व जिला महामंत्री बृजगोपाल यादव उर्फ पप्पू व मुन्ना लाल प्रजापति के नेतृत्व में बाइक रैली निकालकर शाकाहारी सदाचारी का प्रचार प्रसार किया गया। बाइक रैली जय गुरुदेव आश्रम लाड़पुर से चलकर तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्राम सिरमौर, बम्होरी खुर्द, अतरपठा, भटेवरा खुर्द, सेला खालसा, कुलपहाड़ आदि गांवों में पहुंचकर लोगों को जागरूक किया। बाइक रैली दौरान बाबाजी का संदेश सुनाया कि शाकाहारी बनना है और सदाचारी रहना है। इस बाइक रैली में जय गुरुदेव संगत के सदस्य धर्मदास यादव, हरिलाल प्रजापति, करौली लाला, हरिश्चन्द्र यादव, हरिचरन अहिरवार, मनोहर सिंह यादव आदि रहे।

### रामशरण को किया गया सम्मानित

**शिवली।** कस्बा शिवली के एक शिक्षण संस्थान के प्रबंधक रामशरण तिवारी को सक्सेस बिगनिंग मीडिया सॉल्यूशन संस्था द्वारा द प्लेटिनम राइजिंग स्टार इंस्टीट्यूट कानपुर के रूप में चुना गया। फिल्म अभिनेता आफताब शिवदासानी ने अवार्ड दिया। पुरस्कार लेकर लौटे प्रबंधक ने गुरुवार को बताया कि सक्सेस बिगनिंग मीडिया सॉल्यूशन संस्था द्वारा प्रतिवर्ष आइकॉन अवार्ड शो का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी लखनऊ में संस्था द्वारा आइकॉन अवार्ड शो का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में 78 लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किए जाने के आधार पर आईकॉनिक अवार्ड प्रदान किया गया। प्रबंधक को सम्मानित किए जाने पर विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावकों तथा कस्बा वासियों द्वारा सराहना की गई।

### सड़क हादसे में बाइक सवार सास की मौत दामाद घायल

**मंगलपुर।** गुरुवार सुबह कस्बा झीझक में दामाद के साथ बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रही सास सामने से गुजरे मवेशी की चपेट में आकर घायल हो गए। दोनों को घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां मौजूद चिकित्सक ने सास को मृत घोषित कर दिया। परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना शव को घर लेकर चले गए। थाना डेरापुर क्षेत्र के भड़ावल गांव निवासी रानी देवी 52 वर्ष पत्नी राम खिलावन कुछ दिनों पूर्व थाना रसूलाबाद क्षेत्र के बरगाव तिश्ती निवासी जयवीर पुत्र बुद्धा के घर गई हुई थी। गुरुवार को रानी देवी अपने दामाद जयवीर के साथ बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रही थीं। तभी हादसा हुआ।

# हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब

## हनुमान मंदिरों में पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नते

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हनुमान मंदिरों में सारा दिन धार्मिक गीत संगीत मय कार्यक्रम चलते रहे। मंदिरों में जुटी भक्तों की भीड़ ने सुबह से शाम तक पूजा अर्चना, आरती कर माथा टेका और मन्नाते मांगी। सबसे ज्यादा भीड़ शहर के रोडवेज के सामने बने हनुमान मंदिर में जुटी। हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर ही मंदिरों की साज सज्जा कर चमका कर तैयार कर दिया गया था। मंदिरों में लाउडस्पीकरों से जय हनुमान ज्ञान गुन सागर। जय कपीस तिहुं लोक उजागर की गूंज सारा दिन गूंजती रही।

पंचांग के अनुसार चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन राम भक्त हनुमानजी का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन को भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव के रूप में हर साल मनाया जाता है, जिसके चलते गुरुवार को जिले के हनुमान मंदिरों में धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया गया। हनुमान मंदिर में मंगलवार को भक्तों की भारी भीड़ जुटती है, लेकिन गुरुवार को उनकी जयंती होने के कारण हनुमान भक्तों का इस तीर्थ स्थल पर भारी जमावड़ा लगा रहा। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर मंदिरों में पहुंचे भक्तों ने बजरंगबली का पूजन करने के बाद अभिषेक किया। सुबह से हनुमान मंदिरों में भक्तों का पहुंचना शुरू हुआ और शाम तक चलता रहा। शहर के तहसील चौराहे में स्थित हनुमान मंदिर में भी भक्तों की सारा दिन भीड़ जुटी रही। भक्तों ने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना और अभिषेक किया। इसके बाद राहगीरों व मंदिर में आने वाले भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान मंदिरों में शाम तक प्रसाद वितरण कार्यक्रम चलता रहा।


मंदिर में आरती और पूजा करते भक्त। अमृत विचार


शोभा यात्रा के दौरान निकलती झांकी। अमृत विचार

### हनुमानजी की 55 फीट ऊंची प्रतिमा है अद्वितीय

- बुंदेलखंड में भगवान हनुमान की सबसे ऊंची प्रतिमा महोबा में स्थापित है। समाजसेवी रमेश जैदका ने शहर के बीचों बीच रोडवेज के सामने हनुमानजी की 55 फीट ऊंची प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई थी। यहां पर दर्शन करने के लिए दूर दराज से लोग मंगलवार को आते हैं। 55 फीट ऊंची पवन पुत्र की प्रतिमा एक अलग महत्व रखती है। दर्शन करने के साथ साथ बहुत से लोग बजरंगबली की प्रतिमा को देखने आते हैं। इतनी ऊंची प्रतिमा बुंदेलखंड के किसी भी जिले और मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड में नहीं है। 55 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा बुंदेलखंड में अद्वितीय है।

### शोभा यात्रा में बजरंगबली की झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

- हनुमान के जन्मोत्सव पर गुरुवार को सनातन धर्म सेवा समिति के तत्वावधान में रोडवेज प्राइवेट मार्ग से दोपहर करीब तीन बजे से धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा रोडवेज, आल्हा चौक, डीएवी इंटर कालेज, ऊदल चौक, मैन बाजार, तहसील चौराहा सहित प्रमुख मार्गों से होती हुई परशुराम मंदिर पुराना प्राइवेट बस स्टैंड पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में हनुमान जी के 51 प्रसिद्ध स्थलों की झांकिया आकर्षण का केंद्र रही साथ ही हनुमान चालीसा करता वाद्य यंत्र, हनुमान पालकी, रामधुन मामृशक्ति के अलावा रामदरबार, शिव पार्वती की भी झांकियां शोभा यात्रा में चल रही थी। डीजे में बज रहे धार्मिक गीत सुनकर लोग थिरकते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा दौरान जय हनुमान के जयकारे लगने से शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। जगह जगह शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

### प्रसाद और पूजा सामग्री की खूब हुई बिक्री

- हनुमान जयंती पर मंदिरों के आसपास लगाई गई मिठाई, नारियर, पुष्प व पूजा सामग्री की जमकर बिक्री हुई। इन दुकानदारों को पल भर की फुर्सत नहीं रही। कुछ दुकानदारों ने बढ़ती भीड़ देखते हुए परिवार के अन्य सदस्यों को बुला लिया। परिवार के लोगों ने दुकानदारों का हाथ बंटाया। जयंती को देखते हुए दुकानदारों ने प्रसाद और पूजा सामग्री का दुकानों में पहले से ही इंतजाम कर लिया था, जिसके चलते उनकी खूब बिक्री हुई, जिससे दुकानदार काफी खुश नजर आए।

### बेलाताल में धूमधाम से निकाली शोभा यात्रा

- **बेलाताल।** कस्बे में महावीर हनुमान जयंती बडे.ही धूमधाम से मनाई गई। जयंती पर शोभा यात्रा में अश्वों का नृत्य करते हुए चल रहे थे। डीजे की धुन पर भक्त थिरकते हुए बजरंगबली के जयकारे लगा रहे थे। कस्बे के वाईपास पंचमुखी हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा प्रारम्भ हुई, जो मुख्य मार्ग, ड्योढी दरवाजा से होते हुए श्रीनगर तिराहा हनुमान मंदिर पहुंची, इसके बाद मुख्य बाजार, चमन चौराहा, बजरिया, जुगयाना, जमीदारी, खंदियापुरा, घुसयाना पहुंची, शोभा यात्रा पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में दर्जन भर से अधिक अश्वों का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा में बाल हनुमान, राधा कृष्ण, राम लक्ष्मण और वीर हनुमान की झांकिया सजाई गई। शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस और पीएसी तैनात रही। जैतपुर पुलिस चौकी के कर्मचारी भी शोभा यात्रा में व्यवस्थाएं बनाते हुए चल रहे थे।

## स्थानांतरण पर एसपी को नम आंखों से दी गई विदाई

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह का अपराध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, लखनऊ स्थानान्तरण हो गया। इस पर गरिमामय और भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवागंतुक पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह भी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक के रूप में प्रबल प्रताप सिंह के कार्यकाल को विस्तार से याद किया। उनके नेतृत्व में जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने और अपराधियों के विरुद्ध सख्त एवं परिणामकारी कार्रवाई किए जाने के उल्लेखनीय प्रयासों की सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों ने सराहना की।

विदाई समारोह दौरान के प्रबल प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में जिला पुलिस परिवार के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके नेतृत्व, कार्यशैली एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व की सराहना करते हुए पुष्पमाला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह (मोमेंटो) एवं उपहार भेंट कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में दो माह से ताला

संवाददाता, कुलपहाड़

**अमृत विचार।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को सस्ती व सुलभ दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोला गया, जिसमें शासन की मंशा के अनुरूप मरीजों को कम दामों में अच्छी दवाएं उपलब्ध कराई जा सके, लेकिन संबंधित ठेकेदार की मनमानी के चलते जन औषधि केंद्र पर करीब दो माह से ताला लटका हुआ है, जिससे मरीजों को अब औषधि केंद्र में सस्ती दवा न मिलने से उन्हें भारी नुकसान हो रहा है।

मालूम हो कि तहसील के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर शासन के निर्देश पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले गए, जिसमें जरुरतमंदों को सस्ती दवाएं उपलब्ध हो सके, लेकिन 60 हजार की जनसंख्या वाले कुलपहाड नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थित जन औषधि केंद्र पर लगभग दो माह से ताला लटक रहा है।


जन औषधि केंद्र पर लटका ताला।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ. महेश सिंह का कहना है कि इस संबंध में ठेकेदार को कई बार फोन लगाया गया, लेकिन ठेकेदार ने फोन रिसीव नहीं किया, अब संबंधित उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत कराए जाने की उन्होंने बात कही है। चिकित्साधीक्षक का कहना है कि जन औषधि केंद्र का शुभारंभ 26 मई 2025 को किया गया था।

## तमंचे सहित दो वांछितों को पकड़ा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जिले में अपराध की रोकथाम के लिए वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कबरई थाना पुलिस टीम ने दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष कबरई सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया की गठित टीम के उपनिरीक्षक अनुरूद्ध प्रताप सिंह उपनिरीक्षक अनुज कुमार सिंह, कांस्टेबिल राहुल अग्निरोत्री, कुंवर पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत धाराओं के वांछित अभियुक्त सुमित सिंह (23) पुत्र राजेन्द्र सिंह व सुभाष (19) पुत्र सभाजीत निवासीगण ग्राम रैवारा थाना कबरई थाना क्षेत्र से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से एक अवैध 315 बोर तमंचा, दो कारतूस व एक बाइक बरामद की गई।

# एआई संगठनों को साइबर खतरों से करता सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** साईं कालेज आफ एजुकेशन डिग्री कालेज सभागार में गुरुवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रवक्ताओं ने एआई साइबर सुरक्षा पर विस्तार से जानकारी देकर छात्र छात्राओं को जागरूक किया साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर आदि से भी रूबरू कराया गया। प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी व प्रशासनिक अधिकारी बीके साहू ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित और फूलमाला अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि साइबर सुरक्षा में एआई महत्वपूर्ण है क्योंकि यह साइबर खतरों के खिलाफ अपनी सुरक्षा में अधिक सक्रिय, कुशल और अनुकूलनीय होने के लिए सशक्त बनाता है। एआई



कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। अमृत विचार

- **साईं कालेज में एआई साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला**

अब तेज़ी से डिजिटल प्रणालियों का हिस्सा बनता जा रहा है, जिससे व्यक्ति और संस्थानों में प्रौद्योगिकी के उपयोग का तरीका बदल गया है। वर्तमान समय में शिक्षा, संचार, शासन, डेटा प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) और सामग्री निर्माण जैसे क्षेत्रों में एआई का व्यापक रूप से उपयोग हो रहा है, इसके साथ कुछ नई साइबर सुरक्षा संबंधी समस्याएं भी सामने आती हैं। इसलिए एआई, साइबर का सही और सुरक्षित उपयोग करने के लिए जागरूकता और जिम्मेदारी बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तकनीकी के बढ़ते उपयोग की आवश्यकता के साथ सही जानकारी के अभाव में साइबर क्राइम की आशंका बढ़ती जाती है, इसलिए जागरूकता के साथ तकनीक का उपयोग करने पर जोर दिया। प्रवक्ता आशीष चौरसिया ने कहा कि साइबर अपराध समय के साथ बढ़ रहा है, जिसका मुख्य कारण उपकरणों की बढ़ती संख्या, सोशल मीडिया का उपयोग, क्लाउड स्टोरेज, डिजिटल डाउनलोड और मोबाइल एवं आनलाइन भुगतान हैं। उपभोक्ताओं का व्यक्तिगत और वित्तीय डेटा हर जगह मौजूद है और हैकर्स इसे हासिल करने में अधिक कुशल होते जा रहे हैं। डॉ. मैराज खान ने एआई साइबर सुरक्षा के बावत साइबर अपराधों से कैसे स्वयं व समाज को बचाया जा सकता है, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 आदि की जानकारी देकर छात्र छात्राओं को जागरूक किया। इस मौके पर प्रवीण वाजपेयी, प्रदीप सिंह, आदर्श कुमार, डॉ. रविंद्र कुमार, शहनवाज खान, रामशरण कुशवाहा, भावना साहू, अंजना श्रोतीय सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक व स्टाफ मौजूद रहा।

# मंदिर की भूमि को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** थाना महोबकंठ क्षेत्र के बीहट गांव में मंदिर की भूमि को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो जाने से करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। वहीं दूसरा पक्ष पहले पक्ष के लोगों पर उसके भाई के साथ मारपीट करने का आरोप लगा रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

बीहट गांव निवासी वरुण तिवारी ने बताया कि 30 जनवरी की शाम जब वह हार्वेस्टर चलवाने के लिए खेत जा रहे था, तभी रास्ते में महंत बालकदास ने साथियों के साथ उन्हें रोक लिया और मंदिर की भूमि को लेकर गाली गलौज कर बहस की। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। छोटा भाई सुनील बचाने पहुंचा तो उसे भी पीटा। उधर महंत बालकदास ने इन आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि वरुण दिनेश, नंदकिशोर सहित आठ लोग उनके घर में घुस आए और उन्हें उनके भाइयों सुरेश और राजेंद्र कुमार को भी बुरी तरह पीटा। दोनों पक्षों से कुल 6 लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही महोबकंठ थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज की है।

# चैत्र पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई गोरखगिरि की परिक्रमा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** गुरु गोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वावधान में गुरुवार को चैत्र मास की पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भक्ति और राम धुन के साथ ऐतिहासिक गोरखगिरि की परिक्रमा लगाई। परिक्रमा के दौरान भक्त जय श्रीराम, गोरख बाबा की जय करते हुए पैदल चल रहे थे। परिक्रमा पूर्ण करने के बाद शिव मंदिर परिसर में भजन कीर्तन और गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने गोरखगिरि के महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही श्रीमद् भागवत गीता के श्लोकों की व्याख्या की गई।

चैत्र पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने शिवतांडव मंदिर से परिक्रमा की



गोरखगिरि की परिक्रमा लगाते श्रद्धालु। अमृत विचार

- **गोष्ठी में परिक्रमा और गोरखगिरि के महत्व पर डाला प्रकाश**

शुरुआत की जो महावीरन, पठवा के बाल हनुमान, राम जानकी मंदिर कबीर आश्रम, हाजी फीरोज शाह की दरगाह, काली माता, सकरे सन्या, छोटी चंडिका, शनिदेव मंदिर, नागौरिया व काल भैरव होते हुए वापस शिव तांडव पर पहुंचकर समाप्त हुई। परिक्रमा के दौरान श्रद्धालु भजन कीर्तन और जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, श्रद्धालुओं में परिक्रमा के दौरान विशेष उत्साह नजर आया। भक्तों ने परिक्रमा मार्ग पर पड़ने वाले देवी देवताओं के मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने माथा टेंका और संसारिक मोह माया से दूर रहकर आत्म शांति और देश में सुख शांति के लिए प्रार्थनाएं भी की। परिक्रमा के बाद शिव मंदिर परिसर में आयोजित गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार पटैरिया ने कहा कि परिक्रमा के पुन्यफल से धर्म अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

परिक्रम व गोष्ठी दौरान अधिवक्ता सुनीता अनुरागी, पंडित हरीशंकर नायक, विनय चौरसिया, विनोद, चंद्रभान श्रीवास, परशुराम, पवन चौरसिया, मुन्ना अनुरागी आदि भक्त मौजूद रहे।

# शराब के पैसे न देने पर दबंगों ने किसान को पीटा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** खरेला थाना क्षेत्र के पाठा गांव में ट्रैक्टर से वापस आते समय किसानों को दबंगों ने रास्ते में रोककर शराब के लिए पैसे की मांग की। मना करने पर किसान से मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन दबंगों को पकड़कर हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

पाठा गांव निवासी अखिलेश सोनी (27) अपने साथी सुखदीन के साथ बीती रात चने की फसल बेंचने के बाद ट्रैक्टर से घर लौट रहे थे। इसी दौरान चरखारी कोतवाली क्षेत्र के मठियाई गांव के पास शराब के नशे में धुत बाइक में सवार तीन युवकों ने ट्रैक्टर के आगे बाइक खड़ी कर उनका रास्ता रोका और शराब पीने के लिए एक हजार रुपये की मांग करने लगे। जब अखिलेश ने पैसे देने से मना किया, तो दबंगों ने गाली गलौज करते हुए उसे बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।


जिला अस्पताल में भर्ती घायल।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल ट्रैक्टर चालक को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई में भर्ती कराया गया, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसके बाद कोतवाली प्रभारी प्रवीण कुमार ने गंभीरता दिखाते हुए तत्काल एक टीम गठित की और दबिश दी। पुलिस ने मुख्य आरोपी सोनू दुबे, राहुल और दशरथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें तत्परता से गिरफ्तार कर लिया।

**निरीक्षण** | विभागीय अभियंताओं को समय से कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

# डीएम ने फोरलेन चौड़ीकरण के काम देखे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने गुरुवार को शहर के परमानंद चौक से झलकारीबाई तक फोरलेन मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने किए गए कार्य के बारे में जानकारी दी।

साथ ही विद्युत विभाग के एसडीओ ने मार्ग में पड़ने वाले निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जल निगम और विद्युत वितरण खंड को 21 दिन के अंदर वाटर पाइप लाइन का कार्य व विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य करने के निर्देश दिये। डीएम ने प्रखंड लोक निर्माण विभाग, जल निगम और विद्युत विभाग के अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर उक्त कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अधिशासी अभियंता विकास कुमार जौहरी ने बताया कि झलकारी बाई तिराहा से परमानन्द चौक तक लगभग एक ओर 1400 मीटर लम्बाई में चौडीकरण का कार्य किया जा चुका है। दक्षिणांचल विद्युत वितरण खंड के एसडीओ राकेश कुमार ने बताया कि पोल शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर चल रहा है, वहीं जल निगम के अवर अभियंता अतुल कुमार ने अवगत कराया गया कि वाटर पाइप लाइन का कार्य शीघ्र शुरू कर दिया जायेगा।


फोरलेन कार्य की जानकारी लेतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अवधेश कुमार, सहायक अभियंता पंकज कुमार यादव, राममिलन, अवर अभियंता विनोद कुमार, अतुल कुमार, आशीष पांडेय, राजेश त्रिपाठी सहित अन्य अवर अभियंता मौजूद रहे।


बैठक को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह। अमृत विचार

### जिले में कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखना पहली प्राथमिकता : एसपी

**महोबा।** नवागत पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुसार पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ पुलिस कार्य किया जाएगा। यातायात व्यवस्था में सुधार आमजन और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने और पुलिस जन सहयोग को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बोल रहे थे। कहा कि साइबर हेल्पलाइन एवं तकनीकि संसाधनों का प्रभावी उपयोग करके आमजन को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

**KANPUR SMART CITY LIMITED**
3rd Floor,NagarNigamMukhyalaya,MotiJheel,Kanpur - 208002
Phone– +91-9839121096
e-mail : ksclkanpur@gmail.com

**NOTICE INVITING TENDER**

The Chief Executive Officer (CEO), Kanpur Smart City Ltd.(KSCL) Invites Tender for **the Renting of KSCL Office Vehicle for One Year** Bid available online till 23-04-2026 , 03:00 P.M. Bid will be opened on 23-04-2026 at 04:30 PM.

Tender Fee : Rs. 1,000.00 + Rs. 180.00 (18% GST) Non Refundable and EMD : Rs. 20,000.00

- Tender documents can be downloaded from the e-tendering website - https://etender.up.nic.in/ (In Kanpur Municipal Corporation Tender).
- Bidder are requested to submit the Tender fee in the form of DD/Bankers Cheque & EMD in form of FDR/TDR issued in Favor of "Chief Executive Officer, Kanpur Smart City Limited" Payable at Kanpur and receipts are to be attached and deposited with Technical Bid Documents.
- Any Corrigendum will be published at https://etender.up.nic.in/ only.
- For more details & queries contact Chief Executive Officer, KSCL, Address- CEO, Kanpur Smart City Limited (KSCL), Third Floor, Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002, Telephone no. 0512-2541258, 09839121096 and through e-mail id – ksclkanpur@gmail.com

**Chief Executive Officer**
Kanpur Smart City Limited

## न्यूज ब्रीफ

### योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंजीयन कराएं

**चित्रकूट।** सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र श्रमिकों का पंजीयन होना एवं नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। फैमिली आईडी भी जरूरी है। आधार ई केवाईसी के लिए श्रमिक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपना आधार कार्ड, आधार से लिंक्ड मोबाइल लाना होगा।

### समय से पूरी करें अधिग्रहण की कार्रवाई

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर व अपर उप जिलाधिकारी अजय यादव ने कलेक्ट्रेट सभागार में इंटीग्रेटेड कोर्ट कांप्लेक्स के निर्माण संबंधी समीक्षा बैठक की। एडीएम ने गठित बहुशासीय विशेषज्ञ समूह के समूह सदस्यों की रिपोर्ट को विशेष भूमि अध्याप्त अधिकारी बांदा को भेजने को कहा। निर्देश दिए कि शीघ्र ही इंटीग्रेटेड कोड कॉम्प्लेक्स अधिग्रहण की कार्रवाई पूरी करें और कब्जा परिवर्तन कराएं। अधिग्रहण भी समय से पूरा करने के लिए निर्देशित किया।

### अंकपत्र और पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**चित्रकूट।** डॉ. भाभा कान्वेंट स्कूल में गुरुवार को मेधावी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। छात्राओं को प्रबंधक डा. मनोज द्विवेदी, प्रधानाध्यापिका चित्रा द्विवेदी, कार्यालय प्रमुख रजनीश विश्वकर्मा ने शील्ड और प्रमाणपत्र दिए। शिशु वर्ग में आराध्या, एल केजी में प्रियांश शिवहरे, यूकेजी में अभयराज, कक्षा एक में नित्या, दो में अर्श नामदेव, तीन में नमिता देवी, चार में नम्रता, पांच में सृष्टि मिश्रा, छह में दिव्या, सात में राधिका गुप्ता और कक्षा आठ में लक्ष्मी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के पूर्व शिक्षक बृहमदेव करवरिया ने भी बच्चों की हौसलाफजाई की। विनीता पांडेय, सीमा शुक्ला, कंचन जायसवाल, रंजना वर्मा, उपासना विश्वकर्मा, आरपी विश्वकर्मा, गणेश विश्वकर्मा आदि रहे।

### जमीन की रजिस्ट्री में धोखाधड़ी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**मऊ।** पुलिस ने धोखाधड़ी कर जमीन की रजिस्ट्री कराने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह ने पवन चौधरी , बाबूलाल उर्फ दरोगा और माला पत्नी मेवालाल को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई मुन्नीलाल व आरक्षी शिखा शामिल रहीं।

### चार आरोपियों पर गुंडा एक्ट लगाया

**चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दुर्गविजय सिंह ने गुंडागर्दी करने के आरोप में चार आरोपियों पर शिवा उर्फ पूरन पटेल पुत्र दिनेश, ओमप्रकाश यादव पुत्र देशराज, अंकित पटेल और मधुसूदन पुत्र रामभगन निवासी रजौला चकभूपत पर धारा 3 यूपी गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

### प्रोफेसर को दी गई भावभीनी विदाई

**सीतापुर चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कला संकाय में प्राध्यापक प्रो. वाईके सिंह को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। कला संकाय में आयोजित विदाई समारोह में उनके सहकर्मी प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके दीर्घकालीन शैक्षणिक योगदान, अनुशासनप्रियता एवं संस्थान के प्रति समर्पण की सराहना की। प्रो. सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने अनुभव साझा किए और ग्रामोदय विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दीं।

### नियमों का उल्लंघन करने पर किया जुर्माना

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद ने बीते दिन विशेष अभियान चलाया। इस दौरान गंदगी फैलाने एवं स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 3300 रुपये का जुर्माना वसूला गया। ईओ लालजी ने बताया कि किसी दुकान, भवन अथवा मॉल के सामने कूड़ा एवं गंदगी पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध जुर्माना लगाए जाने के साथ-साथ विधिक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की कि वे नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार, लिपिक राजेंद्र राम, सफाई नायक दुलीचंद, सफाई नायक श्रवण मलिक, टैक्स कलेक्टर फैजल, कंप्यूटर ऑपरेटर रामकुमार आदि अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर दिखा आस्था व अध्यात्म का संगम



हनुमान धारा में दूर-दूर से पहुंचे आस्थावान। अमृत विचार



लइना बाबा मंदिर में भी लगी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

- विभिन्न मंदिरों में की गई बजरंगबली की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र सहित पूरे जिले में हनुमान जयंती पर आस्था, भक्ति और अध्यात्म का संगम नजर आया। मंदिर और घाट जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष से गूंज उठे।

हनुमान धारा, बरहा हनुमान, शिवरामपुर स्थित लैना बाबा हनुमान मंदिर तथा बूड़े हनुमान मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। मंदिरों में विशेष पूजन, अभिषेक और भव्य श्रृंगार के साथ बजरंगबली की आराधना की गई। लैना बाबा मंदिर में सवा पांच क्विंटल लड्डुओं का भोग अर्पित किया गया। बूड़े हनुमान मंदिर में 1100 दीप प्रज्ज्वलित कर भक्तों ने अपनी श्रद्धा की अलख जगाई। सवा पांच लाख हनुमान चालीसा पाठ और अखंड भजन-कीर्तन से पूरा क्षेत्र दिव्य ऊर्जा और आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर रहा। मंदाकिनी नदी के तटों और परिक्रमा मार्गों पर दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने स्नान-ध्यान कर, हाथों में प्रसाद और नारियल लिए, गहरी श्रद्धा के साथ दर्शन किए। जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए दोनों प्रदेशों के प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए। प्रमुख मंदिरों, घाटों और परिक्रमा मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती कर भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं को सुविधा दी गई।

पहाड़ी संवाददाता के अनुसार, नांदी में स्थित आदि कवि तुलसीदास द्वारा पूजित भगवान बजरंग बली के मंदिर में हनुमान जयंती पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। महंत महेंद्रदास ने मंदिर को फूलों से सजाया। भीड़ के मद्देनजर थानाध्यक्ष पहाड़ी प्रवीण कुमार सिंह ने मंदिर परिसर में सब इंस्पेक्टर सत्यनारायण सिंह ,रत्तीराम कुशवाहा, कांस्टेबल प्रियंका की ड्यूटी लगाई।



बरहा हनुमान मंदिर में पूजा करते पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता। अमृत विचार



नांदी के प्राचीन हनुमान मंदिर में की गई सजावट। अमृत विचार

# नदारद अधिकारियों, कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोका गया

## सीडीओ ने किया विकास भवन का मुआयना, दिखाये सख्त तेवर, दिये दिशा- निर्देश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने गुरुवार को सुबह लगभग सवा 10 बजे विकास भवन, चित्रकूट का निरीक्षण किया। इस दौरान कई अधिकारियों, कर्मचारियों और संविदाकर्मियों की गैरहाजिरी पर नाराज सीडीओ ने इनका एक दिन का वेतन-मानदेय रोकने के आदेश दिए। साथ ही दो दिन में स्पष्टीकरण देने के लिए निर्देशित किया।



विकास भवन का मुआयना करते सीडीओ डीपी पाल। अमृत विचार

निरीक्षण के समय शैलेश कुमार उपाध्याय जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, महेंद्र नाथ जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, रजनीश पांडेय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, देवेंद्र सिंह जिला पंचायतराज अधिकारी, वैभव त्रिपाठी जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण में महेंद्र प्रताप सिंह प्रधान सहायक, ओमकारनाथ जीप चालक, आशुतोष मिश्र डीसी, रामबाबू बीसी अनुपस्थित मिले। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में धर्मराज सिंह पटेल, डीपीआरओ कार्यालय में शिवकुमार, राहुल शुक्ला, कमलेश कुमार, प्रवीण निगम, आनंद कुमार प्रजापति, परिवर्तन प्रताप सिंह अनुपस्थित पाए गए। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय में अपर संख्याधिकारी अनिल कुमार शुक्ला, संजय कुमार गौड, नंद कुमार यादव के साथ जय कुमार कुशवाहा, रितेश आनंद गैरहाजिर मिले। जिला समाज कल्याण कार्यालय के निरीक्षण के समय कनिष्ठ सहायक इनायत इलाही, अंकुर कुशवाहा अनुपस्थित मिले। सीडीओ ने कहा कि स्पष्ट निर्देश के बाद भी कार्यालय में समय से न पहुंचना उच्चाधिकारियों के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। ऐसे में सभी अनुपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कठोर चेतावनी देते हुए दो अप्रैल का वेतन /मानदेय अग्रिम आदेश तक अवरुद्ध किया जाता है। निर्देशित किया कि अपना औचित्यपूर्ण स्पष्टीकरण दो दिन के अंदर प्रस्तुत करें।

### सचेत करने के बाद भी नहीं दिया जा रहा ध्यान

- सीडीओ ने इस बात पर नाराजगी जताई कि बार बार सचेत करने के बाद भी अधिकारियों द्वारा आदेशों की अवहेलना की जा रही है। उन्होंने कार्यालयाध्यक्षों को सख्ती से निर्देश दिए कि प्रातः 10 से 12 बजे के बीच में अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसुनवाई करें।

### मनरेगा सेल में कार्मिक कर रहे अनुशासनहीनता

- मनरेगा सेल कार्यालय में पाया गया कि अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अमित मिश्रा ने माह मार्च में किसी भी दिवस में उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर नहीं किए हैं। निरीक्षण के समय शुभम् मिश्र लेखा सहायक, परमेश्वरी प्रसाद तकनीकी सहायक एक और दो अप्रैल को अनुपस्थित पाए गए। उपायुक्त श्रमरोजगार संबद्ध कार्मिकों को आचरण में सुधार के लिए चेतावनी पत्र जारी करते हुये कठोर कार्यवाही करें।

### नीलामी कराएं नहीं तो रुकेगा वेतन

- सीडीओ ने पाया कि जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं खादी ग्रामोद्योग कार्यालयों में पर्याप्त मात्रा में निष्प्रोज्य सामग्री एवं लाभार्थियों को दी जाने वाली सामग्री रखी है। सीजीओ ने निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी एक सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से करने और लाभार्थियों को देने के निर्देश दिए। आगाह किया कि निर्देश का पालन न करने पर पटल सहायक का मार्च का वेतन देय नहीं होगा।

# कुल्हाड़ी से हत्या करने के दोषी को उम्र कैद

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



- होली के दिन बेटे के सामने कर दी थी हत्या

**अमृत विचार।** लगभग एक साल पहले होली के त्योहार पर पुत्र के सामने पिता को कुल्हाड़ी से मौत के घाट उतारने के मामले में दोषसिद्ध ग्रामीण को सत्र न्यायाधीश शेषमणि ने आजीवन कारावास की सजा दी। साथ ही 11 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि 14 मार्च 2025 को जारोमाफी गांव की निवासी मीरा प्रजापति ने मारकुंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गांव के ही रामप्रसाद ने उसके पति शंकर से गालीगलौज की और विरोध करने पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के 12 वर्षीय बेटे सत्यम ने बताया था कि 14 मार्च को होली का त्योहार होने से स्कूल बंद था। उसके पिता बाल कटवाने के लिए घर से निकले थे । इस दौरान वह पिता को बुलाने के लिए गया और उनके साथ वापस आ रहा था। रास्ते में राम प्रसाद ने पिता से गालीगलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर कुल्हाड़ी से कई वार किए। इससे पिता का गला कट गया और हमलावर मौके से भाग गया।

ग्रामीण पिता को जिला अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनकी जबलपुर में मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को सत्र न्यायाधीश शेषमणि ने इस मामले में निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध हत्यारोपी राम प्रसाद को आजीवन कारावास की सजा दी। 11,000 रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया।



डेयरी का निरीक्षण करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

# दुग्ध उत्पादकों को भुगतान साप्ताहिक आधार पर करें

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- जिलाधिकारी ने किया डेयरी का निरीक्षण

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरुवार को दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (पराग डेयरी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान भुगतान प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादकों को उनके देयकों का भुगतान साप्ताहिक आधार पर बिना किसी विलंब किया जाए।

जिलाधिकारी ने दुग्ध प्रसंस्करण, संचयन और गुणवत्ता नियंत्रण मानकों की जानकारी ली। प्रधान प्रबंधक (दुग्ध) शारदा प्रसाद ने बताया कि वर्तमान में लगभग 22 गांवों से प्रतिदिन लगभग 2200 लीटर दूध की आवक हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के अतिरिक्त बांदा जिले के कुछ क्षेत्रों से भी दुग्ध प्राप्त किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने उन ग्राम पंचायतों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जहां से दुग्ध की आपूर्ति की जा रही है। साथ ही, प्लांट की भूमि के स्वामित्व के संबंध में जानकारी लेते हुए अभिलेखों की स्थिति स्पष्ट करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने गुणवत्ता परीक्षण प्रणाली की कार्यप्रणाली को समझा। प्रधान प्रबंधक ने बताया कि ग्राम पंचायतों में टेस्टिंग मशीनें स्थापित होने से फैट और मिलावट की जांच मौके पर ही संभव हो गई है। इसी वजह से गुरुवार को 40 लीटर दूध अस्वीकृत किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दुग्ध परीक्षण के मानकों का एक स्पष्ट चार्ट सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाए कि पशुपालकों में पारदर्शिता बनी रहे।

डीएम ने संयंत्र के आधुनिकीकरण पर बल दिया। और निर्देशित किया कि जो वाहन जर्जर अवस्था में हैं, उनके लिए एक कमेटी गठित कर नियमानुसार नीलामी कराई जाए। प्रधान प्रबंधक ने भविष्य में शुद्ध पनीर, खोया और पैकिंग मशीनरी की आवश्यकता जताई कि उत्पादों को मार्केट में सीधे बेचा जा सके। जिलाधिकारी ने इन प्रस्तावों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने संपूर्ण परिसर में उच्च स्तरीय स्वच्छता बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए। बताया गया कि गत वर्ष की तुलना में दुग्ध संकलन में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष के 250 लीटर से बढ़कर इस वर्ष लगभग 1100 लीटर (औसत) तक पहुंच गई है। निरीक्षण के दौरान डेयरी इंचार्ज छोटे लाल सिंह सहित अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

### छात्राओं को साइबर क्राइम से किया सचेत

**चित्रकूट।** सेवा भारती के तहत गुरुवार को छत्रपति शाहू जी महाराज महिला महाविद्यालय में छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में सचेत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा मंजू गौतम ने किया। इस मौके पर प्राचार्या आरती गुप्ता ने विद्यालय के संबंध में जानकारी दी। सेवा भारती के जिला महामंत्री राजकिशोर शिवहरे, गुरु प्रकाश शुक्ला,स्वच्छ भारत मिशन के शिवा कुमार, आबकारी निरीक्षक नीरज वर्मा, साइबर सेल के प्रशांत सिंह आदि ने महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। नशामुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गई।

# शोभायात्रा का किया भव्य स्वागत

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

- अयोध्या में होगा प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ के मानस धाम में श्रीराम राज्याभिषेक शोभायात्रा के पहुंचने पर स्वागत किया गया। यह तीन दिवसीय शोभायात्रा श्रृंगवेरपुर धाम से प्रयागराज और चित्रकूट पहुंचेगी, जहां पूजा अर्चना के बाद प्रभु राम राज्याभिषेक किया जाएगा।

राजापुर में राधेश्याम सोनी आदि ने इसका स्वागत किया। राम जनकनंदिनी और लक्ष्मण के साथ संकटमोचन हनुमान के स्वरूपों की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। श्रृंगवेरपुर धाम के पीठाधीश्वर संत



जानकारी देते श्रृंगवेरपुर धाम के पीठाधीश्वर संत कमल दास।

कमल दास ने कहा कि राजापुर धाम एक ऐसा तीर्थ है, जहां विश्वकवि गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीरामचरित मानस की रचना करके मानव समाज को ज्ञान, विवेक और आराधना के साथ जीवन जीने का संदेश दिया। बताया कि पहले इस धाम से पहले भरत यात्रा निकाली जाती थी। जब से अयोध्या में भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ तब से राम राज्याभिषेक शोभायात्रा निकाली जा रही है। राधेश्याम सोनी ने कहा कि सनातन धर्म के प्रचार प्रसार और शोभायात्राओं से नवयुवकों में सनातन के प्रति आस्था, विश्वास, भक्ति, समर्पण जागृत होती है। इस दौरान अखिलेश प्रताप सिंह, शंकरलाल सोनी, रज्जू सोनी, अशोक सोनी, हरिमोहन, सतीश मिश्रा सुनील मिश्रा, अंकित, नरेंद्र, ऋषभ आदि मौजूद रहे।

### क्षेत्र पंचायत कर्वी की बैठक छह को

**चित्रकूट।** बीडीओ महिमा विद्यार्थी ने बताया कि क्षेत्र पंचायत की बैठक तहसील सभागार में छह अप्रैल को होगी। इसकी अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख गोमती देवी करेंगी। इसमें गत बैठक की कार्यवाही, बाल विकास एवं पुष्टाहार परियोजना, शिक्षा संबंधी योजनाओं, पशुधन एवं चिकित्सा संबंधी योजनाओं, विद्युत संबंधी योजनाओं, पेयजल एवं हैंडपंप संबंधी समस्याओं आदि पर विचारविमर्श किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे बैठक में ससमय स्वयं प्रतिभाग करें।

**दिये निर्देश** जिला खरीद अधिकारी और एडीएम ने की गेहूं खरीद की तैयारियों की समीक्षा

# गेहूं अस्वीकृति की प्रक्रिया आनलाइन की जाएगी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला खरीद अधिकारी, अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर ने गुरुवार को गेहूं खरीद की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि किसानों का गेहूं मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने पर अस्वीकृति की प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल व रिजेक्शन रजिस्टर में की जाएगी।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि जिले में 35 क्रय केंद्र खोले गए हैं। इनमें खाद्य विभाग के सात, पीसीएफ के 27 एवं भारतीय खाद्य निगम का एक क्रय केंद्र है। गेहूं खरीद 15 जून तक की जाएगी और केंद्र प्रातः नौ से शाम छह बजे तक खुलेंगे। इस बार गेहूं खरीद का लक्ष्य 16 हजार मीट्रिक टन है।

क्रय केंद्रों के अतिरिक्त मोबाइल क्रय केंद्रों से भी खरीद की जाएगी। इसके लिए खाद्य विभाग के तीन मोबाइल क्रय केंद्र हैं। किसी भी गांव में एक ट्रक के लोड के बराबर गेहूं होने पर घर से खरीद की जाएगी। एफपीओ, एफपीसी, पंजीकृत सहकारी समिति, मल्टी सेक्टोरल समिति को भी क्रय केंद्र बनाया जा सकेगा। एडीएम ने केंद्र प्रभारियों को सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



गेहूं क्रय केंद्रों की तैयारी की समीक्षा करते अपर जिलाधिकारी। अमृत विचार

### पंजीकरण की व्यवस्था में परिवर्तन

- जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि इस बार पंजीकरण की व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। कृषि विभाग के एग्री स्टैक पोर्टल और ई पड़ताल डाटा के आधार पर स्वचालित सत्यापन होगा। ऐसा न होने की स्थिति में केंद्र प्रभारी खतौनी, खसरा, आधार कार्ड और पहचान पत्र के आधार पर स्वयं सत्यापित कर सकेंगे। बताया कि किसी परिस्थिति में गेहूं मानक के अनुरूप नहीं पाया जाता है तो अस्वीकृत किये जाने की प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल व रिजेक्शन रजिस्टर में की जाएगी।

### दलहन-तिलहन की खरीद के लिए क्रय केंद्र

- **चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि जिले में दलहन, तिलहन, चना, मसूर एवं सरसों की खरीद के लिए पीसीएफ क्रय केंद्र को आदेशित किया गया है। इसके तहत तहसील मऊ के अंतर्गत पीएससी बसिला मंडी स्थल एवं तहसील कर्वी के अंतर्गत पीएससी मंडी स्थल पर क्रय केंद्र खोले गए हैं।

### खरीद केंद्र पर मानक नमूना प्रदर्शित करें

- झा ने कहा कि सभी कार्य दिवसों में गेहूं क्रय केंद्र खुले रहेंगे। निर्देश दिए कि केंद्र पर गेहूं का एक मानक नमूना भी प्रदर्शित किया जाए। केंद्रों में पेयजल, बैठने, वाहन पार्किंग के लिये पर्याप्त स्थान रखा जाए। प्राकृतिक आपदाओं से गेहूं बचाने के लिए तिरपाल आदि की व्यवस्था कर ली जाए।

### पंजीकरण कराना आवश्यक

- गेहूं की बिक्री के लिए किसान को खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। ई-पाप (इलेक्ट्रानिक प्वाइंट आफ परचेज) मशीन के माध्यम से खरीद की जाएगी। किसान के स्वयं न होने की दशा में पंजीकरण प्रपत्र में दिये गये परिवार के सदस्य अथवा नामिनी का बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुए खरीद की जाएगी और पर्ची दी जाएगी।

# अमृत विचार

शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026




कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच चलो और कांटे चुभे न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। **- ओशो, दार्शनिक**



## ट्रंप के दावों का अर्थ

डोनाल्ड ट्रंप का यह दावा कि तीन सप्ताह के भीतर युद्ध खत्म हो सकता है, जितना आकर्षक लगता है, उतना ही जटिल और संदिग्ध भी है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में युद्ध केवल एक देश की इच्छा से समाप्त नहीं होते, बल्कि अनेक पक्षों, हितों और वास्तविकताओं के संतुलन से नियंत्रित होते हैं। ट्रंप अमेरिका के लिए युद्ध समाप्ति की घोषणा कर सकते हैं, लेकिन वे न तो इजराइल और न ही ईरान को युद्ध विराम के लिए बाध्य कर सकते हैं। इजराइल और ईरान दोनों अपने-अपने रणनीतिक हितों के अनुसार निर्णय लेते हैं। ऐसे में तीन सप्ताह में संपूर्ण युद्ध समाप्त होने का दावा व्यावहारिक नहीं, बल्कि राजनीतिक शिगूफा है। ट्रंप का यह कहना कि अमेरिका अपने "लक्ष्य हासिल कर चुका है", कई सवाल खड़े करता है। यदि लक्ष्य केवल ईरान की सैन्य क्षमताओं को सीमित करना था, तो सीमित अर्थों में यह दावा स्वीकार्य हो सकता है, लेकिन यदि लक्ष्य ईरान में सत्ता परिवर्तन था, तो यह दावा वास्तविकता से दूर है। ईरान की राजनीतिक व्यवस्था अभी भी कायम है और वहां किसी स्पष्ट सत्ता परिवर्तन के संकेत नहीं हैं। इसी प्रकार, ट्रंप का यह दावा कि ईरान युद्ध विराम चाहता है, तब और कमजोर पड़ जाता है, जब स्वयं ईरान इस बात से इनकार करता है।

अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में इस तरह के विरोधाभासी बयान अक्सर "नेरेटिव निर्माण" का हिस्सा होते हैं, जिनका उद्देश्य घरेलू और वैश्विक जनमत को प्रभावित करना होता है। ट्रंप के युद्ध समाप्ति के प्रति उत्साह के पीछे घरेलू राजनीतिक दबावों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अमेरिका में बढ़ती महंगाई, रक्षा खर्च का बोझ और आगामी चुनावी चुनौतियां, उन्हें एक "निर्णायक नेता" की छवि प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करती हैं। इतिहास गवाह है कि ट्रंप कई बार बड़े दावे करते रहे हैं और बाद में उनसे पीछे भी हटते रहे हैं। यह उनकी राजनीतिक शैली का हिस्सा भी है और कभी-कभी परिस्थितिजन्य मजबूरी भी। ट्रंप का यह कहना कि "होर्मुज जलडमरूमध्य से मेरा लेना-देना नहीं" वस्तुतः आंशिक सत्य है। अमेरिका पर इसका प्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव सीमित हो सकता है, लेकिन वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने पर पूरी दुनिया प्रभावित होती है। चूंकि यह संकट उसी संघर्ष से जुड़ा है, जिसमें अमेरिका की भूमिका रही है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का यह अपेक्षा करना स्वाभाविक है कि अमेरिका समाधान में सक्रिय भूमिका निभाए।

ट्रंप का तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त करने का दावा सुनिश्चित कूटनीतिक वास्तविकता नहीं होने से ऐसा संभव नहीं दिखता, पर मान लिया जाए कि तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त हो जाता है, तो इसका भारत और विश्व पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। तेल की कीमतों में स्थिरता आएगी, आपूर्ति श्रृंखला सुधरेगी और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता कम होगी। भारत जैसे ऊर्जा आयातक देश के लिए यह राहत अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। परंतु भारत को ट्रंप के बयानों को सतर्कता और यथार्थवाद के साथ लेना चाहिए। कूटनीति में घोषणाओं से अधिक महत्व परिस्थितियों और ठोस कदमों का होता है। भारत की नीति स्पष्ट होनी चाहिए- भावनाएं पीछे, पहले रणनीतिक स्वायत्तता, ऊर्जा सुरक्षा और अपने नागरिकों के दीर्घकालिक हितों की रक्षा के विवेक सम्मत निर्णय।

### प्रसंगवश

## दहेज नहीं लिया या बस नाम बदल दिया

भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि दो परिवारों का संबंध माना जाता है। यह संबंध परंपराओं, रीति-रिवाजों और सामाजिक मान्यताओं से जुड़ा होता है, लेकिन जब इन परंपराओं के पीछे छिपी मानसिकता पर सवाल उठता है, तो एक कड़वा सच सामने आता है। हमने बुराइयों को छोड़ा नहीं है, बस उनका स्वरूप बदल दिया है। आजकल शादियों में एक नया चलन तेजी से उभर रहा है। बड़े गर्व के साथ यह घोषणा की जाती है-"हमने दहेज नहीं लिया।" यह सुनते ही एक सकारात्मक छवि बनती है कि समाज बदल रहा है, लोग जागरूक हो रहे हैं, लेकिन जैसे ही शादी की रस्में आगे बढ़ती हैं, यह आदर्शवाद धीरे-धीरे दिखावे में बदलता नजर आता है।

थाली में सजी नगदी, सोना-चांदी और महंगे उपहार-सब कुछ सलीके से प्रस्तुत किया जाता है। फिर एक प्रतीकात्मक अभिनय होता है-लड़का या उसका परिवार उस ढेर में से मात्र एक रुपया उठाता है, मानो यह सिद्ध कर रहा हो कि उन्होंने दहेज नहीं लिया। शेष सब कुछ "रिवाज", "भात", "शगुन" या "उपहार" के नाम पर स्वीकार कर लिया जाता है। यह दृश्य केवल एक रस्म नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक मानसिकता का आईना है। सवाल यह नहीं कि एक रुपया लिया गया या नहीं, असली प्रश्न यह है कि क्या लड़की के परिवार पर आर्थिक या सामाजिक दबाव पड़ा या नहीं।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

दहेज प्रथा सदियों से भारतीय समाज की एक गंभीर समस्या रही है। पहले इसे खुले तौर पर मांगा जाता था- नकदी, गाड़ियाँ, गहने। समय बदला, कानून सख्त हुए, जागरूकता बढ़ी, और इस प्रथा के खिलाफ आवाजें उठीं, लेकिन क्या दहेज वास्तव में समाप्त हुआ? शायद नहीं। आज इसने अपना रूप बदल लिया है। अब इसे सीधे मांगना अनुचित माना जाता है, इसलिए इसे परंपरा और सम्मान की आड़ में छिपा दिया गया है। "भात", "तिलक", "सगाई के उपहार" और "विदाई के तोहफे" नाम भले बदल गए हों, पर लेन-देन की प्रवृत्ति वही है। "भात" जैसी परंपराएं, जो कभी स्नेह और आत्मीयता का प्रतीक थीं, आज कई जगह सामाजिक प्रतिस्पर्धा और दिखावे का माध्यम बन चुकी हैं। कितना सोना दिया गया, कितनी नगदी रखी गई, कितने महंगे वस्त्र और उपहार दिए गए, इन्हीं पैमानों पर अब "इज्जत" का आकलन होने लगा है। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर बोझ डालती है, बल्कि मध्यम वर्ग को भी अपनी क्षमता से अधिक खर्च करने के लिए विवश करती है। दिखावे की यह संस्कृति आज के समाज की एक बड़ी विडंबना बन चुकी है।

वास्तविक बदलाव के लिए हमें अपने दृष्टिकोण और व्यवहार दोनों को बदलना होगा। परंपराओं का पुनर्मूल्यांकन करना होगा और यह तय करना होगा कि कौन-सी परंपराएं सार्थक हैं और कौन-सी केवल दिखावे और दबाव का माध्यम बन चुकी हैं। विवाह को सादगी और गरिमा के साथ स्वीकार करना होगा। यह समझना होगा कि यह कोई प्रदर्शन नहीं, बल्कि विश्वास और सम्मान का संबंध है। इसमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी लड़के और उसके परिवार की है। उन्हें स्पष्ट रूप से यह तय करना होगा कि वे किसी भी रूप में, किसी भी नाम से लेन-देन स्वीकार नहीं करेंगे। अंततः यह स्वीकार करना होगा कि सम्मान धन से नहीं, मूल्यों से आता है। जब तक समाज खर्च को प्रतिष्ठा से जोड़कर देखता रहेगा, तब तक यह समस्या बनी रहेगी। अब समय आ गया है कि हम केवल यह कहने का दिखावा न करें कि "हमने दहेज नहीं लिया", बल्कि वास्तव में ऐसी स्थिति पैदा करें, जहां किसी को कुछ देने या लेने की आवश्यकता ही न पड़े।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# वैश्विक खाद्य संकट की ओर बढ़ता खाड़ी युद्ध






अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

कोई भी युद्ध हमेशा विनाशक ही होता है। इंसान हमेशा से अपने वर्चस्व, सत्ता की ताकत और अहंकार के लिए खुद को युद्ध में झोंकता रहता है, लेकिन इसका परिणाम सिर्फ युद्ध में लड़ रहे दोनों पक्षों पर ही नहीं, बल्कि पूरे समाज, देश और विश्व पर पड़ता है। एक माह से अधिक समय से चल रहे ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध की दशा और दिशा तय नहीं हो पा रही है और उसके परिणामों की आग में न सिर्फ ईरान और इजरायल, बल्कि लगभग आधी दुनिया जलने के कगार पर है और यदि ऐसा ही चलता रहा, तो पूरा विश्व एक ऐसे संकट में फंसने जा रहा है, जिस ओर अभी किसी का संभवतः ध्यान नहीं जा रहा है। तेल, गैस, उर्जा संकट से गुजर रहे विश्व पर निकट भविष्य में खाद्य संकट का पहाड़ टूटने वाला है।

मैरीटाइम इंटेलिजेंस कंपनी 'सिग्नल ग्रुप' के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में व्यापार होने वाली प्रमुख उर्वरको- अमोनिया, फॉस्फेट और सल्फर का 20 प्रतिशत हिस्सा अकेले खाड़ी देशों से आता है। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के अनुसार यूरिया, जो सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली नाइट्रोजन खाद है, का लगभग आधा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आता है। जब से ईरान युद्ध शुरू हुआ है, उर्वरकों की कीमतें 10 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार हर महीने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते लगभग 13.3 लाख टन उर्वरक का निर्यात किया जाता है।

यहां हम जानते हैं कि उर्वरकों का सीधा संबंध खाद्यान उत्पादन से है। उर्वरकों की कमी से मक्का, गेहूं और चावल जैसी फसलों का उत्पादन गिरने की संभावना है। भारत के दृष्टिकोण से देखें, तो हम लगभग दो-तिहाई नाइट्रोजन यानी यूरिया के लिए खाड़ी देशों पर निर्भर है। भारतीय यूरिया उत्पादकों को अपनी प्राकृतिक गैस की आवश्यकता का 60-70 प्रतिशत ही प्राप्त हो रहा है। भारत ओमान, सऊदी अरब और कतर से यूरिया का भी आयात करता है, जो वर्तमान युद्ध से प्रभावित हैं। उर्वरक की कमी आने वाले मानसून में खरीफ की बुवाई पर असर डाल सकती है, जिससे चावल, गेहूं और अन्य मुख्य अनाजों की खेती की लागत बहुत बढ़ जाएगी तथा उत्पादन भी कम हो जाएगा।

वित्त वर्ष 2025 में भारत ने 22 लाख टन सल्फर का आयात किया, जिसमें से 80 प्रतिशत से अधिक पश्चिम एशिया या खाड़ी देशों से आया है। सल्फर, कच्चे तेल के शोधन का एक मूल्यवान उत्पाद है, जिसका उपयोग डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) बनाने में किया जाता है, जो एक अन्य महत्वपूर्ण उर्वरक है। वित्त वर्ष 2025 में डीएपी आयात का 42 प्रतिशत से सऊदी अरब से आया था। 10 मार्च 2026 को भारत का यूरिया भंडार 62 लाख टन था। खरीफ फसल सीजन (जून-सितंबर) के लिए इसकी आवश्यकता लगभग 18-19 लाख टन है। गैस की कमी और आयात को लेकर अनिश्चितता के कारण घरेलू उत्पादन में गिरावट आई है, ऐसे में आपूर्ति की स्थिति स्पष्ट नहीं है। हम सब जानते हैं कि भारतीय किसान यूरिया का अत्यधिक उपयोग करते हैं, क्योंकि अन्य उर्वरकों की तुलना में इस पर भारी सब्सिडी दी जाती है। युद्ध की प्रारंभ से ही, वैश्विक यूरिया की कीमतें लगभग 48 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं।

> भारत मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया के लिए प्रमुख खाद्यान्न आपूर्तिकर्ता है, परंतु भारतीय खाद्य निर्यातकों का अधिकांश स्टॉक बंदरगाहों पर फंसा हुआ है। भारत के लिए खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें चिंताजनक हैं।

भारत मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया के लिए प्रमुख खाद्यान्न आपूर्तिकर्ता है, परंतु भारतीय खाद्य निर्यातकों का अधिकांश स्टॉक बंदरगाहों पर फंसा हुआ है। भारत के लिए खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें चिंताजनक हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में सोयाबीन तेल की कीमत 1100 डॉलर प्रति टन को पार कर गई है। कच्चे पाम तेल में भी लगभग 1.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जो जून 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। काला सागर बंदरगाहों से आने वाला सूरजमुखी का तेल भी तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है और इसका मूल्य 1,355 डॉलर प्रति टन है। वस्तुतः भारत पाम तेल और सोयाबीन तेल जैसे आयातित खाद्य तेलों पर अत्यधिक निर्भर है और यह उन्हीं जहाजों से आता हैं, जिनमें जीवाश्म ईंधन आता है।

भारत ही नहीं, बल्कि ब्राजील जो प्रमुख कृषि उत्पाद निर्यातक है, अपनी आवश्यकता का लगभग 40 प्रतिशत नाइट्रोजन (यूरिया) खाड़ी देशों से मंगाया है। युद्ध से उपजे संकट का असर वहां सोयाबीन और मक्के के उत्पादन पर पड़ेगा। अफ्रीकी देशों के लिए तो यह ज्यादा चिंताजनक है, क्योंकि उर्वरक की कीमतों में थोड़ी सी भी वृद्धि छोटे किसानों पर गहरा असर डालेगी, जिससे फसलों का उत्पादन गिर जाएगा और वहां पहले से विद्यमान भुखमरी की समस्या और भी गहरी हो जाएगी। स्वयं खाड़ी देश भी अपनी आवश्यकता का 80 से 90 प्रतिशत खाद्य पदार्थ आयात करते हैं, जिनमें अनाज और मांस से लेकर डेयरी उत्पाद और खाद्य तेल तक शामिल हैं। वे सभी आवागमन के लिए पूरी तरह होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं। अगर यह स्ट्रेट लंबे समय तक बंद रहता है, तो उनके सुरक्षित भंडार भी जल्द ही खत्म हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें राशनिंग लागू करने या लाल सागर और ओमान की खाड़ी के जरिए बहुत महंगे वैकल्पिक रास्तों का चुनाव करना होगा।

लंबे युद्ध का असर यूरोप और उत्तरी अमेरिका में बोआई के मौसम पर बहुत बुरा पड़ सकता है, जिसका मतलब है कि इस साल के अंत में खाद्य संकट पैदा हो जाएगा। संभवतः इसीलिए राष्ट्रपति ट्रंप इस युद्ध का जल्द अंत चाहते हैं। कम उपलब्धता और बढ़ती कीमतों के संयोजन से किसानों को कम उर्वरक उपयोग करने हेतु मजबूर होना पड़ेगा और इसका असर फसलों के उत्पादन पर पड़ेगा। बहस का मुद्दा यह नहीं है कि मध्य-पूर्व सहित पूरे पश्चिम एशिया को युद्ध की आग में किसने और क्यों झोंका? मुद्दा यह है कि इस युद्ध से उपजे उर्जा और खाद्य संकट ने पूरे वैश्विक मानव को अपनी चपेट में ले लिया है और यदि यह इसी तरह चलता रहा तो तेल, गैस खाद्यान्न एवं पानी के लिए इंसान को तरसा देगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



बिहार देश का सबसे गरीब राज्य है, जबकि इसकी तुलना में केरल एक विकसित राज्य है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में बिहार को केरल से सीखने की आवश्यकता है। एलडीएफ एक बार फिर केरल की सत्ता में वापसी करेगी।

**-तेजस्वी यादव**
कार्यकारी अध्यक्ष, आरजेडी

केरल की धरती पर खड़े होकर बिहार का अपमान करना शर्मनाक है। बिहार को गरीब बताने से पहले, तेजस्वी को अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। तेजस्वी यादव यह बताएं कि उनके माता-पिता लालू यादव और राबड़ी देवी ने अपने शासनकाल के दौरान बिहार के खजाने को लूटकर अपनी तिजोरियां कैसे भरी थीं।

**-उमेश कुशवाहा**
प्रदेश अध्यक्ष, जेडीयू



# पश्चिम एशिया में तनाव और भारतीय शेयर बाजार



धनीश शर्मा
लेखक

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ-साथ भारतीय शेयर बाजार पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। फरवरी के बाद से क्षेत्र में पैदा हुई अस्थिरता ने निवेशकों के भरोसे को कमजोर किया है, जिसका सीधा असर बाजार की दिशा पर पड़ा है। इस दौरान प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स में गिरावट देखने को मिली और यह अपने उच्चतम स्तर से फिसलकर नीचे आ गया, जिससे निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा।

दरअसल पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव खासतौर पर इजरायल, ईरान और अमेरिका के बीच टकराव ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता पैदा कर दी है। भले ही इसे पूर्ण युद्ध नहीं कहा जा सकता, लेकिन हालात इतने संवेदनशील हैं कि निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। यही वजह है कि बाजार में उतार-चढ़ाव और गिरावट का माहौल बना हुआ है। इस स्थिति को और गंभीर बनाने में कच्चे तेल की कीमतों की बड़ी भूमिका रही है। पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का प्रमुख केंद्र है और वहां किसी भी तरह का संघर्ष आपूर्ति को प्रभावित करता है। नतीजतन, तेल की कीमतों में वृद्धि होती है, जिसका असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ता है। इससे महंगाई का दबाव बढ़ता है और कंपनियों की लागत में इजाफा होता है, जो अंततः शेयर बाजार को प्रभावित करता है।

> इस स्थिति को और गंभीर बनाने में कच्चे तेल की कीमतों की बड़ी भूमिका रही है। पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का प्रमुख केंद्र है, और वहां किसी भी तरह का संघर्ष आपूर्ति को प्रभावित करता है।

इसके साथ ही, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी ने बाजार की गिरावट को और तेज कर दिया है। हाल ही में जारी केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा कंपनी के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च महीने में विदेशी निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार से भारी धनराशि निकाली। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार यह निकासी करीब 1.26 लाख करोड़ रुपये रही, जिसे असाधारण और रिकॉर्ड स्तर की बिकवाली माना जा रहा है। यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि कोविड-19 महामारी के दौरान वर्ष 2020 के बाद यह पहला अवसर माना जा रहा है, जब विदेशी निवेशकों ने इतनी बड़ी मात्रा में शुद्ध निकासी की है। इस बड़े पैमाने पर हुए पूंजी बहिर्वाह ने बाजार में गिरावट के दबाव को और बढ़ा दिया तथा निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

विदेशी निवेशकों की यह रणनीति वैश्विक अस्थिरता के बीच सामान्य मानी जाती है। जब भी दुनिया में किसी बड़े भू-राजनीतिक संकट का सामना होता है, निवेशक उभरते बाजारों से पैसा निकालकर सुरक्षित निवेश विकल्पों जैसे सोना या अमेरिकी बॉन्ड की ओर रुख करते हैं। भारत भी इस वैश्विक प्रवृत्ति से अछूता नहीं रह पाया है।

वहीं दूसरी ओर, रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से चल रहा युद्ध भी वैश्विक आर्थिक माहौल पर दबाव डाल रहा है। हालांकि इसका भारतीय शेयर बाजार पर असर अब तक अपेक्षाकृत कम देखने को मिला है, लेकिन यह वैश्विक अनिश्चितता और निवेशकों के जोखिम के आकलन में एक कारक के रूप में बना हुआ है। तेल, गैस और अन्य कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक पूंजी प्रवाह पर इसका अप्रत्यक्ष प्रभाव निवेशकों की रणनीतियों में बदलाव ला रहा है। इस वजह से, भारतीय बाजार भले ही फिलहाल स्थिर दिखाई दे रहा हो, लेकिन लंबे समय में इस संघर्ष के संभावित प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अब पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का असर शेयर बाजार पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है, लेकिन इस चुनौतीपूर्ण समय में केंद्र सरकार की भूमिका सराहनीय रही है। सरकार ने हालात को देखते हुए आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। महंगाई को नियंत्रित करना, आपूर्ति श्रृंखला को सुचारु रखना और निवेशकों का भरोसा बनाए रखना इसके मुख्य प्रयास रहे हैं। वैश्विक दबाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था को संतुलित बनाए रखना सरकार की प्रभावी रणनीति को दर्शाता है। इसके चलते बाजार में भरोसा बना हुआ है और दीर्घकाल में सुधार की उम्मीद कायम है। हालांकि इस चुनौतीपूर्ण माहौल में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने कुछ हद तक बाजार को सहारा दिया है। उनकी खरीदारी ने गिरावट को पूरी तरह बेकाबू होने से रोका है। इसके अलावा, भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी मजबूती जैसे मजबूत मांग, सरकारी निवेश और सुधारों की प्रक्रिया लंबी अवधि में बाजार के लिए सकारात्मक संकेत देती है।

अंततः कहा जा सकता है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव, रूस-यूक्रेन युद्ध का अप्रत्यक्ष असर, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी निवेशकों की भारी निकासी ने मिलकर भारतीय शेयर बाजार को दबाव में ला दिया है। अल्पकाल में यह स्थिति निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण बनी रह सकती है, लेकिन दीर्घकाल में बाजार की रिकवरी की उम्मीद बनी हुई है, क्योंकि मजबूत आर्थिक आधार अंततः निवेशकों का भरोसा वापस ला सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## विलुप्त होती किराना दुकानें

30 वर्षों में मेरे देखते-देखते अमेरिका में मॉम और पॉप स्टोर अर्थात् गली के नुक्कड़ वाली किराना वाली दुकानें विलुप्त हो गईं। वैसे 1996 तक ही अमेरिका में काफी हद तक कॉर्पोरेट कल्चर आ चुका था, लेकिन फिर भी पचास पर्सेंट किराना मार्केट छोटी-छोटी दुकानें होती थीं और शेष पचास पर्सेंट बड़े सुपर स्टोर्स। उस समय चार बड़ी सुपर स्टोर चेन का प्रतिशत कुल बाजार का 40 प्रतिशत था। वर्तमान में चार बड़ी चेन का बाजार में हिस्सा लगभग 70 प्रतिशत है। आरंभ सभी देशों का गली के नुक्कड़ वाली किराना दुकानों से हुआ, पर जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी आई, मॉनिटरिंग आसान होने लगी, सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल आसानी से होने लगा और एक दो दुकान वाले मालिक हजार स्टोर वाली चेन के मुकाबले टक्कर न ले पाए और फिर अंत में अमेजन आ गया, जहां घर बैठे सब कुछ मिल जाता है, तो इसने तो ताबूत में अंतिम कील ठोक दी। रही-सही कसर एआई ने पूरी कर दी। पिछले कुछ वर्षों में स्मॉल बिजनेसेज का कॉर्पोराइजेशन और तेजी से होने लगा। एआई ने ऐसे रिसोर्सेज जो कभी बिलियन डॉलर कंपनीज के पास ही होते थे आम जनता को पहुंचा दिए। अब ऐप बनाने के लिए प्रोग्रामर को दस हजार डॉलर देने की जरूरत न रही, क्लॉड में कोई भी स्वयं बना सकता है, तो ऐसे में हर क्षेत्र में नए दिमागी एंटरप्रेन्योर्स आए, सामान्य जनता इनके मुकाबले टिक न पाई और कॉर्पोरेटाइजेशन बहुत तेजी से हुआ।



नितिन त्रिपाठी
लेखक

वैसे यह बुरा किसी के लिए न हुआ। एक ग्रोसरी स्टोर मालिक का औसत फायदा आज की मुद्रा में 50,000 डॉलर होता, जिसके लिए उसे रोजाना पंद्रह घंटे खपाने पड़ते, सरदर्द अलग रहती। अब यह ऑनर नौकरी करते हैं मोस्टली स्टोर/ शिफ्ट मैनेजर जैसी पोस्ट पर हैं। दिन के आठ घंटे काम कर 70,000 डॉलर प्लस सैलरी बनाते हैं बगैर किसी रिस्क के। हां! वो आजादी चली गई, बॉस को रिपोर्ट करना पड़ता है। टेक के क्षेत्र में पिछले सौ सालों से टेक्नोलॉजी पहले अमेरिका में आती है, फिर शेष विश्व में यहीं के इन्वेस्टर फैलाते हैं। भारत में भी बहुत तेजी से सभी क्षेत्रों में कॉर्पोरेटाइजेशन हो रहा है। अब आप टैक्सी स्टैंड कोई न देखेंगे। ज्यादातर इंडिपेंडेंट टैक्सी ड्राइवर अब ओला/उबर में चलने लगे हैं। किराना के क्षेत्र में भी यह अंतिम पीढ़ी है, जो गली के कोने पर गुप्ता जी की दुकान देख रही है। गुप्ता जी का बेटा दुकान बेचकर या तो रियल एस्टेट में जाएगा या नौकरी करेगा। काफी हद तक छोटी दुकानों की मार्केट आलरेडी मॉल/ स्टोर/अमेजन/ब्लिंकिट चौपट कर चुके हैं। बस यह समय की बात है, दस से बीस वर्षों में यहां भी कॉर्पोरेट ही दुकानें भी चलाएंगे और देश भी। **- फेसबुक वॉल से**



### सामयिकी

## अपसंस्कृति के खिलाफ एक मुहिम

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के गांव जोगिया जगुनी पट्टी में पिछले 19 साल से चल रहा लोकरंग किसी साहित्य, संस्कृति, कला प्रेमी के लिए अब नया नहीं रह गया है। हाशिए के समाज के इतिहासकार और इतिहासकार सुभाषचंद्र कुशवाहा जिस लगन और प्रतिबद्धता के साथ इसे आयोजित करने का सिलसिला जारी रखे हुए हैं, उसने जन संस्कृति के संवर्धन को एक नया व्यावहारिक रंग-रूप दिया है। अंधाधुंध बाजारीकरण से उपजी लिप्सा की संस्कृति और बेरोजगारी के दंश ने गांवों की तस्वीर कुछ मायनों में शहरों से भी ज्यादा खराब कर दी है।

वैसे तो वर्णाश्रमी व्यवस्था की जटिल सामाजिक संरचना वाले भारतीय गांव श्यामाचरण दुबे की भद्र लोक वाली नजर से देखे गए और छायावादी कवियों की कल्पनाओं और कविताओं में अभिव्यक्त 'अहा ग्राम्य जीवन' वाले गांव कभी नहीं थे। आज बेरोजगारी के दंश के बीच शराब की दुकानों ने जिस तरह बहुतेरे गांवों की कुछ बची खुची पारंपरिक लोक संस्कृति पर हमला बोला है, उससे वहां की तस्वीर और बदरंग हो चुकी है। ऐसे में शहर से कम जरूरी नहीं है कि गांवों के इस बदरंग होते स्वरूप को किसी न किसी तरह बचाया जाए।



दया शंकर राय
लेखक

सुभाष कुशवाहा ने 19 साल पहले जो पहल की थी, उसने अब एक दिशा पकड़ ली है और फूहड़ता और अपसंस्कृति के खिलाफ कारगर हस्तक्षेप की एक ठोस राह भी दिखाई है। उनकी यह पहल उल्लेखनीय इसलिए कही जाएगी कि शराब की खुलती दुकानों ने गांवों के बेरोजगारों को नशे की ओर धकेल दिया है, लेकिन पिछले 19 साल से लोकरंग से जुड़ी इस जोगिया गांव की टीम के युवा न सिर्फ नशे से दूर हैं, बल्कि वे लोक संस्कृति और फूहड़ संस्कृति का फर्क भी बखूबी समझने लगे हैं।

बेरोजगारी बेशक उनके सामने भी वैसे ही है, पर जिस समझदारी भरी लगन से यह टीम लोकरंग को जमीन पर उतारती है, वह एक मिसाल है। जाहिर है इसमें सुभाष कुशवाहा का मार्गदर्शन अहम रहा है, लेकिन पहल तो किसी न किसी को लेनी पड़ती ही है। आज शहरों से भी ज्यादा जरूरी है कि ऐसे आयोजन गांवों, कस्बों और छोटे जिलों में हों। लखनऊ, इलाहाबाद, भोपाल जैसे शहरों में तो फिर भी कुछ साहित्यिक सांस्कृतिक और वैचारिक आयोजन होते रहते हैं, जिससे एक वैचारिक हलचल और बहस मुबाहिसे के मंच उपलब्ध होते हैं। ज्यादातर गांव तो इससे अछूते ही हैं, जबकि जरूरत इस बात की है कि हर किस्म के पिछड़ेपन और वैचारिक कूपमंडूकता और जड़ता के खिलाफ आधुनिकता पर आधारित मूल्यों और विचारों के उन्नयन और विचार-विमर्श के लिए गांवों में संस्कृति, कला और विचार के ज्यादा से ज्यादा मंच बनें।

लोकरंग का यह सफर इस दिशा में एक रास्ता दिखाता है। इसलिए अगर लोकरंग में शामिल टीमें और साथी इस दिशा में पहल करते हैं, तो यह बेहद मानीखेज होगा और लोकरंग का यह विस्तार एक नया रंग लाएगा। इससे बहुत कुछ न सही कुछ कुछ तो समृद्ध होगा ही, जो आगे चलकर बहुत कुछ की जमीन तैयार करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## खोज




# ऐसे हुआ माचिस का आविष्कार

माचिस की खोज मानव इतिहास में एक महत्वपूर्ण कदम थी, क्योंकि इससे आग जलाना बेहद आसान हो गया। पहले के समय में लोग आग जलाने के लिए पत्थरों को आपस में रगड़ते थे या लकड़ी से घर्षण पैदा करते थे, जो काफी कठिन और समय लेने वाला काम था। आधुनिक माचिस का विकास 19 वीं सदी में हुआ। वर्ष 1826 में इंग्लैंड के रसायनज्ञ जॉन वॉकर ने पहली बार ऐसी माचिस बनाई, जिसे रगड़कर जलाया जा सकता था। उन्होंने लकड़ी की छोटी तीली के सिरे पर रसायनों का मिश्रण लगाया, जिसमें एंटिमनी सल्फाइड, पोटैशियम क्लोरेट और गोंद शामिल थे। जब इस तीली को खुरदुरी सतह पर रगड़ा जाता था, तो घर्षण से यह जल उठती थी।

हालांकि वॉकर की माचिस में एक समस्या थी। यह जलते समय तेज गंध और चिंगारियां पैदा करती थी। इसके बाद फ्रांस के रसायनज्ञ चार्ल्स सौरिया ने इसमें सफेद फॉस्फोरस का उपयोग किया, जिससे माचिस आसानी से जलने लगी, लेकिन यह फॉस्फोरस जहरीला था और इससे काम करने वाले मजदूरों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता था। इस समस्या को दूर करने के लिए स्वीडन के वैज्ञानिक गुस्ताफ पास्च और बाद में जोहान लुंडस्ट्रॉम ने "सेफ्टी माचिस" विकसित की। इसमें लाल फॉस्फोरस को तीली पर नहीं, बल्कि माचिस की डिब्बी की साइड पर लगाया गया। इससे माचिस ज्यादा सुरक्षित हो गई और आज भी हम इसी प्रकार की माचिस का उपयोग करते हैं। इस तरह माचिस की खोज कई वैज्ञानिकों के प्रयासों का परिणाम है, जिसने मानव जीवन को सरल और सुविधाजनक बना दिया। आज माचिस हमारे दैनिक जीवन का एक सामान्य और बेहद उपयोगी साधन बन चुकी है।

### वैज्ञानिक के बारे में



जॉन वॉकर का व्यक्तिगत जीवन अत्यंत सरल और सादगीपूर्ण था, लेकिन उनकी खोज ने उन्हें इतिहास में विशेष स्थान दिलाया। उनका जन्म 29 मई 1781 को इंग्लैंड के स्टॉकटन-ऑन-टीज में हुआ था। वे पेशे से एक केमिस्ट और दवा विक्रेता थे तथा अपनी दुकान पर दवाइयां बनाते हुए खाली समय में रसायनों के साथ प्रयोग किया करते थे। स्वभाव से वे शांत, जिज्ञासु और मेहनती थे। उन्हें न तो अधिक प्रसिद्धि की चाह थी और न ही धन कमाने की लालसा, यही कारण रहा कि उन्होंने माचिस की खोज का पेटेंट भी नहीं कराया। उनके इस निर्णय का लाभ बाद में अन्य लोगों ने उठाया। जॉन वॉकर ने विवाह नहीं किया और अपना पूरा जीवन अपने काम व प्रयोगों को समर्पित कर दिया। 1 मई 1859 को उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी खोज आज भी दुनियाभर में उपयोगी बनी हुई है।



डॉ. कैलाश चन्द सैनी
वन्यजीव लेखक, जयपुर

प्रकृति की हर रचना के पीछे एक सुस्पष्ट उद्देश्य और जीवन का गहरा विज्ञान छिपा होता है। पक्षियों के लिए घोंसला महज तिनकों का संकलन नहीं, बल्कि उनके वंश की सुरक्षा का एक अभेद्य दुर्ग है। ये नीड़ न केवल उन्हें प्रकृति के थपेड़ों-सर्दी, गर्मी और बरसात से बचाते हैं, बल्कि शत्रुओं से सुरक्षा का एक मनोवैज्ञानिक और भौतिक कवच भी प्रदान करते हैं। वर्षावनों की सघनता हो या ग्रामीण अंचलों की शांति, परिंदों ने अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए ऐसे समाधान खोजे हैं, जो आधुनिक इंजीनियरिंग को भी विस्मय में डाल देते हैं।



# सृष्टि के स्मार्ट सर्जक



### बया: वास्तुकला की बेजोड़ किलेबंदी

भारतीय परिवेश में यदि पक्षियों के कलात्मक कौशल की बात हो, तो नन्हें 'बया' का नाम सर्वोपरि है। बया का घोंसला किसी कलात्मक उल्टे लटके थैले जैसा दिखता है, जिसे वह टहनियों के सबसे लचीले और संकरे सिरों पर बड़ी कुशलता से बुनती है। बया के घोंसले का असली रहस्य इसकी लंबी और संकरी प्रवेश सुरंग में छिपा है। जब कोई सांप या शिकारी पक्षी अंदर पहुंचने का प्रयास करता है, तो उसे इस झूलती हुई संकरी नली से गुजरना पड़ता है। चूंकि घोंसला अत्यंत लचीली टहनी पर होता है, शिकारी का भारी वजन उसे हिला देता है और वह अपना संतुलन खोकर नीचे गिर जाता है। जहां मैनाकिन शिकारी को मनोवैज्ञानिक भ्रम में छकाती है, वहीं बया अपनी संरचनात्मक बुनावट से शिकारी के लिए रास्ता ही दुर्गम और असंभव बना देती है।

### ब्लू मैनाकिन: लहराती पूंछ और दृश्य-भ्रम का विज्ञान

ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी जंगलों में जब हवा का झोंका आता है, तो पेड़ों की डालियों से काई और घास की लंबी-लंबी लटें झूलती दिखाई देती हैं। पहली नजर में ऐसा भ्रम होता है मानो किसी ने मोटे हरे रेशमी धागों की कोई झालर टांक दी हो, लेकिन यह कोई साधारण सजावट नहीं, बल्कि अस्तित्व की रक्षा का एक चतुर और सूझबूझ भरा सुरक्षा उपाय है। यह 'ब्लू मैनाकिन' पक्षी का घोंसला है, जिसने हाल ही में जीव विज्ञानियों को चकित किया है।

ब्लू मैनाकिन का घोंसला ऊपर से छोटा और प्यालेनुमा होता है, लेकिन इसके नीचे लटकती काई और रेशों की लंबी 'पूंछ' इसे अद्वितीय बनाती है। हवा में लहराती ये लटें दरअसल एक सुरक्षा कवच का काम करती हैं। इस पूंछ की लंबाई कभी-कभी दो मीटर तक पहुंच जाती है। हाल ही में विज्ञान पत्रिका 'बायलॉजी लैटर्स' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, बड़े शिकारी पक्षी इन लटों को देख तो लेते हैं, पर यह नहीं समझ पाते कि इनके शीर्ष पर घोंसला भी हो सकता है। दरअसल, घोंसले का जाना-पहचाना गोल आकार इन बिखरी हुई रेखाओं के बीच पूरी तरह लुप्त-सा जाता है। विज्ञान की भाषा में इसे 'डिस्रप्टिव कैमुफ्लाज' (विघटनकारी छलावरण) कहते हैं - एक ऐसा दृश्य-भ्रम जहां असली आकृति अपनी पहचान खोकर प्राकृतिक परिवेश में विलीन हो जाती है। एक प्रयोग में शोधकर्ताओं ने कुछ घोंसलों की ये लटकती पूंछें हटा दीं और कुछ को यथावत रहने दिया। परिणाम चौंकाने वाले थे जिन घोंसलों की पूंछ नहीं थी, उन पर शिकारियों के लगभग दस गुना अधिक हमले हुए। प्रयोग से यह प्रमाणित हुआ है कि प्रकृति में कभी-कभी 'दिखना' ही 'छिपने' का सबसे सुरक्षित तरीका होता है।

### रक्षा के दो बेजोड़ दर्शन: एक नजर में

प्रकृति ने इन नन्हें पक्षियों को जो 'सर्वाइवल स्किल्स' दी हैं, वे उनकी बुद्धिमत्ता का जीवंत प्रमाण हैं। जहां ब्राजील की ब्लू मैनाकिन दृश्य-भ्रम पर भरोसा करती है, वहीं भारतीय बया अपनी सुरक्षा के लिए जटिल वास्तुकला का सहारा लेती है। मैनाकिन की लंबी पूंछ घोंसले के वजूद को शिकारी की नजरों से ओझल करने वाला पर्दा है, तो बया का शिल्प कौशल एक ऐसा फिल्टर है, जहां से यह पक्षी खुद तो अंदर आ-जा सकता है, लेकिन बड़े सांप या शिकारी पक्षी संतुलन खोकर नीचे गिर जाते हैं।



### गंध और दृष्टि का संतुलन

दिलचस्प तथ्य यह है कि मैनाकिन की यह तकनीक केवल उन शिकारियों पर प्रभावी है, जो दृष्टि का इस्तेमाल करते हैं। सांप या छोटे स्तनधारी शिकारी जो गंध से शिकार तलाशते हैं, उनके लिए यह पक्षी एक और युक्ति अपनाता है। ये अपने घोंसले जलस्रोतों के ठीक ऊपर लटकी पतली टहनियों पर बनाते हैं, जहां गंध का पीछा करने वाले जीवों के लिए पहुंचना लगभग नामुमकिन होता है।

### कल्पनाशीलता ही सबसे बड़ी शक्ति

घोंसला पक्षियों के शिशुओं के लिए केवल आश्रय नहीं, बल्कि एक विकसित और सूझबूझ भरा अनुकूलन है। इन नन्हें परिंदों की दुनिया हमें सिखाती है कि सुरक्षा के लिए हमेशा शारीरिक शक्ति की आवश्यकता नहीं होती। कभी सूझबूझ भरी बुद्धिमानी, तो कभी समझदारी से बुना गया शिल्प ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच बन जाता है। मैनाकिन की लहराती पूंछें हों या बया की सूक्ष्म कलाकारी, जिसमें हर तिनका जीवन की रक्षा के विज्ञान से जुड़ा है। ये जीव अपने सीमित संसाधनों से ऐसी रणनीतियां विकसित करते हैं, जो आधुनिक सुरक्षा-डिजाइन की अवधारणाओं को भी प्रेरित कर सकती हैं। अंततः यह संघर्ष केवल परिंदों का नहीं, बल्कि इस सार्वभौमिक सत्य का है कि अस्तित्व की लड़ाई में कल्पनाशीलता ही सबसे बड़ी शक्ति है।

## वैज्ञानिक फैक्ट



# आखिर क्यों उदय और अस्त के समय लाल दिखाई पड़ता है सूर्य

सुबह उगते और शाम को ढलते समय सूरज का लालिमा लिए दिखाई देना एक सामान्य, लेकिन बेहद आकर्षक प्राकृतिक दृश्य है। दिन के समय वही सूरज सुनहरा या पीला नजर आता है, जबकि क्षितिज के पास पहुंचते ही उसका रंग लाल या नारंगी हो जाता है। साथ ही आसमान भी कई रंगों- लाल, पीला, नीला, बैंगनी और नारंगी की छटा बिखेरता नजर आता है। यह परिवर्तन किसी जादू का नहीं, बल्कि विज्ञान का परिणाम है। इस घटना के पीछे 'रेली स्कैटरिंग' यानी प्रकाश का प्रकीर्णन जिम्मेदार होता है। जब सूर्य का सफेद प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करता है, तो वह हवा में मौजूद गैसों, धूल और अन्य सूक्ष्म कणों से टकराकर अलग-अलग दिशाओं में फैल जाता है। सूर्य के प्रकाश में सात रंग होते हैं- लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, जामुनी और बैंगनी। इन सभी रंगों की तरंगदैर्ध्य (वेवलेंथ) अलग-अलग होती है।

बैंगनी और नीले रंग की तरंगदैर्ध्य सबसे छोटी होती है, इसलिए ये रंग वायुमंडल में अधिक बिखर जाते हैं। इसी कारण दिन के समय आसमान हमें नीला दिखाई देता है। वहीं लाल और नारंगी रंग की तरंगदैर्ध्य लंबी होती है, जिससे ये रंग ज्यादा दूरी तय कर पाते हैं और कम बिखरते हैं। सुबह और शाम के समय सूर्य की किरणें पृथ्वी के वायुमंडल से तिरछे कोण पर गुजरती हैं। इस दौरान उन्हें अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। परिणामस्वरूप छोटी तरंगदैर्ध्य वाले रंग (नीला और बैंगनी) रास्ते में ही बिखर जाते हैं, जबकि लंबी तरंगदैर्ध्य वाले रंग (लाल और नारंगी) हमारी आंखों तक पहुंचते हैं। यही कारण है कि सूरज उस समय लाल या नारंगी दिखाई देता है और आसमान रंग-बिरंगा हो जाता है। इस समय सूरज जरूर पीले से लाल रंग का लगने लगता हो, लेकिन इसका मतलब ये नहीं होता कि उसका रंग बदल गया है। धूल के बादल, धुंआ और इसी तरह के अन्य तत्व आसमान के रंग पर असर डालते हैं। अगर आप भारत, कैलिफॉर्निया, चिली, ऑस्ट्रेलिया या अफ्रीका के कुछ हिस्सों या लाल रेत वाले इलाकों के नजदीक रहते हैं, तो आपका वातावरण मौसम की स्थिति के आधार पर प्रकाश को प्रतिबिंबित करने वाले कणों से भरा हो सकता है।

# हम चले चांद की ओर



नासा ने बीते कल आर्टेमिस 2 मिशन की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग कर दी। फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से भारतीय समयानुसार सुबह 3 :54 बजे विशाल एसएलएस रॉकेट ने आसमान में उड़ान भरी। यह 54 साल बाद इंसानों को चांद की ओर ले जाने वाला पहला मानव मिशन है। लॉन्च पूरी तरह सफल रहा और चारों अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रूप से पृथ्वी की कक्षा में पहुंच गए हैं।

इस मिशन में चार सदस्यीय क्रू शामिल है- रीड वाइसमैन (मिशन कमांडर)

विक्टर ग्लोवर (पायलट) - चांद के पास जाने वाले पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री।

क्रिस्टीना कोच (मिशन स्पेशलिस्ट) - चांद मिशन पर जाने वाली पहली महिला।

जेरेमी हैनसेन (मिशन स्पेशलिस्ट)- चांद के पास जाने वाले पहले कनाडाई अंतरिक्ष यात्री ये चारों अब ओरियन कैप्सूल में बैठकर चांद की ओर बढ़ रहे हैं। आर्टेमिस 2 लैंडिंग मिशन नहीं है। यह 10 दिन का परीक्षण मिशन है। क्रू चांद के बहुत करीब- लगभग 9600 किलोमीटर तक जाएगा। वे चांद के चारों ओर घूमेंगे और फिर पृथ्वी पर वापस आएंगे। इस दौरान ओरियॉन कैप्सूल की गहरे अंतरिक्ष में काम करने की क्षमता, जीवन रक्षा प्रणाली, नेविगेशन, कम्युनिकेशन और हीट शील्ड की पूरी जांच की जाएगी। वापसी के समय ओरियॉन 40 हजार किलोमीटर प्रति घंटा की तेज गति से पृथ्वी के वायुमंडल में दाखिल होगा।

यह लॉन्च इसलिए ऐतिहासिक है, क्योंकि अपोलो 17 के बाद पहली बार इंसान चांद के इतने करीब जा रहे हैं। यह मिशन आर्टेमिस कार्यक्रम की असली शुरुआत है। इसकी सफलता के बाद नासा आर्टेमिस 3 में चांद पर इंसानों को उतारेगा और आगे चलकर चांद पर स्थायी बेस बनाने की तैयारी करेगा। यह मिशन भविष्य में मंगल ग्रह पर जाने वाले मिशनों की भी नींव रखेगा, साथ ही यह युवा पीढ़ी को अंतरिक्ष विज्ञान की ओर आकर्षित करेगा।



डॉ. राजीव अग्रवाल
लेखक

16 नवंबर सन् 2022 को आर्टेमिस-1 के प्रक्षेपण के साथ इस मिशन की शुरुआत हुई थी। अब क्रू कई दिनों तक चांद की ओर बढ़ता रहेगा। वे चांद के पीछे वाले हिस्से से भी गुजरेंगे, जहां पृथ्वी से रेडियो संपर्क कुछ समय के लिए टूट जाएगा। इस दौरान कई वैज्ञानिक प्रयोग किए जाएंगे। लगभग 10 दिन बाद ओरियॉन कैप्सूल प्रशांत महासागर में पैराशूट की मदद से उतरेगा। नासा की आर्टेमिस 2 मिशन की सफल लॉन्चिंग अंतरिक्ष इतिहास का एक बड़ा पल है। 54 साल बाद इंसान फिर चांद की यात्रा पर निकले हैं। यह मिशन न सिर्फ अमेरिका, बल्कि पूरी मानवता के लिए नई उम्मीद और नई संभावनाएं लेकर आया है।

# अप्रैल में आकाश दर्शन

अप्रैल 2026 आकाश को देखने वालों के लिए काफी रोमांचक महीना है। इसमें कोई सूर्य या चंद्र ग्रहण नहीं है, लेकिन पूर्णिमा, उल्का वर्षा, ग्रहों के सुंदर संयोग और गहरी आकाशीय वस्तुएं अच्छा-खासा नजारा दिखाएंगी। हमें सबकुछ आसानी से दिखेगा, बस शहर की रोशनी से दूर जाएं, बाइनोकुलर या छोटा टेलीस्कोप हो, तो बेहतर है। सभी समय यूटीसी में दिए गए हैं (भारतीय समय आईएसटी-यूटीसी+ 5 :30 घंटे)।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

- **चंद्र पूर्णिमा** - 2 अप्रैल को पूर्णिमा थी। चंद्रमा सूर्य से पृथ्वी के विपरीत स्थित और उसका चेहरा पूरी तरह से रोशन था। यह चरण 2:13 यूटीसी (कोऑर्डिनेटेड यूनिवर्सल टाइम) पर था। इस पूर्णिमा को प्रारंभिक मूल अमेरिकी जनजातियों द्वारा पूर्ण कृमि चंद्रमा (पिंग मून) के रूप में जाना जाता था, क्योंकि इसने मॉस पिंक या जंगली ग्राउंड फ्लॉक्स की उपस्थिति को चिह्नित किया, जो पहले वसंत फूलों में से एक है। इस चंद्रमा को स्प्राउटिंग ग्रास मून, ग्रोइंग मून और एग मून के नाम से भी जाना जाता है। कई तटीय जनजातियों ने इसे फिश मून भी कहा जाता है।
- **उच्चतम बिंदु पर बुध**- 3 अप्रैल को बुध ग्रह सूरज से 27.8 डिग्री की सबसे ज्यादा पश्चिमी ऊंचाई पर पहुंचेगा। बुद्ध ग्रह को देखने का यह सबसे अच्छा समय है, क्योंकि यह सुबह आसमान में क्षितिज के ऊपर अपने सबसे ऊंचे बिंदु पर होगा। सूरज उगने से ठीक पहले ग्रह को पूर्वी आसमान में नीचे देखें। बुध ग्रह को देखने का आनंद वाकई अनोखा और रोमांचक होता है। सौरमंडल का सबसे छोटा और सूर्य के सबसे नजदीक ग्रह होने के कारण बुध को 'भूतिया ग्रह' भी कहते हैं। यह ज्यादातर समय सूर्य की चमक में छिपा रहता है, इसलिए इसे देखना चुनौतीपूर्ण, लेकिन बेहद संतोषजनक होता है। बुध सूर्य से कभी ज्यादा दूर नहीं जाता। इसे देखने का सबसे अच्छा समय सूर्योदय से ठीक पहले (सुबह) या सूर्यास्त के तुरंत बाद (शाम) होता है, जब यह क्षितिज के पास चमकदार बिंदु की तरह दिखता है। सूर्यास्त के 30-40 मिनट बाद पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में देखा जाकता है। इसे देखने के लिए साफ क्षितिज चाहिए, शहर की लाइट्स से दूर बेहतर रहेगा। बुध को देखने का आनंद सिर्फ दृश्य नहीं, बल्कि यह एहसास भी है कि आप सूर्य के इतने करीब घूमते एक चट्टानी दुनिया को देख रहे हैं, जहां दिन में 400 सेल्सियस से अधिक तापमान और जहां रात में बेहद ठंड होती है।
- **आकाश में अंधकार**- 17 अप्रैल को अमावस्या (न्यू मून) होगी। इस दिन चंद्रमा सूर्य की तरह पृथ्वी के एक ही तरफ स्थित रहेगा और रात्रि आकाश में दिखाई नहीं देगा। यह खगोलीय घटना 20:30 यूटीसी पर घटित होगी। यह आकाशगंगा और तारा समूहों जैसी धुंधली वस्तुओं का निरीक्षण करने के लिए इस माह का सबसे अच्छा समय है, क्योंकि इन्हें देखने के लिए चांदनी बाधा नहीं बनेगी। ऐसे में रात के आकाश में आकाशगंगा या मंदाकिनी के दर्शन किए जा सकते हैं। नासा की शक्तिशाली हब्बल टेलिस्कोप ने अंतरिक्ष की कई आकाशगंगाओं की तस्वीरें लेने का अद्भुत काम किया है। कई आकाशगंगाएं इतनी दूर हैं कि उनका प्रकाश हम तक पहुंचने में लाखों साल का समय लग जाता है।



### अर्थ शाइन

19-20 अप्रैल को अर्थ शाइन होगी, जिसे हिंदी में पृथ्वी चमक या चंद्र चमक भी कहा जाता है, एक खगोलीय घटना है, जिसमें चंद्रमा के उस भाग पर पृथ्वी से परावर्तित सूर्य की रोशनी पड़ती है, जो हमारी दृष्टि से अंधेरा (अनिलुमिनेटेड) दिखाई देता है। सरल शब्दों में, जब चंद्रमा पतला (क्रिसेंट) आकार का होता है, तो उसके उज्ज्वल किनारे पर सूर्य की सीधी रोशनी पड़ती है, लेकिन अंधेरे भाग पर पृथ्वी की चमक (जो सूर्य से प्राप्त रोशनी को परावर्तित करती है) दिखाई देती है। यह चंद्रमा को दोहरी चमक वाला बनाती है, एक पतली रोशनी की पट्टी और उसके पीछे हल्की, नीली-ग्रे चमक। यह घटना अल्बर्टो डेमोंड (15वीं शताब्दी) द्वारा वर्णित की गई थी और इसे 'पुराना चंद्रमा नई चंद्रमा की गोद में' (ओल्ड मून इन द न्यू मून्स आर्म्स) भी कहा जाता है। अर्थ शाइन पृथ्वी के वायुमंडल और महासागरों के कारण चमकीला होता है, जो सूर्य की रोशनी को फैलाते हैं। इसे देखने का सबसे अच्छा दृश्य नव चंद्रमा (न्यू मून) के 2-3 दिन बाद या पहले, जब चंद्रमा 5-10 प्रतिशत रोशन (इल्यूमिनेटेड) होता है। इस समय चंद्रमा सूर्योदय या सूर्यास्त के करीब होता है और अंधेरा आकाश चमक को उभारता है।

### उल्का वर्षा का आनंद

अप्रैल माह में रात के आकाश में उल्का वर्षा का आनंद लिया जा सकता है। 22 व 23 अप्रैल रात के आकाश में लिरिड्स नामक उल्का वर्षा दिखाई देगी। आकाश में कभी-कभी एक ओर से दूसरी ओर अत्यंत वेग से जाते हुए अथवा पृथ्वी पर गिरते हुए, जो पिंड दिखाई देते हैं, उन्हें उल्का (मेट्योर) और साधारण बोलचाल में टूटते हुए तारे अथवा लूका कहते हैं। उल्काओं का जो अंश वायुमंडल में जलने से बचकर पृथ्वी तक पहुंचता है, उसे उल्कापिंड (मेट्योराइट) कहते हैं। प्राय: प्रत्येक रात्रि को उल्काएं अनगिनत संख्या में देखी जा सकती हैं, किंतु इनमें से पृथ्वी पर गिरने वाले पिंडों की संख्या अत्यंत अल्प होती है। एक विशेष समय में रात के आकाश में इनके गिरने की संख्या बढ़ जाती है, तब इसे उल्का वर्षा (मेट्योर शॉवर) कहते हैं। यह एक औसत प्रकार की उल्का वर्षा है, जिसमें आमतौर पर प्रति घंटे लगभग 20 उल्काओं का पात होगा। यह धूमकेतु सी/1861 जी 1 थैचर द्वारा छोड़े गए धूल कणों द्वारा निर्मित उल्का वर्षा है, जिसे वर्ष 1861 में खोजा गया था। उल्का वर्षा 16-25 अप्रैल तक सालाना चलती है। यह इस साल 22 की रात और 23 की सुबह अपने चरम पर होगी। ये उल्कापिंड कभी-कभी चमकीले धूलकणों का उत्पादन कर सकते हैं, जो कई सेकंड तक चलते हैं और टूटते तारों के रूप में दृष्टिगोचर होंगे। सर्वश्रेष्ठ दृश्य आधी रात के बाद किसी अंधेरे स्थान से दिखाई दे सकता है। उल्का नक्षत्र लियरा से आते दिखाई देंगे, लेकिन आकाश में कहीं भी दिखाई दे सकते हैं।

## बिजनेस ब्रीफ

### एनटीपीसी ने 2025-26 में जोड़ी रिकॉर्ड 9.6 गीगावाट क्षमता

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 432.2 अरब यूनिट बिजली का उत्पादन किया है। एनटीपीसी ने बताया कि उसने इस दौरान अपने नेटवर्क में 9,619 मेगावाट (लगभग 9.6 गीगावाट) की रिकॉर्ड नयी उत्पादन क्षमता भी जोड़ी है। कंपनी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष में जोड़ी गई कुल क्षमता में से 5,488 मेगावाट क्षमता सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल विद्युत परियोजनाओं की है।

### बढ़ेंगे महिंद्रा एसयूपी और वाणिज्यिक वाहनों के दाम

**मुंबई।** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शुक्रवार को कहा कि वह आगामी छह अप्रैल से अपने गैर-इलेक्ट्रिक एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 2.5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने इस मूल्य वृद्धि का कारण लागत में बढ़ोतरी को बताया है। कंपनी ने बयान में कहा कि महिंद्रा एंड महिंद्रा अपने (आईसीई-पेट्रोल/डीजल आधारित) एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 2.5 प्रतिशत तक की वृद्धि की घोषणा करती है। सभी मॉडल पर यह औसत बढ़ोतरी 1.6 प्रतिशत होगी।

### कोल इंडिया की बिक्री 6 माह में पहली बार बढ़ी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लि. (सीआईएल) ने मार्च महीने के दौरान छह माह में पहली बार बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की है। यह बढ़ोतरी पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण गैस की कमी के बीच, गर्मियों में कोयले की सबसे ज़्यादा मांग से पहले कोयले का ज़्यादा स्टॉक की स्थिति को दर्शाती है। कोल इंडिया का देश के कुल कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से ज़्यादा का हिस्सा है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में सीआईएल द्वारा कोयले की बिक्री या ग्राहकों को आपूर्ति 0.7 प्रतिशत बढ़कर 6.95 करोड़ टन हो गई।

### ओला ने रोडस्टर 9.1 की कीमत 60,000 घटाई

**नयी दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल रोडस्टर एक्स 9.1 केडब्ल्यूएच की कीमत में 60,000 रुपये की कटौती की बृहस्पतिवार को घोषणा की। यह मोटरसाइकिल कंपनी के 4680 भारत सेल से लैस है। कंपनी बयान के अनुसार, यह कदम उसकी गिगाफैक्ट्री में बड़े पैमाने पर उत्पादन बढ़ने और स्वदेशी रूप से विकसित 4680 भारत सेल के एकीकरण के कारण संभव हुआ है। सेल उत्पादन बढ़ने के साथ लागत दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है जिससे इन लाभों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचाना है।

# पेट्रोरसायन उत्पादों पर आयात शुल्क में छूट, 1800 करोड़ का पड़ेगा बोझ

## 30 जून तक प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन घटकों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने गुरुवार को महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात पर तीन महीने यानी 30 जून तक सीमा शुल्क से छूट देने की घोषणा की।

पश्चिम एशिया में संकट के बीच आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने एवं उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए यह कदम उठाया गया है। इससे प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन घटक तथा अन्य विनिर्माण क्षेत्रों जैसे पेट्रोरसायन कच्चा माल और मध्यवर्ती वस्तुओं पर निर्भर उद्योगों को लाभ मिलेगा। इस कदम से सरकारी खजाने पर लगभग 1,800 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधान को देखते हुए सरकार ने 30 जून तक महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट देने का फैसला किया है।




• मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है।

मंत्रालय ने कहा कि यह कदम एक अस्थायी एवं लक्षित राहत उपाय के रूप में उठाया गया है, ताकि घरेलू उद्योग के लिए आवश्यक पेट्रोरसायन कच्चे माल की उपलब्धता बनी रहे और प्रसंस्करण क्षेत्रों पर लागत का दबाव कम हो तथा देश में आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। इससे अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी।

मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन (मेथिलीन क्लोराइड), विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है।

पश्चिम एशिया युद्ध के कारण शिपिंग मार्गों में व्यवधान से उर्वरक, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के आयात को लेकर चिंता बढ़ गई है।

भारत उर्वरक एवं पेट्रोलियम का बड़ा आयातक है। अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले शुरू करने और तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार ने पिछले सप्ताह वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के असर से उपभोक्ताओं को बचाने के लिए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपये प्रति लीटर घटा दिया था।

साथ ही डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन (एटीएफ) पर 29.50 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया है। फिलहाल पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल पर शून्य है।

## रुपये में उछाल से सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा, निफ्टी 22,700 के पार

**मुंबई, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 22,713 अंक के ऊपर पार निकल गया। शेयरों की निचले स्तर पर लिवाली और रुपये में तेज बढ़त से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के निचले स्तर से 2,000 से अधिक अंक की वापसी करते हुए अंत में 185.23 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,319.55 अंक पर बंद हुआ।

सूचकांक गिरावट के साथ खुला और कारोबार के पहले भाग में 1,588 अंक टूटकर दिन के निचले स्तर 71,545.81 अंक पर आ गया। एचसीएल टेक और टीसीएस जैसी आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों और एचडीएफसी बैंक तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख बैंकों में मजबूत लिवाली से सूचकांक को भारी नुकसान से उबरने में मदद मिली और कारोबार समाप्त होने से पहले यह 73,568.54 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# देश का रक्षा निर्यात 62 फीसदी बढ़कर 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में सालाना आधार पर 62 प्रतिशत से अधिक बढ़कर रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच पर जानकारी देते हुए कहा कि रक्षा निर्यात में यह बड़ी छलांग भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं पर बढ़ते वैश्विक भरोसे को दर्शाती है। देश रक्षा निर्यात में सफलता की शानदार कहानी लिख रहा है।

उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह गत वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 62.66 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि है। रक्षा मंत्री ने कहा कि 14,802 करोड़ रुपये की इस बड़ी वृद्धि से भारत की स्वदेशी क्षमताओं और उन्नत विनिर्माण क्षमता पर वैश्विक भरोसा झलकता है।

उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि में रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) का योगदान 54.84 प्रतिशत और निजी उद्योग का योगदान 45.16 प्रतिशत रहा जो सहयोगात्मक एवं आत्मनिर्भर रक्षा तंत्र की ताकत को दर्शाता है। भारत का रक्षा निर्यात 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपये और 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपये रहा था। रक्षा मंत्रालय ने बयान में



2025-26 में दर्ज रक्षा निर्यात को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

मंत्रालय ने कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग की यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विश्व के शीर्ष रक्षा निर्यातकों में स्थान दिलाने के लक्ष्य के अनुरूप है। इसमें कहा गया कि योगदान के मूल्य के संदर्भ में, निजी क्षेत्र का रक्षा निर्यात में 17,353 करोड़ रुपये का योगदान रहा जबकि रक्षा उपक्रमों (डीपीएसयू) का योगदान 21,071 करोड़ रुपये रहा। गत वित्त वर्ष में इनका योगदान क्रमशः 15,233 करोड़ रुपये और 8,389 करोड़ रुपये था।

मंत्रालय ने कहा कि प्रणालियों व उप-प्रणालियों का सफल वैश्विक साझेदार होने के अलावा भारत वित्त वर्ष 2025-26 तक 80 से अधिक देशों को रक्षा उपकरणों का निर्यात कर रहा है। रक्षा निर्यातकों की संख्या भी बढ़कर 128 से 145 हो गई है, जो गत वित्त वर्ष की तुलना में 13.3 प्रतिशत की वृद्धि है।

## अप्रत्यक्ष कर संग्रह 15.52 लाख करोड़ रुपये के पार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार का अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में संशोधित अनुमान से मामूली रूप से अधिक रहा है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संशोधित अनुमान के अनुसार, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सहित कुल अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में 15.52 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहने का अनुमान है। इसमें सीमा शुल्क 2.58 लाख करोड़ रुपये, उत्पाद शुल्क 3.38 लाख करोड़ रुपये और केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) 9.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। बताया कि सीमा शुल्क राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित अनुमान का 102 प्रतिशत रहा।

## श्वेतक्रांति: 51 हजार महिलाएं बनीं उद्यमी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** प्रदेश के तराई क्षेत्र में आई श्वेतक्रांति ने महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। बरेली, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सीतापुर और रामपुर समेत छह जिलों के 1500 गांवों में 51 हजार महिलाएं दुग्ध व्यवसाय के जरिए उद्यमी बन चुकी हैं। इन महिलाओं के खातों में हर महीने 3, 13 और 23 तारीख को नियमित भुगतान पहुंच रहा है, जिससे उनकी आय स्थिर और भरोसेमंद बनी है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं उत्पादन से लेकर संग्रहण और विपणन तक की पूरी जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

• 250 करोड़ से ज्यादा कारोबार 1500 गांवों में फैला दुग्ध व्यवसाय
• छह जिलों में महिलाओं ने बदली ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर

सृजनी एमपीसीएल के नेतृत्व में तराई क्षेत्र में प्रतिदिन एक लाख लीटर से अधिक दूध का संग्रहण और बिक्री हो रही है। अब तक महिलाएं सवा दो सौ करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी हैं। जो क्षेत्र पहले पिछड़े माने जाते थे, वे अब महिला उद्यमिता के नए केंद्र बन गए हैं।

तराई की यह श्वेतक्रांति केवल आर्थिक उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का भी मजबूत उदाहरण बन रही है, जहां महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति दे रही हैं।

## युवा उद्यमी योजना में आजमगढ़ दूसरे व हरदोई तीसरे स्थान पर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में अहम साबित हो रहा है। जिलावार प्रदर्शन में जौनपुर ने 151.56 प्रतिशत उपलब्धि के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि आजमगढ़ 149.96 प्रतिशत के साथ दूसरे और हरदोई तीसरे स्थान पर रहा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के तहत लक्ष्य से अधिक आवेदन आए और बड़े पैमाने पर युवाओं को लोन वितरित किया गया। प्रदेश में 1.5 लाख लोन वितरण के लक्ष्य के सापेक्ष 3,86,092 युवाओं ने आवेदन किया। इनमें से 3,30,441 आवेदन बैंकों को भेजे गए, जबकि 1,45,454 को स्वीकृति मिली।

अब तक 1,38,304 युवाओं को लोन वितरित किया जा चुका है। जौनपुर ने लक्ष्य से 151.56 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। जिले में 2,700 के लक्ष्य के मुकाबले 4,092 युवाओं को लोन मिला। प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर युवाओं को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने का असर साफ दिखा। आजमगढ़ ने 149.96 प्रतिशत उपलब्धि के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जहां ब्लॉक स्तर पर वर्कशॉप और काउंसिलिंग से युवाओं को जोड़ा गया। हरदोई ने 3,226 युवाओं को लोन देकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। झांसी ने चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि लखीमपुर खीरी पांचवें स्थान पर रहा। अंबेडकरनगर, बहराइच, चित्रकूट और बलिया का प्रदर्शन भी बेहतर रहा।

# लंदन में 'झुमका बासमती' का वैश्विक आगाज

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** लंदन में 30 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम (आईएफई) में उत्तर प्रदेश ने कृषि उत्पादों का वैश्विक प्रदर्शन कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

खासकर अंतराष्ट्रीय मंच पर बरेली के गॉडसन ऑर्गेनिक फार्म का झुमका बासमती, हंसराज बासमती व तिलक चंदन जैसी पारंपरिक सुगंधित धान कई देशों को पसंद आया।

बरेली की प्रसिद्ध लाल मिर्च, येलो चिली तथा अन्य उच्च गुणवत्ता वाले मसालों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पोलैंड, चीन और अमेरिका के संस्थागत खरीदारों के साथ-साथ विश्वभर के प्रख्यात शेफ एवं पाक-कला विशेषज्ञों ने पारंपरिक जैविक किस्मों में गहरी रुचि दिखाई। इससे निर्यात की संभावना बढ़ गई। प्रदेश के पांच प्रमुख कृषि उत्पादकों ने चावल, शहद, मसाला, फल समेत अन्य उत्पादों का प्रदर्शन करके राज्य की समृद्ध कृषि परंपरा और गुणवत्ता का परिचय दिया।


• बरेली की प्रसिद्ध लाल मिर्च, येलो चिली तथा मसालों पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया
• बयूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पोलैंड, चीन व संयुक्त राज्य अमेरिका ने दिखाई रुचि




अतिथियों को बरेली का उपहार सौंपते प्रगतिशील किसान अनिल साहनी।

## निर्यात के लिए खुले नए द्वार : अनिल साहनी

**बरेली।** बरेली के प्रगतिशील उद्यमी अनिल कुमार साहनी (गॉडसन ऑर्गेनिक फार्म) ने इवेंट में वैश्विक स्तर पर जनपद का मान बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश से चयनित मात्र 5 प्रतिभागियों में शामिल अनिल साहनी की संस्था द्वारा विकसित पेटेंटेड धान किस्म 'झुमका बासमती' और लुप्तप्राय सुगंधित किस्म 'तिलक चंदन' अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। अनिल कुमार साहनी ने बताया कि इस वैश्विक मंच ने उत्तर प्रदेश के किसानों की पहुंच सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक सुनिश्चित की है। इससे न केवल पारंपरिक कृषि पद्धतियों और विरासत उत्पादों के संरक्षण को मजबूती मिलेगी, बल्कि किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य भी प्राप्त होगा। इवेंट के सकारात्मक परिणाम स्वरूप बरेली की इन प्रीमियम धान किस्मों के निर्यात हेतु कई महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौते शुरू हुए हैं। ये समझौते वैश्विक 'स्पेशलिटी राइस मार्केट' में भारत और उत्तर प्रदेश की उपस्थिति को और अधिक सशक्त करेंगे।



पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव **महासंग्राम**



# केरल में यूडीएफ-एलडीएफ से तंग आ चुके हैं लोग : प्रधानमंत्री

## मोदी ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से ऑनलाइन किया संवाद

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को केरल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से कहा कि तिरुवनंतपुरम में स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी को मिली सफलता नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा के लिए बढ़ते समर्थन की लहर को दर्शाती है। मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुए संवाद में कहा कि यह स्पष्ट है कि इस बार केरल न केवल एक नयी सरकार, बल्कि एक नयी व्यवस्था भी चुनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लहर है।

तिरुवनंतपुरम ने एक नयी मिसाल कायम की है। अब तक वाम दलों और कांग्रेस दोनों का मानना था कि कुशासन या कुप्रबंधन की परवाह किए बिना वे बारी-बारी से सत्ता में आ सकते हैं। हालांकि, तिरुवनंतपुरम ने इस धारणा को चकनाचूर कर दिया है। मोदी ने कहा कि नतीजतन, संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) अब एक-दूसरे पर हमले करने के बजाय भाजपा को निशाना बना रहे हैं... लोग यूडीएफ और एलडीएफ द्वारा की जा रही लूट से तंग आ चुके हैं। संवाद में प्रधानमंत्री ने मौके पर खरा उतरने के महत्व को रेखांकित किया और इस बाबत केरल के क्रिकेट खिलाड़ी संजू सैमसन का उदाहरण दिया। मोदी ने कहा कि हम अक्सर संजू सैमसन के प्रदर्शन में यह देखते हैं। विश्व कप के दौरान, जब टूर्नामेंट अपने निर्णायक नॉकआउट चरणों में पहुंचा, तो उनका प्रदर्शन चरम पर था। एक महान खिलाड़ी हमेशा तब बेहतरीन प्रदर्शन करता है, जब उसकी टीम को उसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है।



## महिलाओं पर टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने यूडीएफ उम्मीदवार का चुनाव प्रचार रोका

**पलक्कड़, एजेंसी।** भाजपा कार्यकर्ताओं के एक समूह ने बुधवार रात पलक्कड़ चुनाव क्षेत्र में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के उम्मीदवार रमेश पिशारडी के चुनाव प्रचार को रोक दिया, जिससे चुनाव के इस अहम समय में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की प्रदेश महासचिव और राजग उम्मीदवार शोभा सुरेंद्रन ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन श्री पिशारडी की उन टिप्पणियों के खिलाफ था, जो उन्होंने हाल ही में यौन उत्पीड़न के एक मामले में फिल्म निर्देशक रंजीत की गिरफ्तारी को लेकर की थीं। उन्होंने श्री पिशारडी पर इस गंभीर मुद्दे को हल्का बनाने का आरोप लगाया। श्री पिशारडी ने घेराव की निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में उम्मीदवारों को सभी क्षेत्रों में वोट मांगने का अधिकार है। तनाव को देखते हुए बाद में यूडीएफ की टीम वहां से हट गयी। केरल में नौ अप्रैल को होने वाले चुनावों के लिए राजग, यूडीएफ और एलडीएफ के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।



असम के कालियाबोर में जनसभा में स्थानीय प्रत्याशियों के साथ गृहमंत्री अमित शाह।

## कांग्रेस ने घुसपैठियों को सौंप दिया था काजीरंगा, राजग ने बचाया : शाह

**कालियाबोर (असम), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राज्य में अपने 15 साल के शासन के दौरान असम के विकास के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने यहां चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान को घुसपैठियों के हवाले कर दिया, जिन्होंने वन भूमि पर अतिक्रमण किया और एक सींग वाले गैंडों को खतरे में डाल दिया। उन्होंने कहा कि यह राजग सरकार थी जिसने अतिक्रमणकारियों को हटाया और यह सुनिश्चित किया कि काजीरंगा एक बार फिर विश्व पर्यटन मानचित्र पर आए। कहा कि कांग्रेस शासन में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह असम से राज्यसभा सदस्य थे, लेकिन न तो उस समय की केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार ने इसके लिए कुछ किया। दो दिवसीय दौरे पर आए शाह ने कालियाबोर में भाजपा के सहयोगी दल असम गण परिषद (एजीपी) के उम्मीदवार और मंत्री केशव महंत के लिए प्रचार किया।

### भाजपा किसी धर्म-भाषा के खिलाफ नहीं : गडकरी

**गुवाहाटी, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा किसी भी जाति, धर्म या भाषा के खिलाफ नहीं है और विविधता में एकता ही हमारी विशेषता है। असम के पलाशबाड़ी निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विशिष्ट धर्म के लोगों को मतदान का अधिकार देने में दी गई छूट संविधान के मार्गदर्शन के अनुसार है। गडकरी ने कहा कि भाजपा किसी जाति, क्षेत्र, धर्म या भाषा के खिलाफ नहीं है। लेकिन जो विदेशी नागरिक आते हैं, क्या उन्हें मतदान का अधिकार दिया जाना चाहिए? फिर आप सबका क्या होगा? दावा किया कि संविधान इस संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करता है क्योंकि सिख, हिंदू, बौद्ध, जैन निर्वासित हैं और उनका कोई दूसरा देश नहीं है।

## न्यायिक अधिकारियों पर हमला निंदनीय, भाजपा रच रही साजिश : ममता

**सुति/सागरदिघी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव मामले में गुरुवार को भाजपा और निर्वाचन आयोग को निशाना बनाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बंगाल में अशांति फैलाने और अंततः विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया। मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी और सुति में रैलियों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने सधे हुए शब्दों में भाजपा पर तीखा हमला किया और लोगों से भाजपा के दंगों के जाल में नहीं फंसने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि निर्वाचन आयोग के हस्तक्षेप के बाद प्रशासनिक शक्तियां छीन लिए जाने के बावजूद वह राजनीतिक रूप से लड़ाई लड़ रही हैं।

## द्रमुक शासन में अपराधों में वृद्धि : पलानीस्वामी

**धर्मपुरी (तमिलनाडु), एजेंसी।** अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पाडी के. पलानीस्वामी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार जन सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है, और दावा किया कि सरकार ने स्वयं राज्य में लगभग 18,000 पॉक्सो मामलों के पंजीकरण को स्वीकार किया है। धर्मपुरी में रैली को संबोधित करते हुए, विधानसभा में विपक्ष के नेता ने अपने दावे के समर्थन में विधानसभा में महिला सशक्तीकरण मंत्री पी. गीता जीवन के बयान का हवाला दिया।

## एलडीएफ और सीएम विजयन पीएम मोदी की बी-टीम : प्रियंका

**तिरुवनंतपुरम/कोल्लम, एजेंसी**

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने बृहस्पतिवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बी-टीम होने और राज्य में सत्ता में बने रहने के लिए हताशा में भाजपा के साथ गुपचुप तरीके से हाथ मिलाने का आरोप लगाया। केरल विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के चुनाव अभियान के तहत तिरुवनंतपुरम के पुतनतोपु में एक नुक्कड़ सभा में प्रियंका ने आरोप लगाया कि मोदी ने पश्चिम एशिया संघर्ष के संबंध में अमेरिका और इजराइल के सामने झुककर ऐसी स्थिति पैदा कर दी है जहां भारत को भी अन्य देशों के साथ-साथ नुकसान उठाना पड़ेगा।



न्होंने आरोप लगाया कि हमारे प्रधानमंत्री कायर, बिना रीढ़ के और दबाव में हैं। हम हर दिन इसकी कीमत चुका रहे हैं क्योंकि उनमें भारत के लिए खड़े होने का साहस नहीं है...। उन्होंने तिरुवनंतपुरम के कोल्लम और कौडियार में यूडीएफ की जनसभाओं में अपने आरोपों को दोहराया। यह भी आरोप लगाया कि मोदी की नीतियों ने खाड़ी क्षेत्र में चल रहे संघर्ष के दौरान वहां फंसे भारतीयों को सुरक्षा और संरक्षा प्रदान नहीं की।

### राहुल गांधी ने जारी किया असम के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र

**बोकाजन (असम), एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें शासन और स्वास्थ्य सेवा जैसे 11 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यहां एक



चुनावी रैली में राहुल गांधी, कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। घोषणापत्र के 11 संकल्पों में शासन, पहचान, स्वास्थ्य सेवा, अवसंरचना विकास, औद्योगीकरण, कृषि, ग्रामीण और शहरी विकास, जलवायु परिवर्तन और सुरक्षित असम जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इससे पहले, कांग्रेस ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की यात्रा के दौरान 29 मार्च को 'पांच गारंटी' जारी की थीं।

# यशोदा और कृष्ण... राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 167.20 करोड़ रुपये में बिकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रख्यात भारतीय चित्रकार राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 'यशोदा और कृष्ण' बुधवार को मुंबई में सैफ्रोनआर्ट की स्प्रिंग लाइव नीलामी में रिकॉर्ड 167.20 करोड़ रुपये यानी 17,978,495 अमेरिकी डॉलर में बिकी। इसके साथ ही यह नीलामी में बिकने वाली आधुनिक भारतीय कला की अब तक की सबसे अधिक मूल्य वाली कृति बन गई है।

इस पेंटिंग ने पिछले साल एक नीलामी में 118 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत में बिकने वाली एमएफ हुसैन की अनाम (ग्राम यात्रा) पेंटिंग के बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। राजा रवि वर्मा की इस कृति का अनुमानित मूल्य 80-120 करोड़ रुपये था और इसे सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक डॉ. साइरस एस पूनावाला ने खरीद लिया।

## एमएफ हुसैन का रिकॉर्ड तोड़ा



### 1890 के दशक में बनी

1890 के दशक में बनाई गई यह कृति भगवान कृष्ण की बाल्यावस्था और माता यशोदा के मातृ प्रेम की एक सूक्ष्म व्याख्या प्रस्तुत करती है। इसे रवि वर्मा की सबसे महत्वपूर्ण और भावपूर्ण रचनाओं में से एक माना जाता है।

> प्रतिष्ठित पेंटिंग 'यशोदा और कृष्ण' को प्राप्त करने, संरक्षित करने और उसकी देखभाल करने का अवसर पाकर गर्व महसूस हो रहा है। यह राष्ट्रीय धरोहर समय-समय पर जनता के दर्शन के लिए उपलब्ध होने योग्य है। – **साइरस एस पूनावाला**

# सीएपीएफ विधेयक

## केंद्रीय बलों में नेतृत्व का सवाल

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) संशोधन विधेयक, 2026 हाल के दिनों में काफी विवाद का विषय रहा है। सरकार इसे केंद्रीय सशस्त्र बलों के बेहतर समन्वय और सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बता रही है, जबकि खुद सीएपीएफ के कई अधिकारी इसे अपने अधिकारों का हनन मान रहे हैं। विपक्षी दल भी उनका समर्थन कर रहे हैं। सीएपीएफ के अधिकारियों की सबसे बड़ी आपत्ति विधेयक के उस प्रावधान को लेकर है जिसमें भारतीय पुलिस सेवा के अफसरों को इन बलों का नेतृत्व देने का रास्ता साफ किया गया है। हाल ही में सीएपीएफ अधिकारियों की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दिए गए एक ज्ञापन में कहा गया था कि इस प्रावधान से वे अपनी ही सेवा में दोयम दर्जे के नागरिक बन जाएंगे। हालांकि, इसके बावजूद यह विधेयक राज्यसभा में पारित किया जा चुका है और उसे लोकसभा में रखा जाना है।



### सरकार की ओर से तर्क

- बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी जैसे बलों के लिए एक समान कानूनी ढांचा तैयार करना।
- नियमों में स्पष्टता लाने के लिए सशस्त्र बलों में भर्ती, पदोन्नति, वरिष्ठता और सेवा की अन्य शर्तों से जुड़ी विसंगतियों को दूर करना।
- आईपीएस अधिकारियों के पास राज्यों और केंद्र के बीच समन्वय का अनुभव होता है, जो आंतरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।
- सरकार का मानना है कि इससे कानूनी सुदृढ़ीकरण में मदद मिलेगी, सेवा संबंधी मामलों में होने वाली मुकदमेबाजी भी घटेगी।

### सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसले

- सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में सीएपीएफ अधिकारियों को ऑर्गनाइज्ड ग्रुप ए सर्विस का दर्जा देते हुए उन्हें नॉन-फंक्शनल फाइनेंशियल अपग्रेडेशन का लाभ देने का निर्देश दिया था ताकि उन्हें अन्य सिविल सेवाओं के समान वित्तीय लाभ मिलें।
- अदालत ने 2025 में निर्देश दिया था कि शीर्ष पदों पर आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को धीरे-धीरे कम किया जाए ताकि सीएपीएफ के अपने कैडर अधिकारियों को नेतृत्व करने और शीर्ष पदों तक पहुंचने के पर्याप्त अवसर मिले।

### विधेयक के मुख्य प्रावधान

- इसके तहत महानिदेशक और विशेष महानिदेशक जैसे 100% शीर्ष पद आईपीएस अधिकारियों के लिए आरक्षित किए गए हैं।
- अतिरिक्त महानिदेशक यानी एडीजी के कम से कम 67%, आईजी के 50% पद भी आईपीएस अफसरों के लिए सुरक्षित रहेंगे।
- केंद्र सरकार को इस विधेयक की धारा 3 के तहत सेवा शर्तों और भर्ती के नियम बनाने के लिए व्यापक अधिकार दिए गए हैं।
- विपक्ष ने कहा है कि न्यायपालिका के फैसलों को पलटा जा रहा है, वास्तविक मुद्दे सुलझाने के बजाय नौकरशाही नियंत्रण बढ़ाया है।

### विरोध के प्रमुख कारण

- आरोप है कि विधेयक लाकर कोर्ट का वह फैसला पलटा जा रहा है जिसमें आईपीएस कोटा कम करने को कहा गया था।
- सीएपीएफ अधिकारियों का कहना है कि वे कभी अपने बल के प्रमुख नहीं बन पाएंगे। इससे उनमें निराशा पैदा हो रही है।
- यह भी तर्क है कि जो अधिकारी दशकों से लड़ रहे हैं, वे बाहरी आईपीएस अधिकारियों की तुलना में बल को बेहतर समझते हैं।
- विपक्ष इसे संस्थागत अन्याय करार दे रहा है, जहां लड़ाई कैडर अधिकारी लड़ते हैं लेकिन कमान बाहर से थोपी जाती है।

**10 लाख** के लगभग कर्मचारी हैं भारत के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में, यह दुनिया के सबसे बड़े अर्द्धसैनिक बलों में से एक माना जाता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### उत्तरी इंडोनेशिया के जलक्षेत्र में भूकंप से उठीं सुनामी की लहरें

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के जलक्षेत्र में बृहस्पतिवार को आए भूकंप से सुनामी की छोटी लहरें उठीं, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और इमारतों को नुकसान पहुंचा। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप की तीव्रता 7.4 थी और इसका केंद्र मोलूका सागर में 35 किलोमीटर की गहराई पर था। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार, भूकंप के आधे घंटे से भी कम समय में कई निगरानी केंद्रों में सुनामी की लहरें दर्ज की गईं, जिनमें बिटुंग में आंठ इंच और पश्चिम हलमाहेरा में एक फुट ऊंची लहरें शामिल हैं।

### गायक जुबिन गर्ग की मौत मामले की जांच पूरी : सिंगापुर पुलिस

**सिंगापुर।** सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) ने पुष्टि की है कि 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में हुई गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में जांच पूरी हो गई है और इसमें किसी भी तरह की साजिश या आपराधिक कृत्य के सबूत नहीं मिले हैं। बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया कि सिंगापुर के 'कोरोनर्स एक्ट, 2010' के तहत एसपीएफ ने मामले की गहन जांच की, उपलब्ध सबूतों की पड़ताल की और सभी संबंधित गवाहों के बयान दर्ज किए। एसपीएफ ने कहा कि यह बयान मीडिया के सवालों के जवाब में जारी किया गया है और आमजन को ऐसी टिप्पणियां करने से बचने की सलाह दी गई है जो अदालत के फैसले या न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाती हों।

# ट्रंप ने ईरान के खतरे को खत्म बताया तो तेहरान ने मिसाइलें दागकर दिया जवाब

## इजराइल और खाड़ी देशों को निशाना बनाया, कहा- अभी हथियारों का पर्याप्त भंडार

**दुबई, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान का खतरा लगभग खत्म हो चुका है और युद्ध जल्द ही खत्म हो जाएगा लेकिन इसके बाद ईरान ने बृहस्पतिवार को इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर और मिसाइलें दागकर साफ किया कि वह फिलहाल अपने हमले रोकने नहीं जा रहा है।

ईरानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जुल्फिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि तेहरान के पास अभी काफी छिपे हुए हथियार, गोला-बारूद और उत्पादन सुविधाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा, जिन केंद्रों को आप निशाना बनाने का दावा करते हैं, वे महत्वहीन हैं और हमारा रणनीतिक सैन्य उत्पादन ऐसे स्थानों पर होता है जिनकी आपको कोई जानकारी नहीं है और आप वहां कभी नहीं पहुंच सकते। इससे पहले, ट्रंप ने जोर देकर कहा था कि इस जलडमरूमध्य को बलपूर्वक खोला जा सकता है लेकिन यह काम अमेरिका का नहीं है। अमेरिकी जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने होर्मुज से गुजरने वाले तेल पर निर्भर देशों से देर से सही, हिम्मत दिखाने और इसे अपने कब्जे में लेने की अपील की। ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई इतनी निर्णायक रही है कि सबसे शक्तिशाली देशों में से एक माने जाने वाले ईरान से अब वास्तव में कोई खतरा नहीं रहा। ईरान ने बृहस्पतिवार को ही ट्रंप के भाषण का दृढ़ता से जवाब दिया और इजराइल के साथ खाड़ी देशों पर कई मिसाइल हमले किए।

पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों और होर्मुज जलडमरुमध्य पर उसके नियंत्रण से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है, जिसका असर पश्चिम एशिया के साथ दुनियाभर में लगातार बढ़ता जा रहा है।



इजराइल के तेल अवीव में ईरान की मिसाइल गिरने के बाद उठता धुआं।

### अमेरिका से लड़ने के लिए 70 लाख ईरानी तैयार

**तेहरान।** ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालीबाफ ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि 70 लाख ईरानी किसी भी अमेरिकी जमीनी आक्रमण के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार हैं। कालीबाफ ने युद्ध की शुरुआत से ही अमेरिका को चुनौती देने वाली कई पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा की हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, एक हफ्ते से भी कम समय में पूरे देश में एक बड़ा अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 70 लाख ईरानी सामने आए और कहा कि वे हथियार उठाकर अपने देश की रक्षा के लिए तैयार हैं। सोशल मीडिया पर कई दिन से इस दावे के संबंध में पोस्ट की जा रही हैं। इस दावे का उल्लेख करने वाले कालीबाफ पहले उच्चस्तरीय अधिकारी हैं।

## जल्द से जल्द इराक छोड़ें सभी अमेरिकी नागरिक

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को इराक में मौजूद अपने नागरिकों से तुरंत देश छोड़ने की अपील की है।

- **अमेरिकी दूतावास ने अपील की, अगले 24 घंटों में बगदाद में हमलों की आशंका जताई**

दूतावास के बयान के अनुसार, ईरान समर्थक समूहों द्वारा मध्य बगदाद में स्थित विदेशी राजनयिक मिशनों पर हमले की धमकियों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। दूतावास ने कहा, ईरान से जुड़े इराकी आतंकवादी समूह अगले 24-48 घंटों के भीतर मध्य बगदाद में हमले कर सकते हैं। ईरान और उससे जुड़े आतंकवादी गुटों ने पूरे इराक में अमेरिकी नागरिकों और अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, जिनमें इराकी कुर्दिस्तान क्षेत्र भी शामिल है। बयान में चेतावनी दी गई है कि ईरान समर्थित ये आतंकवादी समूह इराक में अमेरिकी नागरिकों, व्यवसायों, विश्वविद्यालयों, राजनयिक मिशनों, ऊर्जा केंद्रों, होटलों और हवाई अड्डों को निशाना बना सकते हैं।

राजनयिक मिशन ने एक्स पर लिखा, इराकी सरकार अपने क्षेत्र में या वहां से होने वाले आतंकवादी हमलों को रोकने में विफल रही है। ईरान समर्थित आतंकवादी समूह इराकी सरकार से जुड़े होने का दावा कर सकते हैं। आतंकवादी ऐसे पहचान पत्र भी दिखा सकते हैं जिनसे वे इराकी सरकार के कर्मचारी प्रतीत होते हों।

# इजराइल के मृत्युदंड कानून के खिलाफ मुस्लिम देश एकजुट

**अबू धाबी, एजेंसी**

अरब और मुस्लिम देशों के एक शक्तिशाली गुट ने एकजुट होकर इजराइल के नवीनतम कानूनी कदम की तीखी निंदा की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अधिकृत पश्चिम तट में मृत्युदंड की शुरुआत बेहद गंभीर और खतरनाक है, जिसके क्षेत्रीय स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय कानून पर दूरगामी परिणाम होंगे।

संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, तुर्की, मिस्र, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब और कतर के विदेश मंत्रियों ने एक कड़े शब्दों वाले संयुक्त बयान में इजराइली संसद नेसेट के पारित कानून की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह प्रभावी रूप से फिलिस्तीनियों के खिलाफ मृत्युदंड का मार्ग प्रशस्त करता है और अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्र में भेदभाव को और गहरा करता है। मंत्रियों ने आगाह किया कि इस कदम से क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है, शांति स्थापित करने के लिए कि जा रहे कमजोर प्रयासों को और नुकसान पहुंचा सकता है और पहले से ही बदहाल हालात और ज्यादा खराब हो सकते हैं। उन्होंने इजराइल से संकट को बढ़ाने वाले उपायों को रोकने का आह्वान किया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से जवाबदेही सुनिश्चित करने और शांति बनाए रखने के प्रयासों को तेज करने का आग्रह किया।



- **क्षेत्रीय स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय कानून पर दूरगामी परिणाम की चेतावनी दी**
- **इजराइल ने हाल ही में फिलिस्तीनियों को मृत्युदंड देने का बनाया है कानून**

उल्लेखनीय है कि इजराइल की संसद नेसेट ने 31 मार्च को एक विवादास्पद विधेयक पारित किया है, जो आतंकी कृत्यों में इजराइलियों की हत्या के दोषी पश्चिम तट के फिलिस्तीनियों के लिए मृत्युदंड को अनिवार्य बनाता है। इस कानून के तहत सैन्य अदालतों में घातक आतंकवादी कृत्यों के दोषी पाए गए पश्चिम तट के निवासियों के लिए फांसी की सजा एक सामान्य सजा होगी। न्यायाधीश केवल अस्पष्ट रूप से परिभाषित विशेष परिस्थितियों में ही आजीवन कारावास की सजा दे सकते हैं। कानून के अनुसार, सजा सुनाए जाने के 90 दिनों के भीतर मृत्युदंड दिया जाना है।

### यूरोपीय देश और मानवाधिकार समूह पहले ही कर चुके हैं आलोचना

यूरोपीय देशों के साथ कई मानवाधिकार समूह और फिलिस्तीनी प्राधिकरण पहले ही दो अलग-अलग कानूनी व्यवस्था बनाने के लिए इस कानून की आलोचना कर चुके हैं। दरअसल पश्चिम तट के फिलिस्तीनियों पर सैन्य अदालतों में अनिवार्य मृत्युदंड के तहत मुकदमा चलाया जाएगा जबकि पूर्वी यरुशलम के फिलिस्तीनी निवासियों सहित इजराइली नागरिकों पर नागरिक अदालतों में उन कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जाएगा है जो काफी हद तक यहूदी अपराधियों को ऐसी सजाओं से बाहर रखते हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस कानून से लोकतांत्रिक सिद्धांतों को नुकसान पहुंचने का जोखिम है।

## जापान-फ्रांस ने परमाणु ऊर्जा सहयोग पर घोषणा पत्र पर किए हस्ताक्षर

**टोक्यो।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की जापान की दो दिवसीय यात्रा के दौरान दोनों देशों ने परमाणु ऊर्जा के विकास पर एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के साथ बुधवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में मैक्रों ने कहा, हमने नागरिक परमाणु ऊर्जा पर एक घोषणापत्र अपनाया है। परमाणु ऊर्जा कार्बन उत्सर्जन कम करने और संप्रभुता की रणनीति के केंद्र में है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दोनों देश संयुक्त परियोजनाओं के माध्यम से दोनों देश साझेदारी को विकसित करना जारी रखेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों को 2050 तक अगली पीढ़ी के परमाणु रिएक्टर मिलने की उम्मीद है। मैक्रों ने कहा, हमारी साझेदारी अंतरिक्ष क्षेत्र में भी जारी है।

- **मैक्रों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में जापान के साथ साझेदारी की घोषणा की**

फ्रांसीसी अंतरिक्ष कमान में एक जापानी अधिकारी भेजने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर के साथ यह एक नए स्तर पर पहुंच गई है। मैक्रों ने कहा कि दोनों देशों के पास इस क्षेत्र में सहयोग विकसित करने की महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं, विशेष रूप से रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल और छोटे रॉकेट के क्षेत्र में।

## आर्टेमिस-II चंद्र मिशन



### 32 मंजिला रॉकेट हुआ रवाना

नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से 32 मंजिला रॉकेट रवाना हुआ जहां इस नए युग की शुरुआत देखने के लिए हजारों लोग इकट्ठे हुए थे। आसपास की सड़कें और समुद्र तट भी लोगों से खचाखच भर गए जिससे अपोलो चंद्र अभियानों की याद ताजा हो गई।

### सबसे वैविध्यपूर्ण दल...

तीन अमेरिकी और कनाडा के एक यात्री के साथ यह ऐसा पहला दल है जिसमें पहली बार कोई महिला, गैरश्वेत कोई व्यक्ति और कोई गैर अमेरिकी नागरिक नासा के नए ओरियन कैप्सूल में सवार हुए।

## चलो चांद पर चलें.... 50 साल बाद चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुआ नासा का मिशन

**केप कैनवेरल।** अमेरिका से बुधवार को चार अंतरिक्ष यात्री चांद की ओर रवाना हुए। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के इस मिशन के तहत करीब 50 बाद चांद पर इंसान अपने कदम रखने जा रहे हैं। नासा दो साल से इस मिशन की तैयारी कर रहा था। आर्टेमिस 2 के कमांडर रीड वाइजमैन ने 'चलो चांद पर चलते हैं!' के घोष के साथ अंतरिक्ष की ओर इस अभियान की अगुवाई की। उनके साथ पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन थे। यह चांद पर स्थायी मौजूदगी स्थापित करने की दिशा में नासा का अब तक का सबसे बड़ा कदम है।



### 6,400 किलोमीटर... अंतरिक्ष में सबसे दूर तक जाने का रिकॉर्ड बनाएगा यह मिशन

अंतरिक्ष यात्री अपनी 10 दिवसीय परीक्षण उड़ान के पहले 25 घंटे पृथ्वी के करीब ही रहेंगे, पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में कैप्सूल की जांच करेंगे और फिर मुख्य इंजन को चालू करेंगे जो उन्हें चंद्रमा तक ले जाएगा। वे न तो चंद्रमा पर रुकेंगे और न ही उसकी परिक्रमा करेंगे, जैसा कि अपोलो 8 के पहले चंद्रयात्रियों ने 1968 की क्रिसमस की पूर्व संध्या पर किया था। उनका कैप्सूल चंद्रमा के पास से गुजरेगा और उससे 6,400 किलोमीटर आगे बढ़ने के बाद यू-टर्न लेकर सीधे प्रशांत महासागर में उतरेगा। इसी के साथ वे सबसे दूर तक जाने वाले इंसान बन जाएंगे।

## बैंक घोटाला मामले में विधायक को तीन साल की सजा

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली की विशेष एमपीएमएलए अदालत ने लगभग 25 वर्ष पुराने बैंक घोटाले एवं भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में मध्यप्रदेश के दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।


अदालत ने सजा सुनाने के साथ राजेंद्र भारती और एक अन्य आरोपी को 4.50 लाख रुपये के निजी मुचलके पर 60 दिन की अपील अवधि तक अंतरिम जमानत भी दी है। आरोपियों पर बैंक से जुड़े लेनदेन में अनियमितता, फर्जी दस्तावेज तैयार कर आर्थिक लाभ लेने और आपराधिक साजिश रचने के आरोप थे। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोप सिद्ध मानते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471, 409 एवं 120-बी के तहत दोषसिद्धि दर्ज की।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

- **मेष** – आज कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। धन लाभ संभव। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी। चित्रा नक्षत्र सृजनात्मकता बढ़ाएगा।
- **तुला** – आज संचार माध्यमों से लाभ होगा। व्याघात योग सावधानी बरतें। अपने लक्ष्यों को लेकर अत्यधिक भावुक हो सकते हैं।
- **वृष** – आज उधार दिया धन वापस मिलने का संभावना है। पारिवारिक सुख मिलेगा। मंगल गोचर से यात्रा लाभदायक है। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।
- **वृश्चिक** – आज कर्मफल सिद्धि। शनि दृष्टि से पुराने विवाद समाप्त होंगे। बच्चों की समस्याओं पर आपको ध्यान देना चाहिए।
- **मिथुन** – आज बौद्धिक कार्य सफल। गुरु की दृष्टि से शिक्षा-प्रतियोगिता में विजय मिलेगी। व्यापार में नई योजनाएं लागू करेंगे।
- **धनु** – आज आप धार्मिक यात्रा करेंगे। गुरु स्वगृही ज्ञानार्जन शुभ होगा। आपके ऊपर नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं।
- **कर्क** – आज रिश्तों में भावनात्मक स्थिरता रहेगी। चंद्र कन्या से वित्तीय योजना शुभ होगी। कार्यक्षेत्र पर अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।
- **मकर** – आज स्थिरता रहेगी। मीन भाव ग्रहों से भावनात्मक संतुलन आवश्यक। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध मधुर रखें।
- **सिंह** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शुक्र प्रभाव से सौंदर्य-वस्त्र खरीदना उत्तम रहेगा। बेरोजगारों को जॉब मिल सकती है।
- **कुंभ** – आज मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापारिक निर्णय सफल होंगे। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा।
- **कन्या** – आज व्यापार विस्तार का योग है। चंद्र स्वराशि सर्वत्र विजय। सरकारी कार्यों में धीमापन रहेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।
- **मीन** – आज मंगल-शनि-सूर्य स्वराशि चरम ऊर्जा रहेगी। नवीन उद्यम प्रारंभ करना शुभ रहेगा। व्यर्थ की बातों में समय बर्बाद न करें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 3 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा 08.42 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत। **चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। **ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**-चित्रा 19.25 तक तत्पश्चात स्वाती।

### सुडोकू - 107 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 | 8 |

### सुडोकू -108

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 7 | | | | 1 | |
| 8 | | | | 4 | | | 2 | |
| 9 | | 5 | | | | 3 | | 6 |
| | 3 | | | 9 | 5 | | 8 | |
| 6 | | | 3 | | | | | 7 |
| | 4 | | 8 | 1 | | | 5 | |
| 3 | | 2 | | | | 5 | | 1 |
| | 8 | | | 3 | | | | 4 |
| | 1 | | | | 6 | 9 | | |

## अमेरिका के नेब्रास्का राज्य ने दी दीपावली उत्सव को मान्यता

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के नेब्रास्का राज्य की विधायिका ने दीपावली उत्सव को मान्यता देने का प्रस्ताव पारित किया है, जिसे सिएटल स्थित भारतीय मिशन ने राज्य के हिंदू समुदाय के लिए एक 'ऐतिहासिक' कदम बताया है। यह प्रस्ताव राज्य सीनेटर जॉन फ्रेडरिकसन ने प्रायोजित किया था और 31 मार्च को स्पीकर जॉन आर्च ने इस पर हस्ताक्षर किए। सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि इस प्रस्ताव को अपनाना अमेरिका के भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक घटना है।

**नाता प्रथा** | राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आरटीआई आवेदन पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को दिए निर्देश

# स्टांप पेपर पर लड़कियों को बेचने की रिपोर्ट सार्वजनिक करें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लड़कियों को शादी के नाम पर स्टांप पेपर या अनौपचारिक समझौतों के माध्यम से बेचे जाने वाली नाता प्रथा एक बार फिर जांच के दायरे में है। केंद्रीय सूचना आयोग ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को सौंपी गई कार्रवाई रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है।

सूचना आयुक्त पीआर रमेश ने हाल ही में जारी एक आदेश में कहा कि मंत्रालय को सूचना के



अधिकार (आरटीआई) अनुरोध पर पुनर्विचार करना चाहिए और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के साथ साझा की गई कार्रवाई रिपोर्ट को उपलब्ध कराना चाहिए, हालांकि छूट प्राप्त हिस्सों को हटा दिया जाए। इसके साथ केंद्रीय सूचना आयोग ने अपीलकर्ता की ओर से मांगी गई अन्य जानकारी को अस्वीकार करने के फैसले को बरकरार रखा। आरटीआई आवेदन में मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना आयोग और राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश व गुजरात राज्यों के बीच हुए पत्राचार की प्रतियां तथा कार्रवाई रिपोर्ट जारी करने का अनुरोध किया गया था।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने छह जून, 2024 को जारी एक बयान में इस प्रथा को गंभीर बताते हुए इसे सामाजिक बुराई करार दिया था। आयोग ने कहा था, वह नाता प्रथा को गंभीर मानता है, जिसके तहत कुछ समुदायों में लड़कियों को शादी के नाम पर स्टांप पेपर पर या किसी अन्य तरीके से बेचा जाता है। राजस्थान के कुछ हिस्सों और मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश व गुजरात के आसपास के इलाकों में इस प्रथा की कोई कानूनी मान्यता नहीं है। आयोग ने इस प्रथा को अनैतिक व दुराचारी बताते हुए इसके उन्मूलन की मांग की थी।

### पिता ने ढाई लाख में बेचा, पूरे पैसे नहीं मिले तो वापस लाकर कर दी दूसरी शादी, लड़की ने कर ली आत्महत्या

मानवाधिकार आयोग ने राजस्थान में एक नाबालिग लड़की के पिता की ओर से नाता प्रथा के तहत ग्रामीणों की उपस्थिति में परिवारों के बीच हुए समझौते के माध्यम से 2.5 लाख रुपये में उसकी शादी कराने के मामले का हवाला दिया। शुरू में 60,000 रुपये का भुगतान किया गया था लेकिन शेष राशि नहीं चुकाई गई, जिसके बाद पिता लड़की को वापस ले आया और 32,000 रुपये में उसका नाता दूसरे आदमी से कर दिया। लड़की ने इस व्यवस्था का विरोध किया और पहले वाले आदमी के साथ रहने के लिए लौट गई। बाद में उसने अपने पिता की ओर से उत्पीड़न का आरोप लगाया और जून 2020 में आत्महत्या कर ली।



"आईपीएल का यह सत्र मोहम्मद शमी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और जिस तरह से उन्होंने दिल्ली के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की उससे पता चलता है कि वह पूरी तरह से तैयार हैं।
–चेतेश्वर पुजारा

स्टेडियम
कानपुर, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026
अमृत विचार
www.amritvichar.com

# सनराइजर्स ने ठोका सत्र का सर्वोच्च स्कोर, केकेआर को दिया 227 का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : अभिषेक शर्मा और हेनरिच क्लासेन ने खेलीं तूफानी पारियां

**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
पंजाब किंग्स

**समय** - शाम 7:30 बजे



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते अभिषेक शर्मा। एजेंसी

**कोलकाता, एजेंसी**

ब्लेसिंग मुजरबानी ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए चार विकेट झटके, लेकिन हेनरिच क्लासेन के जुझारू अर्धशतक की बदौलत सनराइजर्स ने बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मुकाबले में आठ विकेट पर 226 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।

ट्रैविस हेड ने 21 गेंदों पर 46 रन की विस्फोटक पारी खेलकर लय में वापसी की, जबकि अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में 48 रन ठोके। दोनों ने पहले विकेट के लिए महज 34 गेंदों में 82 रन की शानदार साझेदारी से एक बार फिर टीम को विस्फोटक शुरुआत दिलाई। कप्तान अजिंक्य रहाणे के गेंदबाजी करने के फैसले के बाद केकेआर के अनुभवहीन आक्रमण के खिलाफ हैदराबाद ने शुरुआत में ही लगभग 15 रन प्रति ओवर की रफ्तार से रन बनाकर लय पकड़ ली। कार्तिक त्यागी ने छठे ओवर में खतरनाक हेड को आउट कर इस आक्रामक साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद मुजरबानी ने तीन गेंदों में दो विकेट लेकर मैच का रुख पलटने की कोशिश की। उन्होंने कप्तान इशान किशन (14) और क्रीज पर समय बिता चुके अभिषेक को पवेलियन भेजा। सनराइजर्स की टीम आठ ओवर में एक विकेट पर 110 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में थी, लेकिन इसके बाद उनकी पारी अचानक लड़खड़ा गई। टीम ने महज सात रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिए। छठे गेंदबाजी विकल्प स्पिनर अनुकूल रॉय ने अनिकेत वर्मा (एक) को आउट कर सनराइजर्स पर दबाव और बढ़ा दिया। सनराइजर्स ने सात गेंदों में तीन विकेट खो दिए। बाउंड्री रुकने और रनगति धीमी पड़ने के बीच क्लासेन और नीतिश कुमार रेड्डी (39) को पारी संभालनी पड़ी। दोनों ने 53 गेंद में 82 रन की साझेदारी कर आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की नींव रखी। वैभव अरोड़ा ने 19वें ओवर में रेड्डी का विकेट लेकर हैदराबाद की रफ्तार पर अंकुश लगाया, लेकिन क्लासेन के संयमित अर्धशतक ने टीम को 220 के पार पहुंचा दिया। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज मुजरबानी ने अंतिम ओवर में क्लासेन (35 गेंदों में 52) और शिवांग कुमार (चार) के विकेट लेकर अपने आंकड़े 41 रन पर चार विकेट कर लिए। इससे पहले शुरुआत में चार गेंदों में एक रन बनाने वाले हेड ने जल्द ही तेवर बदलते हुए अगली नौ गेंदों में पांच चौके और दो छक्के जड़कर पावरप्ले में रनगति करीब 15 प्रति ओवर पहुंचा दी। वैभव अरोड़ा ने उन्हें पैर के पास गेंदबाजी कर रोकने की कोशिश की, लेकिन हेड पूरी लय में नजर आए। अच्छी उछाल और गति वाली पिच पर गेंद आसानी से बल्ले पर आ रही थी और हेड ने स्क्वायर लेग के ऊपर शानदार छक्का लगाया। केकेआर के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण की कलई एक बार फिर खुल गयी। सुनील नारायण को जल्दी गेंदबाजी पर लाया गया और एक मौका भी बना, लेकिन कप्तान रहाणे कैच तक नहीं पहुंच सके। हेड शुरुआती ओवरों में हावी रहे, वहीं अभिषेक ने संयम दिखाने के बाद वरुण चक्रवर्ती के खिलाफ एक ओवर में तीन चौके और एक छक्का जड़कर टीम को पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 71 रन तक पहुंचा दिया। चक्रवर्ती ने अपने पहले ओवर में 25 रन लुटाए। इसके बाद इशान किशन ने भी कार्तिक त्यागी पर लगातार तीन चौके जड़कर आक्रामकता जारी रखी। नौवें ओवर में हालांकि मुजरबानी को गेंद सौंपने का फैसला निर्णायक साबित हुआ।



ईशान किशन का विकेट लेने के बाद साथियों के साथ जश्न मनाते कोलकाता नाइट राइडर्स के ब्लेसिंग मुजरबानी। एजेंसी

**सनराइजर्स हैदराबाद**

**226/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ट्रैविस हेड का ग्रीन बो त्यागी | 46 |
| अभिषेक का चक्रवर्ती बो मुजरबानी | 48 |
| ईशान किशन का रिंकू बो मुजरबानी | 14 |
| क्लासेन का रमनदीप बो मुजरबानी | 52 |
| अनिकेत वर्मा का रिंकू बो अनुकूल | 01 |
| नीतिश कुमार का चक्रवर्ती बो वैभव | 39 |
| सलील अरोड़ा बो वैभव | 00 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 09 |
| शिवांग कुमार का रहाणे बो मुजरबानी | 04 |

**गेंदबाजी :** वैभव 4-0-47-2, मुजरबानी 4-0-41-4, नारायण 4-0-39-0, चक्रवर्ती 2-0-31-0, त्यागी 4-0-48-1, अनुकूल 2-0-16-1

### ऑरेंज कैप






ईशान किशन
हैदराबाद 94 रन
रियन रिकलटन
मुंबई 81 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 78 रन

### पर्पल कैप




ब्लेसिंग मुजरबानी
केकेआर 4 विकेट
जैकब डफी
आरसीबी 3 विकेट
टी नटराजन
दिल्ली 3 विकेट



**200** वां आईपीएल मैच कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने खेला, यह उपलब्धि को हासिल करने वाले वो 11वें खिलाड़ी बन गए

**82** रनों की पहले विकेट के लिए शानदार साझेदारी महज 34 गेंदों में ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ने की

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | दिल्ली कैपिटल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1.397 |
| 4. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 5. | पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.509 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 7. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.687 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.397 |
| 9. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.907 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |

## हाईलाइट

### फीफा ने विश्व कप फाइनल के टिकटों की कीमत बढ़ाई

**ज्यूरिख।** फीफा ने 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट की 48 टीमों के तय हो जाने के बाद फाइनल के लिए टिकट की अधिकतम कीमत बढ़ाकर 10,990 अमेरिकी डॉलर कर दी है। दिसंबर में टूर्नामेंट के ड्रॉ के बाद जब फीफा ने टिकट बेचे थे तब श्रेणी एक के टिकट की कीमत 8,680 डॉलर थी। न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड स्थित मेटलाइफ स्टेडियम में 19 जुलाई को होने वाले फाइनल मैच के लिए फीफा के श्रेणी दो के टिकटों की कीमत 7,380 डॉलर कर दी गई है, जो पहले 5,575 डॉलर थी। इसी तरह से श्रेणी तीन के टिकटों की कीमत 5,785 डॉलर कर दी गई है जो पहले की कीमत से 4,185 डॉलर अधिक है।बुधवार रात तक ग्रुप चरण के 72 मैचों में से 17 मैचों के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध थे, जबकि नॉकआउट चरण के किसी भी मैच के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं थे।

### इटली के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष का इस्तीफा

**रोम।** इटली के लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के दो दिन बाद देश के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष गैब्रिएल ग्रेविना ने बृहस्पतिवार को राजनीतिक दबाव के बीच इस्तीफा दे दिया। ग्रेविना के इस फैसले के बाद संभवत: इटली के कोच गेनारो गट्टूसो को भी पद से हटाया जा सकता है। विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में लगातार दो बार विफल रहने के बाद खेल मंत्री एंड्रिया अबोदी ने ग्रेविना के नेतृत्व वाले इटली के फुटबॉल महासंघ में बदलाव की मांग की थी। क्वालीफाइंग प्लेऑफ में मंगलवार को बोस्निया एवं हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हार के बाद उत्तरी अमेरिका में होने वाले इस साल के टूर्नामेंट में इटली के पहुँचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।

### अब्दुरहीमान बोले- अर्जेंटीना की टीम ने दिया धोखा

**मलप्पुरम (केरल)।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने गुरुवार को कहा कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने पैसे लेने के बावजूद यहां मैच खेलने के लिए नहीं आकर राज्य को धोखा दिया। अब्दुरहीमान ने कहा कि वह वास्तव में चाहते थे कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम और लियोनेल मेसी केरल आएं और राज्य में एक मैच खेलें। उन्होंने यहां एक टीवी चैनल से कहा इसके लिए मैंने कई बार बातचीत की थी। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टीम को देने के लिए 250 करोड़ रुपये की धनराशि जुटाने के लिए प्रायोजक ढूंढना आसान काम नहीं था। अब्दुरहीमान ने कहा लेकिन पैसे मिलने के बावजूद अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने हमें धोखा दिया।

# पंजाब के खिलाफ लय हासिल करने उतरेगा चेन्नई

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अपना घरेलू मैदान मजबूत गढ़ रहा है, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले आईपीएल के मैच में जीत हासिल करने के लिए उसे खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में शुरुआत निराशाजनक रही थी। युवा खिलाड़ियों से भरी उसकी टीम गुवाहाटी में किसी भी विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। सीएसके अब उस हार को भुलाकर नए सिरे से अपना अभियान शुरू करने की कोशिश करेगा।

हाल ही में हुए टी20 विश्व कप के दौरान चेन्नई की पिच के व्यवहार को को देखते हुए यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होना चाहिए। सीएसके के स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी गुवाहाटी नहीं गए थे क्योंकि वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। उनका हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान डगआउट में रहने की संभावना है जिससे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को काफी फायदा मिलेगा। संजू सैमसन सीएसके के लिए अपने पहले मैच में खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे और वह इसकी भरपाई करने के लिए बेताब होंगे।

सीएसके को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की सेवाएं नहीं मिल पाई थी और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह साइड स्ट्रेन से पूरी तरह उबर चुके हैं या नहीं। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के नहीं चल पाने के कारण सरफराज खान को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतारा गया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए हालांकि वह सहज नजर आ रहे थे। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ-साथ कार्तिक शर्मा जैसे युवा खिलाड़ियों से और अधिक उम्मीदें की जाएंगी। गेंदबाजी की बात करें तो वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी के आगे मैट हेनरी और नूर अहमद जैसे गेंदबाज फीके पड़ गए। वे इससे उबरने के लिए बेताब होंगे। जहां तक पंजाब किंग्स का सवाल है तो उसने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत हासिल की। उसे ऑस्ट्रेलिया के कूपर कॉनॉली के रूप में तीसरे नंबर का भरोसेमंद बल्लेबाज मिल गया है। उन्होंने पिछले मैच में टीम को खराब शुरुआत से उबारकर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पंजाब किंग्स की गेंदबाजी भी मजबूत नजर आ रही है।

**टीम**

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, मुशीर खान, प्रवीण दुबे, विशाल निशाद, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, पाइला अविनाश, शशांक सिंह।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रामकृष्ण घोष, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, खलील अहमद, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जकारी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, सरफराज खान, आयुष म्हात्रे।



अभ्यास सत्र के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धोनी। एजेंसी

# हर क्रिकेटर को बचपन से ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए: युवराज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय हरफनमौला युवराज सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि क्रिकेटरों को अपने मुख्य पेशे के तनाव से निपटने के लिए कम उम्र से ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए। युवराज क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद शौकिया तौर पर गोल्फ खेलते हैं। उन्हें दूसरे 'इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल)' का ब्रांड दूत बनाया गया है।

युवराज ने आईजीपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के अनावरण के मौके पर कहा क्रिकेटरों को क्रिकेट के साथ-साथ गोल्फ भी खेलना चाहिए। मुझे भी पहले गोल्फ खेलना चाहिए था, जिससे मुझे क्रिकेट में मदद मिलती। गोल्फ वास्तव में आपको तनाव से मुक्ति दिलाता है। आईजीपीएल का कार्यक्रम अभी तय होना बाकी है।

उन्होंने कहा ज्यादातर विदेशी क्रिकेटर, खासकर ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी बचपन से ही गोल्फ खेलते हैं। युवराज ने कहा कि गोल्फ को एक विशिष्ट खेल माना जाता है, लेकिन यह एक ऐसा खेल है जो सार्वजनिक गोल्फ कोर्स के माध्यम से सभी के लिए सुलभ है। उन्होंने कहा हम गोल्फ को एक विशिष्ट खेल मानते हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि भारत का हर बच्चा गोल्फ खेले। हम गोल्फ को स्कूलों तक पहुँचाने की कोशिश कर रहे हैं। मेरा मानना है कि हर बच्चे को हर खेल को आजमाना चाहिए। युवराज ने कहा मैं जानता हूं कि क्रिकेट हमारा सबसे लोकप्रिय खेल है, लेकिन गोल्फ भी एक रोमांचक खेल है, जिसे हर किसी को आजमाना चाहिए। भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ी के तौर पर, मैं अन्य खेलों में भी योगदान देना चाहता हूं। उन्होंने कहा यह लीग (आईजीपीएल) खेल को रोमांचक बनाएगी और खेल के बारे में जागरूकता फैलाएगी।




न्यूयॉर्क में फ्रेंचाइजी लाइन-अप के अनावरण के दौरान इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग के को-फाउंडर और ब्रांड एंबेसडर युवराज सिंह (दाएं से दूसरे), पूर्व टेनिस खिलाड़ी और फ्रेंचाइजी के मालिक लिएंडर पेस (बाएं से दूसरे)। एजेंसी

# चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने से मुझे आत्मविश्वास मिला : रिजवी

**लखनऊ, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स के युवा बल्लेबाज समीर रिजवी ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के मौके का पूरा फायदा उठाया और अब उनका ध्यान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने पर है। रिजवी ने अपने कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वह 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे।

दिल्ली की टीम ने 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट 26 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद रिजवी ने जिम्मेदारी संभाली और 47 गेंद पर नाबाद 70 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स (32 गेंदों पर नाबाद 39 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 119 रन की अटूट साझेदारी की।



रिजवी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा कोच ने मुझे पहले ही बता दिया था कि तुम नंबर चार पर खेलोगे और हम तुम्हारा साथ देंगे। बस अपना स्वाभाविक, सकारात्मक खेल खेलो।उन्होंने कहा जब भी मैं उत्तर प्रदेश के लिए या यूपीटी20 लीग में खेलता हूं तो चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करता हूं। अगर आपको आईपीएल में भी उसी नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका मिले तो इससे काफी आत्मविश्वास मिलता है। यह मेरे लिए एक बड़ा अवसर है और कोच भी मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आजादी दे रहे हैं। इसलिए, मैं इन अवसरों को भुनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। रिजवी ने कहा मैंने अभी तक आईपीएल में ज्यादा मैच नहीं खेले हैं लेकिन मैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करूंगा और इस पारी को भूलकर अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करूंगा। आईपीएल में रिजवी का यह लगातार दूसरा अर्धशतक था।

**आलोचना** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान की बल्लेबाजी पर उठाए सवाल

# क्या ऋषभ पंत वास्तव में सलामी बल्लेबाज हैं : पीटरसन



**मुंबई, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा है कि शीर्ष तीन में खेलने से यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज अपने खेल का आनंद लेने के बजाय खुद पर दबाव बना रहा है।

पंत दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलने के लिए उतरे और केवल सात रन बनाकर रन आउट हो गए। दिल्ली ने यह मैच छह विकेट से जीता। लखनऊ की हार के बाद पंत ने कहा था कि वह इस सत्र में शीर्ष क्रम में खेलने की योजना बना रहे हैं लेकिन पीटरसन ने कहा कि इससे वह अपने खेल का आनंद नहीं ले पाएंगे। पीटरसन ने जिओ हॉटस्टार से कहा जब आप लखनऊ की टीम की बल्लेबाजी की ताकत और गहराई को देखते हैं तो तब सवाल उठता है कि क्या ऋषभ पंत वास्तव में सलामी बल्लेबाज हैं। मुझे लगता है कि पिछले साल की तुलना में उन्हें इस साल बल्लेबाजी क्रम में कुछ ज्यादा ही ऊपर भेज दिया गया है। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा पिछले साल उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में नीचे खेलने का फैसला किया और अब वह अचानक से कह रहे हैं कि ''मैं शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करूंगा। मुझे लगता है कि उन्हें बस मैदान पर जाकर अपने खेल का आनंद लेना चाहिए। पीटरसन ने कहा कि पंत बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आकर खुद पर और अधिक दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने कहा खुद को नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने के लिए मजबूर मत करो, उस स्थिति का आनंद लो। मुझे लगता है कि पंत सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरकर खुद पर दबाव डाल रहे हैं। पिछले सत्र तक दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग स्टाफ का सदस्य रहे पीटरसन ने समीर रिजवी की जमकर तारीफ की जिन्होंने नाबाद अर्धशतक लगाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पीटरसन ने कहा उन्होंने स्थिति का बखूबी सामना किया और मुझे इससे किसी तरह की हैरानी नहीं हुई।



### शमी की वापसी के लिए यह तो बस शुरुआत है : पुजारा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में अच्छी गेंदबाजी करने वाले मोहम्मद शमी की तारीफ करते हुए कहा कि इस तेज गेंदबाज की वापसी की राह में यह तो बस शुरुआत है। भारतीय टीम से बाहर चल रहे शमी को लखनऊ ने 10 करोड रुपए में खरीदा। शमी ने लखनऊ की तरफ से पदार्पण करते हुए अपनी पहली गेंद पर ही केएल राहुल को आउट कर दिया था और इस तरह से वह आईपीएल इतिहास में पांच बार पहली गेंद पर विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं।